सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.4 न्यू | 23.0 अधि |
| धर्मशाला | 17.8 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,922 |
| निफ्टी | 24,005 |

सोना 1,43,000 चांदी 2,25000

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 3 जुलाई 2026 | 19 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 185, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

# समाज की सुरक्षा और सेवा के लिए हर समय तत्पर है पुलिस : एसपी बलवीर सिंह

## हमीरपुर में धूमधाम से आयोजित हुआ तीसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2026' समारोह

## मुख्यातिथि ने 25 से ज्यादा कर्मचारियों को दिया अनंत पुलिस प्राइड, मुहिम को बताया प्रेरणादायी पहल

## बोले-प्रिंट मीडिया की चुनौतियों के बावजूद निष्पक्ष पत्रकारिता के साथ 'अनंत ज्ञान' निभा रहा है सामाजिक दायित्व

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से तीसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2026' समारोह बुधवार को जिला मुख्यालय हमीरपुर के बाईपास रोड स्थित बसंत रिसॉर्ट में गरिमापूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक (एसपी) बलवीर सिंह ने उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 25 से अधिक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर पर एसपी बलवीर सिंह ने कहा कि पुलिस हर परिस्थिति में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती है। चाहे सड़क दुर्घटना हो, प्राकृतिक आपदा हो या कानून-व्यवस्था की चुनौती, पुलिस सबसे पहले मौके पर पहुंचकर लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि पुलिस समाज के प्रत्येक वर्ग की सुरक्षा और सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने अनंत ज्ञान की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने पुलिस के उत्कृष्ट कार्यों को पहचान देकर सराहनीय पहल की है। इससे पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। हिमाचल पुलिस इस सम्मान अभियान की प्रशंसा करती है। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से अनंत ज्ञान से जुड़े हैं तथा धर्मशाला में आयोजित इसी तरह के कार्यक्रम के भी साक्षी रह चुके हैं। उन्हें अनंत ज्ञान की प्रिंटिंग प्रेस देखने का भी अवसर मिला है।

एसपी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रिंट मीडिया अनेक चुनौतियों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। इसके बावजूद अनंत ज्ञान ने अपनी मेहनत, निष्पक्षता और विश्सनीय पत्रकारिता के बल पर समाचार जगत में अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष मीडिया ही समाज के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों को सामने लाकर जन-जन की आवाज बन सकता है तथा सरकारों के कार्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न अभियानों में सक्रिय भागीदारी अनंत ज्ञान की दूरदृष्टि और सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

समारोह में डीएसपी नितिन चौहान और हरीश गुलेरिया, एसएचओ हमीरपुर कुलवंत सिंह, नादौन निर्मल सिंह, बड़सर गुरबख्श चौधरी, भोरंज अजैब सिंह, सुजानपुर प्रकाश ठाकुर तथा महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रिया सहित पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के एमडी पंकज लखनपाल, उद्योगपति पवन वालिया, सुभाष ठाकुर सहित कई गणमान्य नागरिकों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर अनंत ज्ञान के सीईओ विशाल धीमान ने संस्थान की उपलब्धियों, विकास यात्रा और विभिन्न सामाजिक अभियानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में डायरेक्टर प्रतिभा धीमान तथा संपादक समरजीत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।




हमीरपुर के बसंत रिसॉर्ट में आयोजित तीसरे 'अनंत पुलिस प्राइड-2026' समारोह में सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मचारी मुख्यातिथि एसपी बलवीर सिंह के साथ सामूहिक चित्र में। साथ है अनंत ज्ञान की टीम।

### स्थानीय कलाकारों को अधिक मंच मिलना चाहिए

**एसपी** बलवीर सिंह ने सफल आयोजन के लिए हमीरपुर पुलिस की ओर से अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले स्थानीय कलाकारों की भी सराहना करते हुए कहा कि ये कलाकार हिमाचली संस्कृति और लोक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के आयोजनों में बाहरी राज्यों के कलाकारों पर लाखों रुपए खर्च करने के बजाय स्थानीय प्रतिभाओं को अधिक अवसर और मंच दिए जाने चाहिए, ताकि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिल सके।

### बॉबी शर्मा, साहिल और जोगिंद्र बल्ला ने बांधा समां

**सांस्कृतिक** कार्यक्रमों ने समारोह में आकर्षण का विशेष केंद्र बनाया। हिमाचली लोक गायिका राज कुमारी (बॉबी शर्मा), मंच संचालक एवं गायक साहिल पठानिया, रिदिम डांस ग्रुप के संचालक मास्टर काकू तथा 30 से अधिक पहाड़ी लोकगीतों और भजनों की एलबमों के लिए प्रसिद्ध लोक गायक जोगिंद्र बल्ला ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कलाकारों के गीतों पर उपस्थित अतिथि भी झूमते और नृत्य करते नजर आए।

## न्यूज शॉर्ट्स

### नेपाल में पेट्रोल 20 और डीजल 30 रुपए हुआ सस्ता




**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल ऑयल निगम ने पेट्रोलियम पदार्थों के खुदरा मूल्य में भारी कटौती की है। निगम के अनुसार नई कीमतें बुधवार देर रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। इसके तहत पेट्रोल की कीमत में प्रति लीटर 20 रुपए, डीजल और मिट्टी तेल में 30 रुपए प्रति लीटर की कमी की गई है। वहीं, घरेलू हवाई ईंधन में 40 रुपए और अंतरराष्ट्रीय हवाई ईंधन के लिए काठमांडू में प्रति किलोलीटर 265 अमेरिकी डॉलर की कटौती की गई है।इसके अलावा खाना पकाने वाली गैस भी प्रति सिलेंडर 100 रुपए सस्ती कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)


### अमेरिका में गुजरात के 3 लोगों की मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स के वॉर्सेस्टर शहर में नाडियाड के रहने वाले एक गुजराती परिवार के तीन सदस्यों की होटल में आग लगने से मौत हो गई। परिवार 'इकोनो लॉज' में ठहरा था। घटना की सूचना मिलते ही नाडियाड में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों की पहचान हितेश सुथार, हिनाबेन और ईशानी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नाडियाड के रहने वाले थे। सुथार अपनी पत्नी हिनाबेन और 20 साल की बेटे ईशानी के साथ पिछले दो सालों से अमेरिका में रह रहे थे। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में करुणामूलक नौकरी का एक और मौका

## पुराने खारिज मामलों की फिर होगी जांच, सरकार ने 31 दिसंबर तक मांगे नए आवेदन

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** वर्षों पहले करुणामूलक नौकरी की उम्मीद टूट जाने वाले कई परिवारों के लिए हिमाचल की सुक्खू सरकार ने एक बार फिर दरवाजा खोल दिया है। राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि जिन मामलों को पहले केवल आर्थिक रूप से जरूरतमंद नहीं मानने के आधार पर खारिज किया गया था, उनकी दोबारा जांच की जाएगी। यह सुविधा केवल एक बार के विशेष प्रावधान के तहत मिलेगी। वित्त विभाग की ओर से जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार पात्र आश्रितों को 31 दिसंबर 2026 तक संबंधित विभाग में नया आवेदन देना होगा। तय समय सीमा के बाद किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि करुणामूलक नियुक्ति किसी का अधिकार नहीं है। इसका उद्देश्य केवल उन परिवारों को राहत देना है, जिनके सरकारी कर्मचारी की सेवा के दौरान मृत्यु हो गई और परिवार आर्थिक कठिनाई में जीवन बिता रहा है। सरकार के अनुसार कई आश्रित लगातार यह आग्रह कर रहे थे कि आवेदन खारिज होने के बाद भी उनकी आर्थिक स्थिति नहीं सुधरी है। इसे देखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे मामलों में वर्तमान आर्थिक स्थिति के आधार पर फिर से जांच की जाएगी। नया आवेदन मिलने की तारीख से संबंधित विभाग को एक महीने के भीतर फैसला करना होगा।

कार्यालय ज्ञापन में साफ किया गया है कि दोबारा जांच केवल उन्हीं मामलों की होगी, जिन्हें पहले सिर्फ आर्थिक रूप से जरूरतमंद नहीं मानने के कारण अस्वीकार किया गया था। जिन आवेदनों को किसी अन्य वजह से खारिज किया गया था, उन्हें फिर से नहीं खोला जाएगा। हर मामले में संबंधित पद के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुसार पात्रता की जांच होगी और किसी प्रकार की अतिरिक्त छूट नहीं दी जाएगी। यदि मामला सभी शर्तों पर सही पाया जाता है तो नियुक्ति पत्र जारी करने से पहले मुख्यमंत्री की मंजूरी लेना अनिवार्य होगा।

### प्रत्यक्ष भर्ती के पांच प्रतिशत की सीमा में रहेगी छूट

**सरकार** ने यह भी कहा है कि इस विशेष व्यवस्था के तहत 31 दिसंबर 2026 तक ऐसे मामलों के लिए प्रत्यक्ष भर्ती के पांच प्रतिशत की सीमा में छूट रहेगी। श्रेणी-तीन के पदों पर नियुक्तियां कार्मिक विभाग के भर्ती निदेशालय के माध्यम से की जाएंगी, जबकि श्रेणी-चार और मल्टी टास्क वर्कर के पद सरकार की प्रचलित कॉमन एमटीडब्ल्यू नीति के अनुसार भरे जाएंगे। वित्त विभाग ने सभी प्रशासनिक विभागों को निर्देश दिए हैं कि इन आदेशों का पूरी गंभीरता से पालन किया जाए और पात्र मामलों का तय समय सीमा के भीतर निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

# हिमाचल से पहली बार ताजी चेरी और प्लम की खेप पहुंची ओमान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बागवानी क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। राज्य से पहली बार ताजी चेरी और प्लम की निर्यात खेप सफलतापूर्वक ओमान पहुंच गई है। इस ऐतिहासिक पहल को किसानों और बागवानों के लिए वैश्विक बाजार में नए अवसरों की शुरुआत माना जा रहा है।

हाल ही में राज्य के बागवानी मंत्री ने 400 किलोग्राम चेरी और 400 किलोग्राम प्लम की पहली खेप को रवाना किया था। यह खेप मस्कट पहुंचने के बाद भारतीय दूतावास के सहयोग से ओमान के विभिन्न खुदरा स्टोरों में प्रदर्शित की गई। वहां स्थानीय उपभोक्ताओं ने हिमाचल के फलों की गुणवत्ता और स्वाद की सराहना की, जिससे उत्पादों को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस निर्यात प्रक्रिया को सफल बनाने में कषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, राज्य बागवानी विभाग, एचपीएमसी, किसान उत्पादक संगठन और निर्यातकों की अहम भूमिका रही।

◆ **सीएम सुक्खू बोले-यह ऐतिहासिक उपलब्धि किसानों के लिए समृद्धि के नए द्वार खोलेगी**




मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर बागवानों को बधाई देते हुए कहा कि यह कदम किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उच्च मूल्य वाले वैश्विक बाजारों से जोड़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बागवानी क्षेत्र को अधिक लाभकारी और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने बागवानों से गुणवत्ता और वैज्ञानिक खेती पर ध्यान देने की अपील की, ताकि हिमाचल के फल अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकें।

# ममता बनर्जी से अलग हुआ बागी गुट बोला-हम असली टीएमसी

एजेंसी, कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस टीएमसी) के बागी गुट ने वीरवार दोपहर चुनाव आयोग से मुलाकात की। बागी गुट का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिला। विधायकों ने पार्टी में हुए संगठनात्मक बदलावों और नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी (एनडब्ल्यूसी) को मान्यता देने की मांग की। मुलाकात के बाद बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने कहा- हम ही असली टीएमसी हैं, चुनाव आयोग ने हमारी बात सुनी। उम्मीद है वे जल्द फैसला लेंगे।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 22 जून को कोलकाता में प्रतिनिधि बैठक हुई थी। इसमें नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया था। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद 3 जून को टीएमसी के 80 में से 58 विधायक ममता बनर्जी के नेतृत्व से अलग हो गए थे। (अनंत ज्ञान)

# बेंगलुरु में पत्थर खदान में चट्टान गिरी, 8 की मौत

एजेंसी, बेंगलुरु



कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में वीरवार को एक पत्थर खदान में बड़ा हादसा हो गया। एक विशाल चट्टान गिरने से बिहार के सात श्रमिकों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि यह दुखद घटना सुबह तड़के हुई। यह हादसा बेंगलुरु साउथ तालुक के मदापट्टाना स्थित एक पत्थर खदान में हुआ। मृतक सभी दिहाड़ी मजदूर थे और वे एक पत्थर क्रशर स्थल पर काम कर रहे थे। फिलहाल, बचाव अभियान जारी है। पुलिस और बचाव दल की टीमें फंसे हुए मजदूरों की तलाश में मलबा हटा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों के शव अभी पत्थरों के नीचे से निकाले जाने बाकी हैं। (अनंत ज्ञान)

# मुनकटिया में पत्थर गिरने से केदारनाथ मार्ग बाधित

एजेंसी, रुद्रप्रयाग



केदारनाथ पैदल मार्ग पर वीरवार सुबह सोनप्रयाग-मुनकटिया के बीच पहाड़ी से अचानक पत्थर गिरने के कारण यात्रा मार्ग बाधित हो गया। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन मार्ग पर आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सुबह सोनप्रयाग सेक्टर अधिकारी से मुनकटिया क्षेत्र में पत्थर गिरने की सूचना मिली। इसके बाद संबंधित विभाग की टीमें जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंचकर मलबा और बोल्डर हटाने में जुट गईं। उन्होंने बताया कि मार्ग पूरी तरह सुरक्षित होने के बाद ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू कराई जाएगी। उन्होंने यात्रियों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और आधिकारिक सूचना का इंतजार करने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

# कीव पर रूस के ड्रोन-मिसाइल हमले में 13 लोगों की मौत, कई घायल

एजेंसी, कीव



◆ **बहुमंजिला इमारतें ध्वस्त, होटल में लगी आग**

रूस ने वीरवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया। हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए। मृतकों और घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमूर तकाचेंको ने बताया कि हमले में कई रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं और शहर के विभिन्न हिस्सों में आग लग गई। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। यह हमला ऐसे समय हुआ, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कुछ घंटे पहले ही रूस की ओर से बड़े हमले की चेतावनी दी थी। हमले के दौरान यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय रही। ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने की कोशिश के बीच पूरे शहर में विस्फोटों की आवाजें सुनाई देती रहीं। इस बीच, एहतियात के तौर पर पोलैंड ने अपने लड़ाकू विमानों को सक्रिय कर दिया। पोलैंड की सेना ने कहा कि यह कदम यूक्रेन से सटी सीमा की सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया है। हालांकि, उसकी सीमा में किसी हमले की सूचना नहीं है। करीब दो सप्ताह बाद रूस ने यूक्रेन पर फिर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। (अनंत ज्ञान)

**श्रद्धा** | उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू से दिखाई हरी झंडी, श्रद्धालुओं में उत्साह

# अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना

एजेंसी, श्रीनगर






जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वीरवार को जम्मू से श्री अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना कर इस वार्षिक तीर्थयात्रा की औपचारिक शुरुआत की। रवाना करने से पहले उन्होंने पूजा-अर्चना भी की। इस अवसर पर सांसद जुगल किशोर शर्मा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा और भाजपा विधायक अरविंद गुप्ता उपस्थित रहे।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'एक्स' पर लिखा, 'हर-हर महादेव। बाबा बर्फानी के पवित्र धाम की यात्रा का शुभारंभ हो चुका है। भगवती नगर बेस कैंप से श्री अमरनाथ यात्रा 2026 के श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।' उन्होंने यात्रा को आध्यात्मिक जागृति बताते हुए सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की कामना की। भाजपा सांसद जुगल किशोर शर्मा ने कहा कि इस बार यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक दिखाई दे रही है और प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल होने की अपील की। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और यह यात्रा 28 अगस्त तक चलेगी।

उन्होंने इसे अद्वितीय और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण तीर्थयात्रा बताया। भाजपा विधायक अरविंद गुप्ता ने कहा कि उनके लिए यह गौरव का क्षण है कि उन्हें यात्रा को हरी झंडी दिखाने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि यात्रा को लेकर जम्मू शहर में विशेष उत्साह और सजावट देखने को मिल रही है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल के वीएसके 6ए फ्रेमवर्क की सराहना

## समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने जयपुर में समग्र शिक्षा के मॉडल पर दी प्रेजेंटेशन

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** राजस्थान के जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के वीएसके 6ए फ्रेमवर्क को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के वीएसके 6ए फ्रेमवर्क को शिक्षा शासन के क्षेत्र में एक प्रभावी और नवाचारी मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों तथा उल्लेखनीय कार्यों के चलते समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा को इस राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के निदेशक राजेश शर्मा ने सम्मेलन के प्लेनरी सत्र 'स्कूल शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए डिजिटल हस्तक्षेप' में हिमाचल की ओर से विशेष प्रस्तुति दी। राजेश शर्मा ने हिमाचल प्रदेश के विद्या समीक्षा केंद्र की विकास यात्रा तथा उसमें अपनाए गएवीएसके 6ए फ्रेमवर्क की विस्तृत जानकारी दी। इस फ्रेमवर्क में उपस्थिति, मूल्यांकन , अनुकूलित शिक्षण, प्रशासन, प्रत्यायन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे प्रमुख घटकों को एकीकृत किया गया है।

सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के प्रयासों को विशेष रूप से इस बात के लिए सराहा गया कि राज्य ने वीएसके को केवल एक डैशबोर्ड या निगरानी मंच तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसे

शिक्षा प्रशासन को अधिक प्रभावी, त्वरित और परिणामोन्मुख बनाने वाले एक मजबूत प्रशासनिक आधार के रूप में विकसित किया है। वीएसके के माध्यम से समग्र शिक्षा हिमाचल का लक्ष्य केवल डेटा संग्रह करना नहीं, बल्कि उसे समयबद्ध निर्णयों, लक्षित हस्तक्षेपों और बेहतर अधिगम परिणामों से जोड़ना है। सत्र के दौरान स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों, शिक्षा की गुणवत्ता, समान अवसर तथा प्रत्येक बच्चे तक सीखने के अवसर पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने व्यक्तिगत अनुकूलित अधिगम के माध्यम से सीखने के स्तर में सुधार तथा इसके ऑफलाइन विस्तार के रूप में विकसित लर्निंग इन्हांसमेंट प्रोग्राम की भी प्रस्तुति दी, जो विद्यार्थियों तक व्यक्तिगत शिक्षण सहयोग पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। एलईपी को एक ऐसे प्रभावी माध्यम के रूप में रेखांकित किया गया जो डिजिटल प्लेटफॉर्म से आगे बढ़कर व्यक्तिगत शिक्षण सहयोग को कक्षा-कक्षों तथा कम इंटरनेट सुविधा वाले क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद कर रहा है। यह पहल विद्यार्थियों की सीखने संबंधी कमियों की पहचान, लक्षित शैक्षणिक सहयोग, शिक्षक-समर्थित अधिगम तथा अधिक समावेशी शैक्षणिक सहायता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# भगवान तर्क का नहीं, प्रत्यक्ष दर्शन का विषय: डॉ. सर्वेश्वर

## मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने टोपी पहनाकर किया कथा वाचक का सम्मान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के खलीनी में आयोजित सात दिवसीय भगवान शिव कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने सती प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि ईश्वर तर्क-वितर्क, मन, वाणी और बुद्धि से परे हैं तथा उनका अनुभव केवल प्रत्यक्ष दर्शन के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव स्वयं बताते हैं कि तर्क से ईश्वर को नहीं जाना जा सकता, बल्कि पूर्ण सद्गुरु की कृपा से प्राप्त ब्रह्मज्ञान और दिव्य दृष्टि के माध्यम से ही परमात्मा का साक्षात्कार होता है।

कथा के दौरान सती द्वारा भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने और उसके परिणामस्वरूप उत्पन्न हुए वियोग प्रसंग का भजनों एवं चौपाइयों के माध्यम से अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया। तृतीय दिवस की पूजा-अर्चना सुबोध सूद एवं उनके परिवार ने संपन्न कराई।



शिमला के खलीनी में आयोजित सात दिवसीय भगवान शिव कथा में कैबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह और अन्य लोग आरती करते हुए। अनंत ज्ञान

कथा में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने विशेष रूप से भाग लिया और हिमाचली टोपी पहनाकर कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर का सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रभु की भव्य आरती के साथ कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सूद, जिला परिषद सदस्य प्रियंका तनवर, संकटमोचन हनुमान मंदिर के ट्रस्टी अनिल तनवर, बड़ई पंचायत के प्रधान महिंदर कुमार, उपप्रधान वीरेन्द्र ठाकुर, एडवोकेट योगिंदर पॉल, दीपक शर्मा, संजीव ठाकुर, राजीव पंडित तथा तरसेम पराशर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

# रामपुर में भाजपा को झटका, बृजलाल 300 से अधिक समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा को झटका देते हुए शिमला जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख नेता बृजलाल अपने 300 से ज्यादा समर्थकों सहित आज कांग्रेस में शामिल होने के बाद सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने बृजलाल और उनके समर्थकों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी सबके मान-सम्मान का ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है और प्रदेश का एक समान विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रामपुर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का घर है और विकास की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इस अवसर पर बृजलाल ने



कांग्रेस में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ शिष्टाचार भेंट करते बृजलाल। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री को क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा तथा मुख्यमंत्री ने इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन सभी के कांग्रेस पार्टी में आने की उन्हें बेहद खुशी है। उन्होंने सभी से प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर कांग्रेस पार्टी के हाथ मजबूत करने को कहा।

इस अवसर बृजलाल ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार की कार्य प्रणाली और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरगामी सोच से प्रभावित होकर आज वे कांग्रेस पार्टी

◆ **भाजपा के पांच नेता मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए आपस में लड़ रहेः बृजलाल**

में आए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भाजपा को नेताओं की पार्टी बताया है, जबकि यह पूर्व में कार्यकर्ताओं की पार्टी थी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री की यह बात शत-प्रतिशत सही है और आज भाजपा के पांच वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री की कुर्सी हथियाने के लिए आपसी लड़ाई में उलझे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस पार्टी के साथ मजबूती से खड़ी है और प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी रिपीट करेगी। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को भाजपा का बताकर खुद में कर रही शामिल : संदीपनी

## भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के साथ, बहकावे में नहीं आएंगे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कांग्रेस पर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने के दावे पूरी तरह निराधार और राजनीतिक प्रपंच हैं। उन्होंने कहा कि रामपुर का ताजा मामला कांग्रेस के पूरे 'जॉइनिंग ड्रामे' की सच्चाई सामने ले आया है। संदीपनी ने कहा कि जिस व्यक्ति को कांग्रेस भाजपा का कार्यकर्ता बताकर अपने दल में शामिल होने का दावा कर रही है, उसी व्यक्ति ने स्वयं स्वीकार किया कि वह पहले भी कांग्रेस का कार्यकर्ता था और अब भी कांग्रेस में ही शामिल हुआ है।



◆ **कांग्रेस में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं के शामिल होने के दावे को निराधार बताया**

इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस अपने ही कार्यकर्ताओं को भाजपा का बताकर झूठा माहौल तैयार करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है तथा कांग्रेस के भ्रामक प्रचार से प्रभावित होने वाला नहीं है। संदीपनी भारद्वाज ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों, कथित भ्रष्टाचार और विकास कार्यों में विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसे राजनीतिक नाटक कर रही है।

उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही कुछ अवसरवादी तत्व राजनीतिक लाभ के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाते हैं, लेकिन प्रदेश की जागरूक जनता सच्चाई को भली-भांति समझती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का यह झूठा नैरेटिव अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है और आने वाले समय में प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार को उसकी नीतियों का लोकतांत्रिक जवाब देगी। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा जनता के भरोसे के बल पर प्रदेश में एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरेगी।

# ओक ओवर-लोक भवन मार्ग 21 तक रहेगा बंद




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर में यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने ओक ओवर गेट-2 से लोक भवन तक के मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर लगी रोक की अवधि बढ़ा दी है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार अब इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन 21 जुलाई, 2026 तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय पहले से लागू प्रतिबंध को आगे बढ़ाते हुए लिया गया है, ताकि संबंधित क्षेत्र में आवश्यक कार्यों और यातायात प्रबंधन को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि प्रतिबंध की अवधि के दौरान इस मार्ग का उपयोग करने से बचें और वैकल्पिक मार्गों का सहारा लें। प्रशासन का कहना है कि लोगों के सहयोग से शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनी रहेगी और अनावश्यक जाम व असुविधा से बचा जा सकेगा। अधिकारियों ने आम जनता से जारी निर्देशों का पालन करने तथा यातायात पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने का भी आग्रह किया है।

# दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या केस में पति-ननद को 9 वर्ष की जेल

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरकाघाट, डॉ. अबीरा वासू की अदालत ने सरकार बनाम अंकू राम व अन्य मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अदालत ने आरोपी अंकू राम पुत्र पूर्ण चंद निवासी गांव खनोट, तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी तथा सपना देवी उर्फ भोली पत्नी मुख्यतार चंद निवासी गांव पटटा, तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर को दोषी ठहराया है। अदालत ने दोनों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत 9 वर्ष के कठोर कारावास तथा 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में 5 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 498-ए के तहत 3 वर्ष का कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न देने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि यह मामला वर्ष 2021 में दर्ज हुआ था, जब शकुन्तला देवी ने अपनी पुत्री शालू देवी की आत्महत्या को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि शालू ने वर्ष 2019 में अपनी मर्जी से अंकू राम के साथ घुमारवीं कोर्ट में विवाह किया था। विवाह के कुछ समय बाद ही पति अंकू राम और ननद सपना देवी द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा और उसके साथ मारपीट की जाती थी। मृतका शालू देवी ने अपने जीवनकाल में संरक्षण अधिकारी वृत बलद्वाड़ा के समक्ष भी उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करवाई थी, जहां आरोपियों ने भविष्य में प्रताड़ित न करने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके प्रताड़ना जारी रही, जिससे तंग आकर 10 दिसंबर 2021 को शालू देवी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी।

# 'कोलडैम हिम आयुष केंद्र' का शुभारंभ

## कर्मचारियों को परिवार सहित मिलेंगी आयुर्वेद, योग और निवारक स्वास्थ्य सेवाएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम में कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'कोलडैम हिम आयुष केंद्र' का शुभारंभ किया गया। केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) अनिल कुमार जाडली ने किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एसएस. राव, कॉर्पोरेट सीएमओ डॉ. कमल प्रकाश पुरुषोत्तम, मानव संसाधन प्रमुख मंगला हरीन्द्रन, सीएमओ डॉ. हरजीत कौर, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा आयुष केंद्र के संचालन सहयोगी आयुर्वेदिक एरिना की टीम उपस्थित रही।

अनिल कुमार जाडली ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना




एनटीपीसी कोलडैम में 'कोलडैम हिम आयुष केंद्र' का शुभारंभ करते एनटीपीसी के निदेशक अनिल कुमार। अनंत ज्ञान

समय की आवश्यकता है। वहीं, एस. एस. राव ने कहा कि केंद्र के माध्यम से कर्मचारियों और उनके परिवारों को आयुर्वेद, योग, पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा,

◆ **उद्घाटन के बाद की हवन-पूजन**

जीवनशैली परामर्श और तनाव प्रबंधन जैसी सेवाओं का लाभ मिलेगा। केंद्र की स्थापना आयुष मंत्रालय की परिकल्पना तथा आयुष्मान भारत और फिट इंडिया मूवमेंट की भावना के अनुरूप की गई है। उद्घाटन के बाद हवन-पूजन भी आयोजित किया गया।

# 'वीबी-जी रामजी' में मजदूरी में 21 प्रतिशत बढ़ोतरी : अनुराग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी रामजी अधिनियम, 2025 के अंतर्गत 1 जुलाई 2026 से संशोधित मजदूरी दरों को लागू किए जाने का स्वागत करते हुए इसे हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण श्रमिकों के लिए ऐतिहासिक निर्णय बताया है। हिमाचल प्रदेश में गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए दैनिक मजदूरी 247 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये तथा अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 309 रुपये से बढ़ाकर 375 रुपये कर दी गई है। यह क्रमशः लगभग 21.5 प्रतिशत एवं 21.3 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश



सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों के लाखों ग्रामीण श्रमिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस वृद्धि से हिमाचल प्रदेश के हजारों ग्रामीण श्रमिकों की आय में सीधा इज़ाफा होगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और स्थानीय बाजारों में क्रय शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 300 प्रतिदिन की अंतरिम आधार मजदूरी सुनिश्चित करना तथा कम मजदूरी वाले राज्यों को प्राथमिकता देना प्रधानमंत्री के गरीब कल्याण, अंत्योदय और विकसित भारत के संकल्प का सशक्त उदाहरण है।

## सियासत | राज्यसभा सांसद ने सरकारी खरीद प्रक्रियाओं में सरकार की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

# सुक्खू सरकार के तीन साल घोटालों के नाम : डॉ. सिकंदर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने आरोप लगाया है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के तीन साल का कार्यकाल विकास की जगह घोटालों और अनियमितताओं के आरोपों के कारण चर्चा में रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के लगभग हर विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे हैं। उनका कहना था कि आने वाले समय में ऐसे कई मामलों की सच्चाई जनता के सामने आएगी और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। डॉ. सिकंदर ने कहा कि हाल के समय में सरकारी खरीद प्रक्रियाओं और अन्य सरकारी कार्यों से जुड़े कई मामलों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में ऐसे और मामले सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा जनहित, पारदर्शिता और सुशासन के मुद्दों पर काम करती रहेगी और कांग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध जारी रखेगी। वीरवार को शिमला में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा, जिला शिमला की ओर से विश्व शांति और देवभूमि हिमाचल की रक्षा के उद्देश्य से गंज बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर में महारुद्र हवन और सहभोज का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि, शांति तथा प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सिकंदर ने



कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल प्रदेश ने कई बड़ी प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है। उन्होंने मंडी, कुल्लू-मनाली और चंबा समेत कई क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन आपदाओं से लोगों को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि महारुद्र हवन के माध्यम से भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की गई है कि भविष्य में हिमाचल प्रदेश और देश को ऐसी आपदाओं से सुरक्षित रखें और सभी लोगों पर अपनी कृपा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश आपदा की स्थिति से गुजर रहा था, उस समय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में जुटे रहे। उनके अनुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिना किसी भेदभाव के लोगों की मदद की। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर प्रदेश सरकार की

◆ **बोले-प्राकृतिक आपदाओं से देवभूमि की रक्षा के लिए सामूहिक प्रार्थना जरूरी**

भूमिका लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रही।

मुख्यमंत्री की ओर से केंद्र सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब देते हुए डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश के हितों की प्रभावी पैरवी करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के चारों लोकसभा सांसद और दो राज्यसभा सांसद संसद में लगातार प्रदेश के मुद्दे उठा रहे हैं और केंद्र सरकार से सहयोग दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार वित्तीय और प्रशासनिक मामलों का सही प्रबंधन नहीं कर पा रही है तो उसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर नहीं डाली जा सकती।

# जुन्गा-साधुपुल रूट पर एचआरटीसी की दो बसें बंद होने से ग्रामीणों में रोष

## क्षेत्र के हजारों किसानों, विद्यार्थियों और मरीजों की बढ़ी मुश्किलें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के जुन्गा-साधुपुल मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की दो बस सेवाएं बंद होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। किसानों को अपनी सब्जियां और अन्य कृषि उपज समय पर मंडियों तक पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं मरीजों की अस्पतालों तक पहुंच और विद्यार्थियों की स्कूल आवाजाही भी बुरी तरह प्रभावित हुई है।

जुन्गा पंचायत के प्रधान रामलाल, उपप्रधान ईश्वर दत्त, दुर्गा सिंह ठाकुर, वार्ड सदस्य योगमाया शर्मा, मनोज कुमार, कमल शर्मा और पंकज सेन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि शिमला यूनिट-2 की दिन के समय संचालित बस पिछले करीब छह माह से बंद है, जबकि शाम की बस सेवा भी लगभग एक सप्ताह पहले रोक दी गई। ग्रामीणों

◆ **क्षेत्रवासियों ने दोनों बसों को बहाल करने की उठाई मांग**

ने कहा कि बसों के बंद होने से कई स्कूली बच्चों को प्रतिदिन 7 से 10 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और दैनिक यात्रियों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

ग्रामीणों ने एचआरटीसी प्रबंधन और प्रदेश सरकार से जनहित में दोनों बस सेवाओं को तत्काल बहाल करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र के लोग आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उधर, एचआरटीसी यूनिट-2 शिमला के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि शाम की बस सेवा टायर उपलब्ध न होने के कारण अस्थायी रूप से बंद की गई है और नए टायर मिलते ही इसे दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। वहीं दिन के समय संचालित बस लगातार घाटे में चलने के कारण बंद की गई है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक परिवहन केवल लाभ-हानि का विषय नहीं, बल्कि दूरदराज़ क्षेत्रों के लोगों की जीवनरेखा है, इसलिए इस मार्ग पर बस सेवाओं को जल्द से जल्द पुनः शुरू किया जाना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### ठानपुरी में घर से लाखों की चोरी, इलाके में दहशत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां क्षेत्र के ठानपुरी में तड़के करीब 3 बजे एक घर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने परिवार के सोते समय कमरे को बाहर से बंद कर लगभग 3 लाख रुपए नकद और 7-8 तोले सोने के गहने चुरा लिए। जानकारी के अनुसार, नकद राशि बेटे की एडमिशन के लिए रखी गई थी। घटना के बाद परिवार सदमे में है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। डीएसपी मनोज धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

### नगरोटा बगवां कॉलेज में एमकॉम, एमए व एमएससी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमकॉम, एमए अंग्रेजी और एमएससी गणित प्रथम सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 12 जुलाई तक महाविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने बताया कि काउंसलिंग 16 जुलाई को होगी। एम.कॉम. में 60, एमए अंग्रेजी व एमएससी गणित में 30-30 सीटें निर्धारित हैं। प्रवेश के लिए एचपीयू प्रवेश परीक्षा अनिवार्य है। रिक्त सीटें मेरिट के आधार पर भरी जाएंगी।

### पासू और दाड़ी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उप-विभाग नं-2 के सहायक अभियंता रमन भरमौरिया ने बताया कि 11 केवी दाड़ी फीडर के शीला चौक, अचीवर-हब, दाड़ी बाजार, गब्ली दाड़ी, पासू, भटेड़ व अन्य साथ लगते क्षेत्रों में 4 जुलाई सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर शटडाउन अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### आज सिविल लाइन धर्मशाला में नहीं होगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उप-विभाग नं-1 के सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 3 जुलाई सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सिविल लाइन, कॉलेज रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लोअर डिपो बाजार चिलगाड़ी, शिक्षा बोर्ड जवाहर नगर, एआईआर, चेलियान, गवर्नमेंट कॉलेज, बीएड कॉलेज और सकोह, एचपीसीए स्टेडियम, साई इंडोर स्टेडियम, एआईआर कॉलोनी, एसएसबी कॉम्प्लेक्स, जेल रोड में आरएमयू इंस्टॉलेशन के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर शटडाउन अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### शाहपुर कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीए, बीएससी और बीकॉम तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। बीए तृतीय वर्ष में पल्लवी ने 8.36 सीजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएससी में दीपांक्षा ने 8.15 सीजीपीए तथा बीकॉम में साधना ने 8.05 सीजीपीए हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया जारी है और विद्यार्थी समय पर ऑनलाइन आवेदन करें।

### टीईटी के लिए न्यूनतम अंक शर्त हटाने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राजकीय टीजीटी कला संघ ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) को ज्ञापन भेजकर सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा में बैठने हेतु 50 या 45 प्रतिशत न्यूनतम अंकों की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की है। संघ के राज्य महासचिव विजय हीर ने कहा कि यह शर्त हजारों अनुभवी शिक्षकों के लिए बाधा बन रही है, क्योंकि वे वर्षों पहले ऐसी व्यवस्था में नियुक्त हुए थे जब यह नियम लागू नहीं था। संघ ने कहा कि टीईटी का उद्देश्य योग्यता का आकलन है, न कि पुराने अंकों के आधार पर अवसर से वंचित करना। इसलिए केवल सेवा में होने और निर्धारित योग्यता के आधार पर परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे पहले भी वर्ष में तीन बार टीईटी परीक्षा आयोजित करने की भी मांग की गई है, ताकि शिक्षकों को अधिक अवसर मिल सकें।

### डाडासीबा स्कूल में रिक्त पदों से पढ़ाई प्रभावित

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा काशीराम पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडा सीबा में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के कई पद लंबे समय से रिक्त होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग से सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की है। एसएमसी प्रधान अजय कुमार सहित सदस्यों ने बताया कि विद्यालय में बायोलॉजी, पॉलिटिकल साइंस, इतिहास, एलटी, सीनियर असिस्टेंट, लिपिक, प्रयोगशाला परिचारक और लाइब्रेरियन जैसे कई महत्वपूर्ण पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालय होने के बावजूद संसाधनों की कमी से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावित हो रही है। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने बताया कि रिक्त पदों की जानकारी विभाग को भेज दी गई है और कार्रवाई लंबित है।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने की लंबित चिकित्सा बिलों के तुरंत निपटान की मांग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष कल्याण भंडारी ने जिला कांगड़ा के उपायुक्त को पत्र लिखकर पेंशनभोगियों के लंबित चिकित्सा बिलों के शीघ्र निपटान की मांग की है। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग द्वारा चालू वित्त वर्ष में 212 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिनमें से 131.03 करोड़ रुपये विशेष रूप से पेंशनरों के मेडिकल रिम्बर्समेंट के लिए निर्धारित हैं। भंडारी ने कहा कि यह सरकार की सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, इसलिए इन दावों के निपटान में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों और आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की कि लंबित बिलों का त्वरित निपटान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिला स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और साप्ताहिक समीक्षा प्रणाली लागू करने की भी अपील की गई है, ताकि पेंशनभोगियों को समय पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति मिल सके और उन्हें आर्थिक व स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# बीडीसी धर्मशाला पर भाजपा का कब्जा आलोक अध्यक्ष और सरोज उपाध्यक्ष

## नगर निगम की जीत को बीडीसी में दोहराया, विधायक सुधीर ने दिखाया अपना सियासी कद

अनंत ज्ञान



सुधीर शर्मा के साथ बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष व अन्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला में मेयर तथा डिप्टी मेयर पद पर कब्जे के बाद वीरवार को भाजपा ने विकास खंड धर्मशाला के बीडीसी अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद पर भी कब्जा कर लिया। चुनाव परिणाम आने से पहले ही भाजपा के कार्यकर्ता काफी तादाद में खंड विकास कार्यालय धर्मशाला के बाहर जुट गए।

एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न की अगुवाई में हुए चुनावों के दौरान धर्मशाला के सभी 18 बीडीसी सदस्य मौजूद रहे। औपचारिकताओं के बाद चुनाव में भाजपा की तरफ से वार्ड नंबर 6 नरवाणा से बीडीसी सदस्य आलोक कुमार तथा कांग्रेस से सुरेंद्र सिंह सोनू ने दावेदारी जताई। वोटिंग में 18 में से 12 वोट लेकर आलोक कुमार ने जीत दर्ज की। वहीं, उपाध्यक्ष पद को लेकर हुई वोटिंग में एक वोट के रद्द होने के बाद 10 वोट भाजपा की मंदल वार्ड से बीडीसी सदस्य सरोज को मिले, जबकि 7 वोट गगल से कांग्रेस उम्मीदवार बीडीसी सदस्य जयललिता को मिले। इस मौके पर पहुंचे विधायक सुधीर शर्मा ने अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का अभिनंदन किया। नगर निगम के चुनावों में काबिज हुई भाजपा ने पंचायत समिति के चुनावों में भी भगवा लहरा कर यहां भाजपा को मजबूत किया है। इस जीत को सुधीर शर्मा की चुनावी रणनीति का परिणाम माना जा रहा है। इसके बाद विधायक सुधीर शर्मा की अगुवाई में नवनिर्वाचित अध्यक्ष आलोक कुमार तथा उपाध्यक्ष सरोज कचहरी स्थित हनुमान मंदिर में पहुंचे तथा अपने समर्थकों सहित माथा टेका।

> मेरी जीत का श्रेय स्थानीय विधायक सुधीर शर्मा को जाता है, जिनके सहयोग से भाजपा ने जीत दर्ज की है। मैं सभी बीडीसी सदस्यों का आभार जताता हूं तथा क्षेत्र के विकास को लेकर एकजुटता से प्रयास किए जाएंगे तथा विधायक सुधीर शर्मा के दिशानिर्देशानुसार विकास करवाया जाएगा।
> -आलोक कुमार, नवनिर्वाचित बीडीसी अध्यक्ष।

> क्षेत्र के विकास को लेकर मिलकर काम करेंगे तथा लोगों के हितों को देखते हुए विकास की योजनाएं तैयार की जाएंगी तथा उन्हें अमलीजामा पहनाया जाएगा।
> सरोज देवी, नवनिर्वाचित बीडीसी उपाध्यक्ष

> सरकार ने बहुत लंबा समय लिया है, लेकिन आखिरकार चुनाव हुआ है। दोनों पदों पर भाजपा की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य मिलकर धर्मशाला पंचायत समिति के विकास को लेकर कार्य करेंगे। भाजपा यहां पहले ही जीत को लेकर आश्वस्त थी। कांग्रेस ने प्रत्याशी भी आनन-फानन में उतारे क्योंकि भाजपा की जीत उन्हें भी दिख रही थी।
> -सुधीर शर्मा, विधायक, धर्मशाला।

### चढ़ियार सिविल अस्पताल में तीन नए डॉक्टरों की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** धार चढ़ियार क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे सिविल अस्पताल चढ़ियार को अब तीन नए डॉक्टरों की सौगात मिली है। इन नियुक्तियों से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी और क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर एवं समय पर उपचार का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा तथा स्थानीय विधायक किशोरी लाल के निरंतर प्रयासों से सिविल अस्पताल चढ़ियार में तीन नए डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। विधायक किशोरी ने क्षेत्रवासियों से अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का जो वादा किया था, उसे सरकार ने पूरा करते हुए डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की है। इससे अस्पताल में मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी, उपचार के लिए लंबी प्रतीक्षा से राहत मिलेगी और स्थानीय लोगों को अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता भी कम होगी। बीएमओ महाकाल डॉ. गुरमीत कटोच ने इन नियुक्तियों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा तथा स्थानीय विधायक किशोरी लाल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। तीन नए डॉक्टरों की नियुक्ति से अस्पताल की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और क्षेत्र के लोगों को पहले की अपेक्षा अधिक बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। क्षेत्र के लोगों ने इस निर्णय का स्वागत किया है।

## कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण : अब तक 2262 करोड़ रुपए का मुआवजा वितरित

अनंत ज्ञान

- भूमि अधिग्रहण, राहत एवं पुनर्वास प्रक्रिया अंतिम चरण में

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण, राहत एवं पुनर्वास (आरएंडआर) का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि परियोजना के लिए करीब 3200 करोड़ रुपये की राशि भूमि अधिग्रहण सहित राहत और पुनर्वास पर खर्च की जानी है, जिसमें से अब तक 2262 करोड़ रुपये प्रभावित परिवारों को वितरित किए जा चुके हैं।

**चार राजस्व महालों में आरएंडआर अवार्ड घोषित होना बाकी:** उन्होंने कहा कि शेष भुगतान का एक हिस्सा आपसी भूमि विवादों और सिविल मामलों के कारण लंबित है। पुनर्वास योजना के तहत अब केवल चार राजस्व महालों में आर एंड आर अवार्ड घोषित होना बाकी है, जबकि अन्य क्षेत्रों में यह प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। हाल ही में सरकार से प्राप्त 90 करोड़ रुपए की राशि भी पात्र लाभार्थियों के खातों में स्थानांतरित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शेष धनराशि की मांग सरकार को भेज दी गई है और राशि उपलब्ध होते ही लंबित भुगतान भी कर दिए जाएंगे।

**70 फीसदी राशि सरकार ने उपलब्ध करवाई:** कुल आवश्यक राशि का लगभग 70 प्रतिशत सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जा चुका है। शेष राशि में भी एक हिस्सा भूमि विवादों के कारण लंबित रहता है, इसलिए अब केवल लगभग 15 प्रतिशत राशि मिलने के बाद पूरी भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है।

### सहमति उपरांत कब्जा लेने की प्रक्रिया शुरू

**डीसी** ने कहा कि जिन प्रभावित लोगों ने सहमति दी है, वहां पर्यटन विभाग द्वारा जमीन और भवनों का कब्जा लेने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अनुसार मुआवजा और पुनर्वास राशि वितरित होने के बाद संबंधित विभाग को मौके पर कब्जा लेना होता है और इसी दिशा में कार्रवाई जारी है। हेमराज बैरवा ने स्पष्ट किया कि पूरी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का विरोध या गतिरोध सामने नहीं आया। प्रशासन कैंप लगाकर प्रभावित लोगों से दस्तावेज एकत्र कर रहा है और पात्रता के अनुसार उन्हें मुआवजा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आपसी सहमति के आधार पर चल रही यह प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी।

### मसोट गांव में करंट लगने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** पुलिस थाना देहरा के अंतर्गत मसोट गांव में गुरुवार को करंट लगने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन और स्थानीय लोग घायल को तुरंत सिविल अस्पताल देहरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कुंवरजीत सिंह उर्फ सोनू पुत्र बलवंत सिंह, निवासी टियालु अप्पर-रागपुर के रूप में हुई है। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और शोक का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, कुंवरजीत सिंह पेशे से प्लंबर थे और मसोट में एक घर में कार्य कर रहे थे, तभी अचानक करंट लग गया। ग्राम पंचायत प्रधान व उपप्रधान ने प्रशासन से परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। देहरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार करंट लगने के कारणों की पड़ताल की जा रही है।



## स्प्रिंग डेल स्कूल के छात्रों ने इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में लहराया परचम



अनंत ज्ञान

50 विद्यार्थियों ने गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल सहित प्रशंसा पत्र किए प्राप्त।

अनंत ज्ञान

**जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के विद्यार्थियों ने इंडियन टैलेंट ओलंपियाड द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय जीके, साइंस, मैथ्स एवं इंग्लिश प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लेकर गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल सहित प्रशंसा पत्र प्राप्त किए। कक्षा तृतीय के शिवांश चौधरी को स्टेट टॉपर अवार्ड तथा कक्षा दसवीं की अशमिता को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। विद्यालय को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल को विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, शिक्षा में नवाचार अपनाने तथा समग्र विकास में योगदान हेतु सम्मानित किया गया। वहीं उपप्रधानाचार्य अंजना कटोच सहित विद्यालय के शिक्षकों मनदीप कुमारी, श्रुति, नितीश कुमार, राकेश कुमार एवं पूजा देवी को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान मिला।

विद्यालय प्रबंधन अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र, एमडी श्री पवन चौधरी एवं कमेटी सदस्य श्री चंद्रशेखर ने सभी को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ समग्र विकास को भी बढ़ावा देती हैं और स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करती हैं।

### बीड़-बिलिंग में प्रस्तावित 33 केवी लाइन को लेकर विरोध हुआ तेज

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग स्थल बीड़-बिलिंग में प्रस्तावित 33 केवी नई विद्युत लाइन को लेकर पैराग्लाइडर पायलटों, पर्यटन व्यवसायियों और स्थानीय लोगों में भारी रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाइन को चौंतड़ा की ओर से वैकल्पिक मार्ग से बिछाया जाना चाहिए, ताकि पैराग्लाइडिंग उड़ान क्षेत्र प्रभावित न हो। आरोप है कि योजना के तहत लाइन को उड़ान मार्ग के बीच से ले जाने की तैयारी है, जिससे सुरक्षा और पर्यटन दोनों पर खतरा पैदा हो सकता है। लोगों ने यह भी कहा कि पहले से मौजूद विद्युत लाइनों को भूमिगत करने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन इसके बजाय नई ओवरहेड लाइन बिछाना समझ से परे है। उन्होंने सरकार और संबंधित विभाग से मांग की है कि प्रस्तावित लाइन के मार्ग पर पुनर्विचार किया जाए तथा ऐसा विकल्प चुना जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो वे व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य

## वायु प्रदूषण और पर्यावरण संरक्षण के लिए जनसहभागिता जरूरी : मलेंद्र



एनजीटी टीम के साथ बैठक करते विधायक मलेंद्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने ग्राम पंचायत डमटाल में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की टीम के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वायु प्रदूषण की रोकथाम, हरित क्षेत्र के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अधिक से अधिक पौधारोपण करने, पौधों के संरक्षण को सुनिश्चित बनाने तथा वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए समन्वित प्रयास करने पर बल दिया गया।

विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में धूल और मिट्टी के कण अधिक उड़ते हैं, वहां प्रभावी प्रबंधन और आवश्यक उपाय किए जाएं ताकि धूल प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। बैठक में एनजीटी की टीम और वन विभाग के अधिकारियों ने भी वायु प्रदूषण नियंत्रण, हरित क्षेत्र बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। लोगों से पौधारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया गया।

### धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का नॉर्थ कैंपस न बनना सरकार की नाकामी : अचल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश की कोर कमेटी के सदस्य एवं दून विधानसभा के ऑब्जर्वर अचल छाबड़ा ने धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस के निर्माण में हो रही देरी को प्रदेश सरकार की बड़ी विफलता बताया। उन्होंने कहा कि एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद परियोजना धरातल पर नहीं उतर सकी, जबकि इस मामले में हाईकोर्ट को भी हस्तक्षेप करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों का समय पर निर्वहन नहीं किए जाने के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई। उनका कहना था कि यदि धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का नॉर्थ कैंपस बनता तो इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होते, स्थानीय लोगों की आय बढ़ती और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलतीं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला पहले से ही शिक्षा का प्रमुख केंद्र है, जहां कांगड़ा ही नहीं, बल्कि चंबा सहित अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थी भी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने चार वर्षों में इस परियोजना को लेकर कोई स्पष्ट रोडमैप या जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जनता अब जवाब मांग रही है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका असर देखने को मिलेगा। अचल छाबड़ा ने कहा कि आम आदमी पार्टी वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव पूरी मजबूती से लड़ेगी। पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा रहा है और केंद्रीय नेतृत्व के साथ रणनीति तैयार की जा चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश में आम आदमी पार्टी एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरेगी।

### पुस्तकें छाप दीं अंग्रेजी माध्यम में, पेपर छापा हिंदी माध्यम में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश ने 4 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली कक्षा 6 की 'हिमाचल लोक संस्कृति एवं योग' विषय की परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि इस विषय का प्रश्नपत्र केवल हिंदी माध्यम में मुद्रित हो चुका है, इसलिए परीक्षा निर्धारित तिथि पर ही आयोजित की जाएगी। अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रश्नपत्र का अंग्रेजी संस्करण 3 जुलाई 2026 को सभी जिलों को सॉफ्ट कॉपी के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यार्थियों को प्रश्न पढ़ने और समझने के लिए परीक्षा में 30 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। अंग्रेजी माध्यम का प्रश्नपत्र समय पर सभी विद्यालयों तक पहुंचे तथा इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

- कक्षा 6 के हिमाचल लोक संस्कृति एवं योग प्रश्नपत्र को लेकर दिए निर्देश

### स्कूली बसों में ओवरलोडिंग एवं सुरक्षा मानकों पर सीडब्ल्यूसी ने आरटीओ से रिपोर्ट मांगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में स्कूली बसों में ओवरलोडिंग और सुरक्षा मानकों में लापरवाही को लेकर जिला बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने गंभीर चिंता जताई है। समिति के अध्यक्ष विक्रमजीत शर्मा ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से मिली शिकायतों के आधार पर आरटीओ धर्मशाला और देहरा को पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्कूल बसों की निर्धारित सीट क्षमता, बच्चों की सुरक्षित संख्या, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था तथा बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला अटेंडेंट की तैनाती जैसे मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग की गई है। साथ ही स्कूलों से प्राप्त अनुपालन रिपोर्ट भी 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने को कहा गया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही आम जनता से भी बच्चों से जुड़े मामलों में सूचना देने की अपील की है।

## 10.18 ग्राम चिट्टे के साथ पंजाब का युवक गिरफ्तार, बाइक जब्त



अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नूरपुर पुलिस की सीआईए टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कंडवाल मुख्य प्रवेश द्वार पर 10.18 ग्राम चिट्टा बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। सीआईए नूरपुर की टीम वीरवार को कंडवाल मुख्य प्रवेश द्वार पर नियमित नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी।

इसी दौरान पंजाब की ओर से आ रहे एक युवक को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 10.18 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल (नंबर पीबी 06 बीए 1636) भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 26 वर्षीय राजा पुत्र जमाल सिंह, निवासी सराय मोहल्ला, गली नंबर 47, गांधी चौक, पठानकोट (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस थाना नूरपुर में मामला दर्ज किया गया है।

### आशा वर्करों की सरकार को दो टूक घोषणाएं नहीं, हक का भुगतान चाहिए

**अनंत ज्ञान, गरली।** आशा वर्कर्स यूनियन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव शशिलता ने राज्य सरकार से बजट में घोषित प्रति माह 1000 रुपए मानदेय वृद्धि को तत्काल लागू करने की जोरदार मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट में की गई घोषणा के बाद भी प्रदेशभर की हजारों आशा वर्करों को आज तक बढ़ा हुआ मानदेय नहीं मिला है। इससे आशा वर्करों में गहरा रोष और निराशा है। शशिलता ने कहा कि आशा वर्कर स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी हैं। वे भीषण गर्मी, मूसलाधार बारिश और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी घर-घर जाकर टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पल्स पोलियो और अन्य सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को सफल बनाने में दिन-रात जुटी रहती हैं। इसके बावजूद उनके योगदान के अनुरूप सम्मान और समय पर मानदेय नहीं मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सम्मानजनक मानदेय के लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखा है, उसी प्रकार आशा वर्करों के सम्मानजनक मानदेय और बेहतर कार्य सुविधाओं के लिए भी ठोस पहल की जानी चाहिए। गांवों में बैठकर रिकॉर्ड तैयार करने और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के लिए सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराना भी समय की मांग है। शशिलता ने मुख्यमंत्री द्वारा बजट में की गई 1000 रुपए मानदेय वृद्धि की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि अब प्रदेश की हजारों आशा वर्कर सरकार से केवल एक ही अपेक्षा रखती हैं 'घोषणा को धरातल पर उतारिए, बढ़ा हुआ मानदेय तुरंत जारी कीजिए।

### रेल यात्रियों को राहत, मेंटेनेंस के कारण बंद नैरो गेज ट्रेनें बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल की वादियों में टॉय ट्रेन का सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। जम्मू मंडल ने शुक्रवार के दिन स्थगित नैरो गेज ट्रेन सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बहाल कर दिया है। मंडल रेल प्रबंधक, जम्मू के निर्देश पर यात्री सुविधा को प्राथमिकता देते हुए, यह निर्णय लिया गया है। जन संपर्क निरीक्षक जम्मू मंडल राघवेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अब गाड़ी संख्या 52465, 52467, 52470, 52474, 52472, 52473, 52464 एवं 52469 शुक्रवार को भी अपने नियमित समय पर दौड़ेंगी। इन ऐतिहासिक नैरो गेज ट्रेनों के बहाल होने से कांगड़ा घाटी के पर्यटन को भी नई रफ्तार मिलेगी और स्थानीय यात्रियों का आवागमन सुगम होगा। यात्रियों को सूचित किया जाता है, सिर्फ वो ही ट्रेनें शुक्रवार को सुचारू रूप से संचालित होंगी जो शुक्रवार को मेंटेनेंस के कारण बंद की गई थी। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पहले ट्रेन की ताजा स्थिति रेलवे हेल्पलाइन *139*, एनटीईएस वेबसाइट या मोबाइल ऐप से अवश्य जांच लें।

## एनएचएआई ने प्रदेश में मानसून की तैयारियों को किया मजबूत

अनंत ज्ञान

- भूस्खलन से निपटने की पूरी तैयारी, संवेदनशील हाईवे पर बढ़ाई निगरानी

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एनएचएआई ने हिमाचल प्रदेश में चल रहे मानसून सीजन के दौरान नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक की सुरक्षित, सुचारु और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए व्यापक उपाय किए हैं। भूस्खलन, ढलान धंसने, मलबा जमा होने, बाढ़ और मानसून से जुड़ी अन्य आपदाओं की आशंका वाले संवेदनशील स्थानों की पहचान की गई है और प्राथमिकता के आधार पर बचाव के उपाय लागू किए गए हैं। एनएचएआई ने राज्यभर में नेशनल हाईवे नेटवर्क के संवेदनशील और भूस्खलन-संभावित हिस्सों का विस्तृत सर्वेक्षण किया है। इन आकलन के आधार पर, पहचाने गए स्थानों पर सुधारात्मक कार्य शुरू किए गए हैं। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती बढ़ाने और खराब मौसम के असर को कम करने के लिए, इंजीनियरिंग से जुड़े उपाय किए गए हैं, जिनमें पहाड़ी की सुरक्षा, ढलान को स्थिर करना, रिटेनिंग वॉल बनाना, जल निकासी प्रणालियों में सुधार, कटाव-रोधी उपाय और अन्य सुरक्षा कार्य शामिल हैं। उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो पिछले मानसून सीजन के दौरान बुरी तरह प्रभावित हुए थे। तत्काल बचाव उपायों के साथ-साथ, एनएचएआई ने इन हिस्सों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए स्थायी समाधानों की भी योजना बनाई है, जिसमें पुलों, सुरक्षात्मक संरचनाओं और अन्य महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण शामिल है। राज्यभर के संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त मशीनरी, तकनीकी विशेषज्ञ, फील्ड कर्मचारी और आपातकालीन प्रतिक्रिया उपकरण रणनीतिक रूप से तैनात किए गए हैं। मानसून सीजन के दौरान इन स्थानों की लगातार निगरानी की जा रही है। एनएचएआई किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए, जिला प्रशासन, पुलिस, आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### जेबीटी पोस्ट कोड-25004 की दस्तावेज जांच 7 से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि जेबीटी पोस्ट कोड-25004 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रक्रिया 7 जुलाई से शुरू होगी। इसका शेड्यूल आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों को ईमेल के माध्यम से सूचना दी जाएगी, अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। सत्यापन के समय मूल दस्तावेज, सेल्फ अटेस्टेड प्रतियां और आईडी प्रूफ साथ लाना अनिवार्य होगा। अनुपस्थित रहने पर पुनः अवसर नहीं मिलेगा।

### स्टाफ नर्स का संशोधित फाइनल परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने असिस्टेंट स्टाफ नर्स (एलोपैथी) पोस्ट कोड-25026 के फाइनल परिणाम में आंशिक संशोधन किया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि यह परिणाम पहले 24 जून को घोषित किया गया था, लेकिन कुछ अभ्यर्थियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज जमा न करने और कैटेगरी समायोजन में तकनीकी त्रुटि के कारण संशोधन करना पड़ा। संशोधित परिणाम में कुल 308 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। वहीं, पात्र उम्मीदवार उपलब्ध न होने के कारण ओबीसी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) और एससी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) के 2-2 पद रिक्त रह गए हैं।सचिव ने बताया कि संशोधित अंतिम परिणाम में सभी उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अंक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सरपंच लता देवी का राष्ट्रीय मंच पर चयन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जनपद की बलोह पंचायत की सरपंच लता देवी का चयन इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित महिला राजनीतिक नेतृत्व कार्यक्रम के लिए हुआ है। देशभर से चयनित सीमित महिला जनप्रतिनिधियों में स्थान पाकर उन्होंने हिमाचल का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के तहत उन्हें लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर मिला। साथ ही संविधान, सुशासन, सार्वजनिक नीति और नेतृत्व विकास जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### बीएसएनएल का विशेष रूरल एंट्री प्लान लॉन्च

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बीएसएनएल भारत सरकार के संशोधित भारतनेट प्रोजेक्ट के तहत हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना जिलों की 669 ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ रहा है, जिसके अंतर्गत लगभग 3131 किलोमीटर फाइबर बिछाया जा रहा है। कई विकास खंडों में कार्य पूर्ण हो चुका है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही भारतनेट उद्यमी योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा, जिसमें एफटीटीएच सेवाएं प्रदान कर वे प्रति कनेक्शन इंसेंटिव और मासिक कमीशन कमा सकते हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए बीएसएनएल ने 259 रुपए मासिक का रूरल एंट्री प्लान भी शुरू किया है, जिसमें हाई-स्पीड इंटरनेट, असीमित कॉलिंग और ओटीटी सेवाएं शामिल हैं।

### हनोह में ग्रामीणों ने की पुराने कुएं की सफाई

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज के अंतर्गत हनोह पंचायत के वार्ड नंबर-3 गारला बस्ती में ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान कर पुराने कुएं की सफाई की। इस अभियान का नेतृत्व पंचायत उपप्रधान राजिंदर सिंह ने किया, जिसमें युवाओं, बुजुर्गों और अन्य ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर कुएं में जमा गाद, कचरा और सूखी पत्तियों को निकालकर जल स्रोत को स्वच्छ बनाया। उपप्रधान ने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है, क्योंकि समय पर देखभाल न होने से ये धीरे-धीरे समाप्त हो सकते हैं। ग्रामीणों ने भविष्य में भी ऐसे अभियानों को जारी रखने और जल स्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

# नादौन में 100 करोड़ रुपए से जल्द बनेगा आधुनिक बस स्टैंड व शॉपिंग कांप्लेक्स

## सरकारी विभागों के भवनों को गिराने की मिली हरी झंडी, टेंडर प्रक्रिया की तैयारी

अनंत ज्ञान

**सोनल, नादौन।** मुख्यमंत्री सुक्खू के गृह क्षेत्र नादौन में आधुनिक मल्टी स्टोरी बस स्टैंड और शॉपिंग कांप्लेक्स बनने का रास्ता साफ हो गया है। नगर परिषद, कानूनगो, पटवार घर और कृषि विभाग के विक्रय केंद्र सहित कई भवनों को हटाने की अनुमति संबंधित विभागों से मिल चुकी है।

एसडीएम निशांत शर्मा ने बताया कि जिन विभागों की जमीन शहरी विकास विभाग को ट्रांसफर हो चुकी है, वहां बने भवनों को नियमों के तहत जल्द हटाने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी हमीरपुर द्वारा लगभग 25 कनाल भूमि ट्रांसफर की जा चुकी है। इसके अलावा वन विभाग की करीब 5 कनाल भूमि ट्रांसफर की प्रक्रिया जारी है। कुल मिलाकर 30 कनाल भूमि पर लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक बस स्टैंड, शॉपिंग कांप्लेक्स और पार्किंग सुविधा विकसित की जाएगी। इससे नादौन की पार्किंग समस्या का भी समाधान होगा। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया है। वर्तमान बस स्टैंड में स्थित नगर परिषद का दो मंजिला शॉपिंग कॉप्लेक्स के अलावा एचआरटीसी का बुकिंग ऑफिस व पुलिस चौकी के अलावा रेहड़ी-फड़ी व खोखे आदि हैं। बस स्टैंड शॉपिंग कांप्लेक्स व पार्किंग सहित आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। नादौन बस स्टैंड मुख्यमंत्री सुक्खू के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए करीब 100 करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। जिसकी पहली किस्त 25 करोड़ रुपए की जारी भी हो चुकी है। ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद एवं नादौन नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में न केवल नादौन अपितु समूचे प्रदेश का समग्र विकास हो रहा है।



> मुख्यमंत्री के निर्देश पर बस स्टैंड के विस्तार के कार्य में तेजी लाई जा रही है। करीब 25 कनाल भूमि जिलाधीश हमीरपुर द्वारा शहरी विकास विभाग के नाम ट्रांसफर कर दी गई है। विभिन्न विभागों की एनओसी के बाद नगर परिषद नादौन को सरकारी भवनों को नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया अपनाकर 15-20 दिनों में गिराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -निशांत शर्मा
> एसडीएम, नादौन।

नादौन में भी विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। नादौन बस स्टैंड व शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण होने से लोगों को सुविधा होगी यही नहीं नादौन शहर की पार्किंग की समस्या भी दूर होगी। जिसके लिए नादौन की जनता माननीय मुख्यमंत्री की धन्यवादी है।

# आंचल ने एम्स प्रवेश परीक्षा में हासिल किया प्रथम स्थान



नशा निवारण बोर्ड के निदेशक रूबल ने आंचल शर्मा को किया सम्मानित।

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की करेर पंचायत की होनहार बेटी आंचल शर्मा ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की ओर से आयोजित एमएससी न्यूक्लियर मेडिसिन टेक्नोलॉजी प्रवेश परीक्षा-2026 में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान (AIR-1) प्राप्त कर जिला हमीरपुर और पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर एचपीएमसी एवं नशा निवारण बोर्ड के निदेशक रूबल सिंह ठाकुर ने आंचल शर्मा को सम्मानित किया और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आंचल की यह सफलता क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प यह साबित करते हैं कि निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बड़सर की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं, जो पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आंचल शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके माता-पिता को भी बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि आंचल भविष्य में भी अपने क्षेत्र, प्रदेश और देश का नाम और अधिक रोशन करेंगी।

# सुक्खू सरकार पर बरसे राजेंद्र राणा ‘व्यवस्था परिवर्तन नहीं, बस्ता पतन है’

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने एचआरटीसी के सैकड़ों ग्रामीण रूट बंद होने और सड़कों की बदहाली पर सुक्खू सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार इसे ‘व्यवस्था परिवर्तन’ कहती है, पर हकीकत में ये बस्ता पतन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज गरीब की सवारी एचआरटीसी की बसें ‘लीटर-लीटर’ पर दम तोड़ रही हैं। सुजानपुर में हघ कभी टायर का बहाना, कभी डीजल के पैसे नहीं और कभी स्टाफ की कमी।

बच्चों के बस्ते स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं, कर्मचारी दफ्तर नहीं पहुंच रहा तो मरीज अस्पताल नहीं पहुंच रहा। जब स्कूल का बस्ता ही स्कूल न पहुंचे, तो समझ लो ये व्यवस्था परिवर्तन नहीं, ‘बस्ता पतन’ है। राजेंद्र राणा ने कहा कि इससे पहले इतनी बड़ी संख्या में बस रूट किसी भी सरकार में बंद नहीं हुए।

300 से ज्यादा रूट प्राइवेट को 30: सब्सिडी देकर सौंप दिए। जिले में ही 18 रूट निजी हाथों में हैं। सुजानपुर और पूरे जिला की कई अहम बस सेवाएं ‘आय कम’ कहकर बंद कर दी। क्या यही जन कल्याण है? उन्होंने सवाल किया कि निगम को सालाना 840 करोड़ का घाटा बताकर रूट बंद किए जा रहे हैं, तो मंत्रियों के काफिले और नई गाड़ियों के लिए बजट कहां से आ रहा है?

**कंडम व्यवस्था बदलने की बजाय रूट बंद क्यों :** 9 लाख किमी चल चुकी, 500 कंडम बसों की दशा को बदलने की बजाय रूट ही बंद कर देना कौन सी नीति है? सरकार इतनी निर्धन हो गई कि जनता को बुनियादी परिवहन भी नहीं दे सकती? धैल-पटलांदर से हमीरपुर रूट पर सुबह जाने वाली बस महीने में 4-5 दिन खराब ही रहती है। रविवार को इस रूट पर अधिकतर बसें अवकाश पर चली जाती है। हमीरपुर-टौणीदेवी-जंगलबैरी रूटों सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का भी ऐसा ही हाल है। कभी बस या चालक-परिचालक भी नहीं मिलते हैं। बीच रूट पर बसें खराब होना आम हो गया है। अगर सुजानपुर में ही परिवहन सेवा का ऐसा हाल है तो पूरे प्रदेश में कितना बुरा हाल होगा। सड़कों की हालत पहले ही खराब बनी हुई है। राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया कि सब्सिडी प्राइवेट को देने की बजाय निगम को सुदृढ़ करें। नई बसें खरीदें, रूट बहाल करें। उन्होंने कहा कि जब बस्ता गिरता है तो किताबें बिखरती हैं और जब व्यवस्था गिरती है तो जनता बिखरती है।

# पीओ सेल ने उद्घोषित अपराधी को कांगड़ा जिले के नूरपुर से किया गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीओ सेल हमीरपुर ने एएसआई मनोज कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए उद्घोषित अपराधी मीनाक्षी, निवासी बलोखर, टाउन भराड़ी, थाना भोरंज, जिला हमीरपुर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी एफआईआर संख्या 76-2021, दिनांक 20.05.2021, थाना भोरंज के तहत धारा 325, 323 व 504 आईपीसी में वांछित थी और माननीय एसीजेएम हमीरपुर (कैंप भोरंज) द्वारा उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पीओ सेल की सतत निगरानी, खुफिया सूचना और लगातार प्रयासों के बाद आरोपी को 02 जुलाई 2026 को मदनपुर, नूरपुर (कांगड़ा) से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# मुख्याध्यापक पदोन्नति सूची इसी माह जारी करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश प्रमोटी स्कूल लेक्चरर संघ, जिला हमीरपुर ने प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की है कि मुख्याध्यापक पदों के लिए लंबित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक शीघ्र आयोजित कर जुलाई माह के भीतर पदोन्नति सूची जारी की जाए, ताकि वर्षों से प्रतीक्षा कर रहे पात्र शिक्षकों को उनका अधिकार मिल सके। संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार नंदा और जिला महासचिव विनोद कुमार शर्मा ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि प्रदेश के 700 से अधिक सरकारी उच्च विद्यालय वर्तमान में नियमित मुख्याध्यापकों के बिना संचालित हो रहे हैं। इससे विद्यालयों की प्रशासनिक व्यवस्था, शैक्षणिक नेतृत्व और शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा पदोन्नति प्रक्रिया की आवश्यक औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर ली गई हैं और पात्र शिक्षकों का पैनल भी तैयार है, लेकिन पंचायत चुनावों के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता के कारण डीपीसी बैठक नहीं हो सकी, जिससे पूरी प्रक्रिया लंबित रह गई है। संघ पदाधिकारियों ने चिंता जताई कि देरी के कारण कई वरिष्ठ शिक्षक बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिससे उनका मनोबल प्रभावित हो रहा है और विद्यालयों में नेतृत्व की कमी बनी हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद तुरंत डीपीसी बैठक आयोजित कर जुलाई माह में पदोन्नति सूची जारी की जाए। संघ ने आशा व्यक्त की कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी।

# एसडीएम ने किया बाईपास फोरलेन का निरीक्षण पांच दिन में खामियां दूर करने के दिए निर्देश



नादौन बाईपास का निरीक्षण करते हुए अधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन बाईपास फोरलेन पर यातायात हो रही सड़क दुर्घटनाओं का कड़ा संज्ञान लेते हुए एसडीएम निशांत शर्मा ने टीम सहित बाईपास का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ खामियां पाई गई हैं, जिन्हें मध्यनजर रखते हुए फोरलेन के अधिकारियों को 5 दिन के भीतर खामियां दूर करने के निर्देश दिए हैं।

फोरलेन का एसडीएम की अनुवाई में निरीक्षण कर ही टीम में एसएचओ इंस्पेक्टर निर्मल सिंह, यातायात प्रभारी नरेश कुमार, अधिशासी अभियंता राजेंद्र जुबलानी, एसडीओ पंकज कौशल, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद रमन कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। भट्ठा गांव से सीमावर्ती भड़ोली गांव तक दुर्घटना संभावित स्थलों का जायजा लेकर निर्देश देते हुए कहा कि जो खामियां रह गई हैं, उन्हें 5 जुलाई तक पूरा करके ही इस मार्ग को यातायात के लिए खोला जाए। निशांत ने निर्देश दिए कि भट्ठा से कांगू मार्ग, गगाल में डिग्ती कॉलेज मार्ग, बाइपास के मुहाने पर, अस्पताल मार्ग, गुरुद्वारा मार्ग क्रासिंग पर चेतावनी बोर्ड, स्पीड लिमिट तया सड़क पर मार्किंग का कार्य शीघ्र किया जाए।

उन्होंने गुरुद्वारा मार्ग के पास उच्च गुणक्ता वाले कैमरा लगाने तथा नए ब्यास पुल पर फुटपाथ को और सुगम बनाने के भी निर्देश दिए। इसी मार्ग पर अस्पताल मार्ग के पास स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा इन समस्याओं के शीघ्र समाधान को कहा।

# सड़क किनारे नालियों पर डाले कंक्रीट के स्लैब को तोड़कर लोहे के जंगले लगाए जाएं : एसडीएम

## निशांत शर्मा ने ब्यास पुल, अपर बाजार और कुमार मार्केट का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन में हुई भारी बारिश के कारण बस अड्डा के निकट कुमार मार्केट की दुकानों में पानी घुस जाने तथा पुराने ब्यास पुल पर पानी व मलबा आने की घटनाओं को लेकर प्रशासन ने इन स्थलों का जायजा लिया।

एसडीएम निशांत शर्मा, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेंद्र जुबलानी एवं नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन कुमार की संयुक्त टीम ने केंद्रीय विद्यालय से लेकर ब्यास पुल, अपर बाजार तथा कुमार मार्केट का दौरा किया। निशांत शर्मा ने निर्देश दिए कि बस अड्डा से अपर बाजार होते हुए जाने वाले नाले में भरी गाद को निकालने तथा जहां पर यह बंद है उसे खोलने का प्रबंध किया जाए। समय के साथ-साथ इस नाले पर अत्याधिक अतिक्रमण हो चुका है। वहीं, बस अड्डा के निकट नाले में आने वाले पानी को दूसरी ओर डायवर्ट किया जाएगा, ताकि नाले में ऊपर से आने वाला पानी न जा सके। वहीं मुख्य मार्ग पर सब्जी मंडी के पास, बस अड्डा के पास तथा पुल के निकट विश्राम गृह के पास पानी निकासी के उचित प्रबंध किए जाएंगे। जहां आवश्यक होगा वहां इस मार्ग पर पानी को दूसरी ओर डायवर्ट किया जाएगा। सड़क किनारे नालियों पर डाले गए बड़े बड़े कंक्रीट के स्लैब तोड़े जाएंगे और भू-मालिकों से आग्रह किया कि वह वहां लोहे के खुलने वाले जंगले लगाएं, ताकि जरूरत पड़ने पर इन्हें खोल कर सफाई की जा सके। अधिकारियों ने लोगों से आग्रह किया है कि इस कार्य के लिए जनहित में वह प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर एसडीओ पंकज कौशल, जे ई सुरेश कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। निशांत शर्मा ने कहा कि यह कार्य पूर्ण होने पर शहर के बाजार तथा ब्यास पुल पर पानी आने की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।



निरीक्षण करते एसडीएम और अन्य अधिकारी। अनंत ज्ञान

# 8 लाख की चोरी की गुत्थी सुलझी, दो आरोपी गिरफ्तार, सोना-चांदी बरामद

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन पुलिस की ओर से गत 16 जून को डगोह गांव के एक घर में हुई चोरी के मामले की गुत्थी को तफ्तीश के दौरान हल करके महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है।

मामले में आरोपी इशांत धीमान निवासी गांव व डाकघर डुढाणा नादौन तथा कार्तिक कौशल निवासी गांव बदेहड़ा, डाकघर बटराण नादौन को 29 जून को गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान अंकित कुमार ज्वेलर्स ने पुलिस के समक्ष लगभग 6 से 7 लाख मूल्य का 45 ग्राम पिघला हुआ सोना तथा 195 ग्राम पिघली हुई चांदी प्रस्तुत की है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उक्त धातु आरोपीगण द्वारा बेचे गए आभूषणों को पिघलाकर तैयार की गई थी। बरामद सोना एवं चांदी को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ इंस्पेक्टर निर्मल सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से अदालत ने दोनों आरोपियों 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गौर हो कि डगोह गांव निवासी रमना देवी पत्नी विजय कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर से करीब आठ लाख रुपए के सोने व चांदी के गहने चोरी किए गए हैं।





पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार दोनों आरोपी। अनंत ज्ञान

◆ **दोनों आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा**

**अनदेखी** हाईवे अथॉरिटी ने मिट्टी डालकर निभा दी जिम्मेदारी, एक साल से टूटा हिस्सा जस का तस

# करेर के पास 503 सुपरफास्ट हाईवे पर सफर जानलेवा

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** सुपर फास्ट हाईवे 503 ऊना-बड़सर-भोटा जानलेवा बनता जा रहा है। पिछले लगभग 1 वर्ष पूर्व भारी बरसात से क्षतिग्रस्त हाईवे को अभी तक ठीक नहीं करवाया गया है। बड़सर उपमंडल के हाई स्कूल करेर के पास ढंगा गिर जाने के चलते मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ है।

यह हाईवे उना से नीरचौंक जाता है। करेर के पास जहां पर हाईवे क्षतिग्रस्त हुआ है विभाग ने एक वर्ष पूर्व खतरे को देखते हुए एक लाइन पर बौल्डर बजरी और मिट्टी डालकर अपना फर्ज अदा कर दिया है। इस स्थान पर लगभग एक दर्जन के करीब मोटरसाइकिल बस स्कूटी चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर हड्डी पसली यहां तक की टांग तुड़ाबा कर हाईवे अथॉरिटी को कोस रहे हैं। अब सवाल एक और खड़ा होता जहां से सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त है कुछ दूरी पर सरकार द्वारा सीसी कैमरा व्हीकल की गति नापने के लिए लगा रखा है। अगर इस हाइवे पर थोड़ी सी गति तह सीमा से ज्यादा होने पर ऑटोमेटिक चालान हो जाता है। क्षेत्र की जनता सरकार से सवाल पूछ रही है कैमरे में चालान हो जाता फिर सरकार और विभाग को टूटी सड़क क्यों नहीं दिखाई देती हैं। यहां पर अगर कोई बड़ा हादसा होने पर किसी घर का चिराग बुझ जाता है तो इसकी भरपाई कौन करेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि करेर के पास क्षतिग्रस्त सड़क बारे में विभागीय अधिकारियों कर्मचारी को अवगत करवाया गया है परंतु विभागीय अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगती है। लोगों का यह भी कहना है कि यह हाईवे व्यस्ततम मार्ग में से एक है यहां पर दिन-रात सैकड़ों बाहन गुजरते हैं हाईवे के साथ रहने वाले लोगों को या डर सताता रहता है की सड़क क्षतिग्रस्त होने के चलते कोई बाहन एक दूसरे से पास लेते वक्त गति सीमा अधिक होने पर घर में भी घुस सकता है। इसी चक्कर में लोगों की रात की नींद भी हराम हो गई है। अब बरसात शुरू होने वाली जिस जगह पर सड़क का डंगा टूटा है, अगर समय रहते इस डंगे को लगाया नहीं गया तो सड़क मार्ग भारी बरसात में बंद भी हो सकता है। कई बार हाईवे एक्सईएन दीपक कपिल को मोबाइल पर संपर्क साधने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाना उचित नहीं समझा।



पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त हुए था हाईवे। अनंत ज्ञान

# धूमल ने पूर्व मंत्री विजयेंद्र सिंह के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री तथा नालागढ़ रियासत के वंशज राजा विजयेंद्र सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राजा विजयेन्द्र सिंह का निधन प्रदेश की राजनीति और सार्वजनिक जीवन के लिए एक अपूरणीय क्षति है। अपने शोक संदेश में प्रो. धूमल ने कहा कि राजा विजयेंद्र सिंह ने लंबे समय तक जनसेवा और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहते हुए हिमाचल प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री के रूप में उन्होंने जनहित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता दी। प्रो. धूमल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार, उनके समर्थकों तथा समस्त शुभचिंतकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त कीं।

# नशामुक्त जीवन की शपथ के साथ जागरुकता और अनुशासन पर जोर

## सुजानपुर टिहरा कॉलेज में अभिनंदन कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का आयोजन

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद उत्कृष्ट राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए आयोजित अभिनंदन (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, अनुशासन, नशामुक्ति, रैगिंग निषेध तथा आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासित जीवन, उच्च आदर्शों और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। प्रो. प्रमोज शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए इसे कौशल विकास, रोजगारपरक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास के लिए उपयोगी बताया। डॉ. दिव्या शर्मा ने रैगिंग निषेध नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालय में शून्य सहिष्णुता की नीति लागू है। डॉ. राजीव भंडारी ने नई शिक्षा नीति की क्रेडिट प्रणाली और पाठ्यक्रम संरचना की जानकारी दी, जबकि प्रो. राजीव ठाकुर ने आपदा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रो. वंदना ने मतदान एवं इनेबलिंग इकाई की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपप्राचार्या डॉ. सुमन शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों से शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर कई प्राध्यापक उपस्थित रहे।



विद्यार्थियों से शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का किया आह्वान। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### बीबीएमबी की सुकेती खड्ड से दूर रहने की चेतावनी

अनंत ज्ञान, भौर। मानसून के आगमन के साथ ही बीबीएमबी प्रशासन सतर्क हो गया है। प्रशासन ने सुकेती खड्ड के किनारे स्थित सभी पंचायतों के लोगों से अपील की है कि वे खड्ड के पास न जाएं और न ही उसे पार करने का प्रयास करें। बीबीएमबी प्रशासन ने बताया कि बीएसएल परियोजना की झील में जमा गाद (सिल्ट) निकालने का कार्य लगातार जारी है। इस दौरान पानी के साथ तेज गति से सिल्ट सुकेती खड्ड में प्रवाहित होगी, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रह सकती है। प्रशासन ने लोगों से स्वयं तथा अपने पशुओं को भी खड्ड की ओर न ले जाने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। गौरतलब है कि हर वर्ष जुलाई और अगस्त के बरसाती मौसम में बीबीएमबी प्रशासन बीएसएल परियोजना की झील से सिल्ट निकालने के लिए ड्रेजर जैसी आधुनिक मशीनों का उपयोग करता है। इसी को देखते हुए लोगों से प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

### शिक्षा मंत्री 5 को करेंगे स्कूल भवनों का लोकार्पण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मंडी जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। इस दौरान वे विभिन्न राजकीय पाठशालाओं के भवनों के शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार रोहित ठाकुर 4 जुलाई को सायंकाल सुंदरनगर पहुंचेंगे, जहां उनका रात्रि ठहराव होगा। शिक्षा मंत्री 5 जुलाई को प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देयोटी के नवनिर्मित भवन तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला देयोटी के नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण करेंगे। इसके अतिरिक्त वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बथेरी तथा ग्राम पंचायत सेगली की राजकीय प्राथमिक पाठशाला कोटाधार के भवन की आधारशिला भी रखेंगे। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री लोगों की समस्याएं सुनेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मिलेंगे।

### काव्या शर्मा का सरकाघाट स्कूल में भव्य स्वागत



अनंत ज्ञान, सरकाघाट। पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरकाघाट के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि विद्यालय की कक्षा 11 की प्रतिभाशाली छात्रा काव्या शर्मा ने 13 जून से 22 जून तक सर्बिया में आयोजित विश्व विद्यालय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर विद्यालय, क्षेत्र तथा प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। काव्या शर्मा ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर पहले राष्ट्रीय स्तर की चयन प्रतियोगिता में देशभर की 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में स्थान बनाया। इसके उपरांत रांची में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे चरण में 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया। अंतिम चयन प्रक्रिया में काव्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम की 12 सदस्यीय अंतिम टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता अजरात ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी काव्या शर्मा को शॉल एवं हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रशिक्षक राकेश ठाकुर को उनके समर्पित, निस्वार्थ एवं अथक प्रयासों के लिए विशेष रूप से बधाई दी।

### एसडीएम ने बाल गृह भरनाल एवं आंगनबाड़ी केंद्र घरवासड़ा का किया औचक निरीक्षण

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) सरकाघाट, राजेंद्र कुमार गौतम ने वीरबार को उपमंडल के अंतर्गत स्थित बाल गृह भरनाल एवं आंगनबाड़ी केंद्र घरवासड़ा का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बाल गृह भरनाल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अध्ययन कक्ष, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, भोजनालय, शयन कक्ष, बैठक कक्ष सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की शिक्षा, रहन-सहन, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने बाल गृह में रह रहे बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनके साथ कुछ समय बिताया। इसके उपरांत एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र घरवासड़ा का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही पोषण सेवाओं, स्वच्छता, शिक्षण सामग्री एवं अन्य विभागीय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र में आने वाले प्रत्येक बच्चे को निर्धारित सुविधाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

### सुंदरनगर में ड्राइविंग टेस्ट 15 जुलाई को

अनंत ज्ञान, महादेव। सुंदरनगर प्रशासन द्वारा गाड़ियों की पासिंग सहित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की तिथियां तय कर दी गई हैं। 15 जुलाई को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट करनोडी स्थित मॉडल स्कूल के निकट मैदान में लिए जाएंगे। वहीं 13 जुलाई को निजी वाहनों की पासिंग तथा 14 जुलाई को व्यवसायिक वाहनों की पासिंग की जाएगी।

### ऑनलाइन जमा होंगे पेंशनर्स के जीवन प्रमाण पत्र

अनंत ज्ञान, महादेव। हिमाचल प्रदेश सरकार के वित्त विभाग (कोषागार, लेखा एवं लॉटरी) ने वर्ष 2026-27 के लिए पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र जमा करने संबंधी नए निर्देश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार 1 जुलाई से 30 सितंबर 2026 तक सभी पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र के माध्यम से ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होगा। हालांकि चिकित्सकीय रूप से अक्षम पेंशनरों को छूट दी गई है और वे पहले की तरह चिकित्सक से प्रमाणित मैनुअल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकेंगे। विभाग ने बताया कि पेंशनर अपने निकटतम कोषागार, बैंक शाखा, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या लोक मित्र केंद्र में जाकर यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल फोन पर जीवन प्रमाण एप के जरिए घर बैठे भी डिजिटल सत्यापन की सुविधा उपलब्ध है। वित्त विभाग ने सभी जिला एवं उप-कोषागार अधिकारियों को समय सीमा के भीतर जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने और पेंशनरों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं, ताकि पेंशन वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए।

### सरकाघाट में 5 को होगी पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। इंडियन फिटनेस फेडरेशन के तत्वावधान में 5 जुलाई को राज फिटनेस सेंटर, सरकाघाट में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 8 बजे होगा। इसमें लेग प्रेस और बेंच प्रेस की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी, जिनका आयोजन विभिन्न वेट कैटेगरी के अनुसार किया जाएगा। प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग के इच्छुक प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करना है। राज फिटनेस सेंटर के संचालक राजीव ठाकुर ने बताया कि यह प्रतियोगिता नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत आयोजित की जा रही है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेकर खेलों को बढ़ावा देने और नशे से दूर रहने का संदेश देने की अपील की।

### जनगणना : मकान सूचीकरण की प्रगति की समीक्षा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण व मकानों की गणना के कार्य की प्रगति की समीक्षा तथा कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गत दिवस निदेशक दीप शिखा शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपमंडलाधिकारी, तहसीलदार एवं जनगणना प्रभारी अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनगणना से संबंधित क्षेत्रीय गतिविधियों में अपेक्षित तेजी लाने, सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी गतिविधियों का निष्पादन करने तथा डाटा गुणवत्ता एवं डाटा कवरेज को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

### पीड़ित परिवारों की करें मददः सूबेदार मेजर रविंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट के प्रतिनिधिमंडल ने वीरबार को चमयाणु निवासी हवलदार टेक चंद के निधन पर उनके घर जाकर शोक व्यक्त किया। इस दौरान संगठन ने पूर्व सैनिक के परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। कैंटीन मैनेजर की सराहनीय पहल से मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएसडी कैंटीन सरकाघाट के मैनेजर सूबेदार मेजर रविंद्र कुमार चौहान ने फ्यूनरल ग्रांट के रूप में 10,000 की सहायता राशि जारी की। उन्होंने एक विशेष संदेश देते हुए कहा कि, 'सभी पूर्व सैनिक संगठन और इकाइयां इसी तरह समन्वय बनाकर कार्य करें। जब भी किसी पूर्व सैनिक का निधन हो, संगठन के लोग तुरंत उनसे मिलकर ग्रांट की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता पहुंचाने में कोई देरी न हो।' समय पर मदद ही सच्ची सेवा को साबित करते हुए, संगठन के प्रतिनिधियों ने कैंटीन मैनेजर की अगुवाई में यह राशि परिवार को सुपुर्द की।

# चुनावी नतीजों से खिसकी सुक्खू सरकार के पैरों तले जमीन : जयराम

## पूर्व सीएम बोले-प्रदेश की जनता सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर जिला परिषद के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत का जश्न मनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पंचायत और स्थानीय नगर निकाय चुनावों के हालिया नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि हिमाचल प्रदेश की जनता सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की जनविरोधी नीतियों और कार्यप्रणाली से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है, जिसके कारण अब सरकार के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि इन चुनावों ने आने वाले विधानसभा चुनावों की पटकथा लिख दी है, जहां कांग्रेस सरकार का इससे भी बुरा हश्र होगा और भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ एकतरफा जीत दर्ज करेगी। मुख्यमंत्री पर सीधा निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर, रातों-रात नियमों में बदलाव कर रही है और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर तरह-तरह के प्रशासनिक व राजनीतिक दबाव बनाकर चेयरमैन, वाइस चेयरमैन तथा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के पदों पर जबरन कब्जा करने की साजिशें रच रही है, लेकिन जनता और विपक्ष उनके इस षड्यंत्र को कभी कामयाब नहीं होने देंगे।



आपदा प्रबंधन के मुद्दे पर सुक्खू सरकार को घेरते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंडी जिले ने हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान सबसे अधिक नुकसान झेला था, परंतु राहत और पुनर्वास की दिशा में काम करने के बजाय संवेदनहीन सरकार ने इस जिले को आवंटित की गई आपदा राहत राशि को भी वापस ले लिया है, जिससे आज यहां के प्रभावित लोग पूरी तरह से बदहाली में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेश की जागरूक जनता सरकार के इन जनविरोधी फैसलों, साजिशों और भेदभावपूर्ण नीतियों को कभी नहीं भूलेगी तथा आने वाले समय में लोकतांत्रिक तरीके से इस तानाशाही का करारा जवाब देकर प्रदेश में विकासोन्मुखी सरकार की वापसी का मार्ग प्रशस्त करेगी। इससे पूर्व उन्होंने जिला परिषद मंडी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की निर्विरोध विजय के उपलक्ष्य में आयोजित विजय रैली में शिरकत की और नवनिर्वाचित जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला परिषद सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

वीरवार सुबह ही जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव से पहले 29 सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से मिले और मंडी सर्किट हाउस में बैठक कर अध्यक्ष पद के लिए खिलडा वार्ड से सदस्य अमरू राम और उपाध्यक्ष के लिए थाची वार्ड से बोदी देवी के नाम पर सर्वसहमति बनाई। इस मौके पर विधायक अनिल शर्मा, विनोद राकेश जम्वाल, इंद्र सिंह गांधी, पूर्ण चंद, दीपराज, दलीप ठाकुर और भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद भी उपस्थित रहे।

# अमरू राम को निर्विरोध चुना मंडी जिला परिषद का अध्यक्ष



अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र सौंपते उपायुक्त अपूर्व देवगन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। जिला परिषद मंडी के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पीठासीन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन द्वारा संपन्न की गई। जिला परिषद सभागार मंडी में हुए निर्वाचन में जिला परिषद वार्ड नंबर 21 खिलड़ा से सदस्य अमरू राम निवासी गांव पटयोड़ा, डाकघर मलोह को निर्विरोध जिला परिषद अध्यक्ष चुने गए।

वहीं, वार्ड नंबर 9 थाची से जिला परिषद सदस्य बोदी देवी निवासी गांव भनवाड़ी डाकघर थाची को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया। इसके उपरांत पीठासीन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने

### बोदी देवी को चुना उपाध्यक्ष, उपायुक्त ने दिलाई शपथ

नवनिर्वाचित जिला परिषद अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सदर से विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, विनोद कुमार, राकेश जमवाल, इंद्र सिंह, दलीप ठाकुर, पूर्ण चंद ठाकुर, दीपराज सहित जिला परिषद के नवनिर्वाचित सदस्य, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह तथा जिला पंचायत अधिकारी एवं सचिव जिला परिषद अंकित डोगरा भी उपस्थित रहे।

# रिवालसर में अज्ञात चोरों ने पांच दुकानों में लगाई सेंध

अनंत ज्ञान, रिवालसर। बुधवार देर रात रिवालसर बाजार में अज्ञात चोरों ने पांच दुकानों में सेंधमारी कर हजारों की नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर लिया। शातिरों ने रात के अंधेरे में उन्ही दुकानों को निशाना बनाया जिनकी बैक साइड में वेंटीलेटर थे। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर रिवालसर बस स्टाप स्थित गुरुदेव की चिकन शाप से करीब 4 हजार की नगदी, नागेंद्र टी स्टाल से करीब 12 हजार रुपए, कमल भाटिया की रेडीमेड कपड़ों की शॉप से लगभग 2 दर्जन पैंट कमीज व अन्य परिधान तथा गल्ले में रखी करीब 12 हजार की नकदी इसके साथ शातिर मनीश कुमार के ढाबे से करीब 15 हजार रुपए से अधिक की नगदी व अन्य कीमती सामान उड़ा ले गये। शातिरों ने सब्जी विक्रेता गीता नंद की दुकान में भी चोरी का प्रयास किया लेकिन कामयाब नहीं हो पाये। वहीं स्थानीय पुलिस अज्ञात चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। तथा संदिग्धों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। चोरी की इस घटना से रिवालसर के दुकानदारों में भारी रोष है। स्थानीय व्यापार मंडल प्रधान नरेश शर्मा ने नगर क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा बढ़ाने जिसमें नाइट पेट्रोलिंग व आधुनिक सीसीटीवी लगाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने बताया की पुलिस शातिरों की तलाश में जुट गई है।



# बैहना-टिक्कर-भड़याल सड़क की मरम्मत शुरू

## अनंत ज्ञान में प्रकाशित समाचार के बाद हरकत में आया विभाग




अनंत ज्ञान के 22 जून के अंक में छपी खबर।



बैहना-टिक्कर बाया मलवाणा-भड़याल सड़क पर शुरू हुआ पैचिंग कार्य।

अनंत ज्ञान

महेंद्र सिंह राणा, बैहना। बैहना-टिक्कर बाया मलवाणा-भड़याल सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित जनहित की खबर का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। लंबे समय से जगह-जगह क्षतिग्रस्त इस सड़क पर संबंधित विभाग ने पैचिंग कार्य शुरू कर दिया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में राहत और संतोष का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मरम्मत कार्य आरंभ कर दिया है। उल्लेखनीय है कि 22 जून को अनंत ज्ञान ने इस सड़क की जर्जर स्थिति और लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद विभाग हरकत में आया और अब सड़क पर पैचिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार सड़क की उखड़ी हुई टायरिंग का नवीनीकरण भी शीघ्र कराया जाएगा, जिससे सड़क पूरी तरह सुगम और सुरक्षित बन सकेगी। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि विभाग शेष कार्य भी जल्द पूरा करेगा ताकि बरसात के मौसम में लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। स्थानीय लोगों ने जनहित के इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने पर अनंत ज्ञान का आभार भी व्यक्त किया।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

# गर्ल्स बास्केटबॉल हॉस्टल सरकाघाट में प्रवेश के लिए 6 जुलाई को होगा ट्रायल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। प्रदेश सरकार द्वारा इसी सत्र से सरकाघाट कॉलेज में गर्ल्स बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल खोला गया है। सरकार ने इसी सत्र से सरकाघाट में यह सुविधा उपलब्ध करवा दी है। रबींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में महिला बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल में प्रवेश के लिए 6 जुलाई को चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने प्रदेश भर से +2 पास योग्य एवं इच्छुक महिला बास्केटबॉल खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने का आह्वान किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को सरकार के नियमानुसार निशुल्क शिक्षा, छात्रावास सुविधा, पौष्टिक भोजन (मैस), उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण, विशेषज्ञ कोचिंग तथा आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स हॉस्टल का उद्देश्य प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों को शिक्षा एवं खेल का बेहतर वातावरण प्रदान कर उन्हें राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल महाविद्यालय की स्पोर्ट्स समिति एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से निर्धारित मानदंडों के अनुसार संपन्न कराए जाएंगे। ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने और उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# दीपक शर्मा ने किसानों संग की धान रोपाई

## कांग्रेस नेता ने कहा-किसान देश की समृद्धि की असली ताकत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं महासचिव, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी दीपक शर्मा ने वीरबार को सदर विधानसभा क्षेत्र की धन्यारा पंचायत के ग्रामीणों एवं किसानों के स्नेहपूर्ण आमंत्रण पर उनके साथ धान रोपाई में भाग लिया। इस दौरान वह स्वयं खेतों में उतरकर किसानों के साथ धान की पौध लगाते नजर आए और उनके कठिन परिश्रम, समर्पण तथा संघर्ष को करीब से समझा। उन्होंने कहा कि कीचड़ से भरे खेतों में घंटों मेहनत कर देश का अन्न पैदा करने वाले किसान वास्तव में राष्ट्र की रीढ़ हैं और उनके योगदान का कोई विकल्प नहीं है। धान रोपाई के दौरान दीपक शर्मा ने कहा कि वर्षों बाद खेतों में उतरकर उन्हें अपने बचपन के दिन याद आ गए। उन्होंने बताया कि बचपन में वह भी परिवार और गांव के लोगों के साथ



धन्यारा पंचायत में किसानों के साथ खेतों में धान की रोपाई करते दीपक शर्मा।

खेतों में धान रोपाई किया करते थे। आज जब फिर उसी मिट्टी में काम करने का अवसर मिला तो खेतों की सौंधी खुशबू, ग्रामीण जीवन का अपनापन और सामूहिक श्रम की परंपरा फिर से जीवंत हो उठी। उन्होंने कहा कि गांव की संस्कृति और किसानों के जीवन से जुड़ी ये स्मृतियां आज भी उनके जीवन की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि देश की खुशहाली, खाद्य सुरक्षा और आत्मनिर्भरता किसानों की मेहनत पर ही आधारित है। हमारी थाली तक पहुंचने वाले अन्न के प्रत्येक दाने के पीछे किसानों का त्याग, संघर्ष और अथक परिश्रम छिपा होता है। इसलिए अन्नदाताओं का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। दीपक शर्मा ने धन्यारा पंचायत के ग्रामीणों द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान और आत्मीय स्वागत के लिए सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उनके साथ यशकांत कश्यप, जसवंत, विद्या सागर, दया राम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मनरेगा बंद करना मजदूरों के अधिकारों पर हमला : अरुण

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, हिमाचल प्रदेश के सह-अध्यक्ष अरुण आर्य ने कहा कि 1 अगस्त 2026 से मनरेगा की जगह जीबीजीआरएम लागू करने का निर्णय करोड़ों ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि मनरेगा एक अधिकार-आधारित योजना थी, जिसमें रोजगार मांगना कानूनी अधिकार था, जबकि नई व्यवस्था में इसे डिमांड-आधारित बनाकर मजदूरों के अधिकार कमजोर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन देशभर में 'काम मांगो अभियान' शुरू करेगा, जिसके माध्यम से मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही सभी विपक्षी दलों, किसान संगठनों, मजदूर संगठनों और सामाजिक संस्थाओं से अभियान में शामिल होने की अपील की जाएगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर आम जनता के अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मजदूरों के हितों के खिलाफ लिए गए इस निर्णय का लोकतांत्रिक तरीके से पुरजोर विरोध किया जाएगा।

# डैहर कॉलेज में वाणिज्य संकाय को बहाल करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। राजकीय महाविद्यालय डैहर में वाणिज्य संकाय को बंद किए जाने के निर्णय को वापस लेने हेतु ग्राम पंचायत बरोटी और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और लोगों ने अपनी आवाज बुलंद कर दी है। इसी कड़ी में डैहर कॉलेज के पीटीए अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, ग्राम पंचायत बरोटी के प्रधान जगरनाथ, डैहर पंचायत के प्रधान अजय कुमार मोदगिल, शीतला गौ सदन अलसू के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष सोहन लाल शाह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर से भेंट की और उन्हें मांग पत्र दिया। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सीपीएस को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नाम तैयार मांग पत्र सौंपते हुए आग्रह किया कि उनके माध्यम से राज्य सरकार तक क्षेत्र की भावनाएं पहुंचाई जाएं। उन्होंने मांग की कि राजकीय महाविद्यालय

### जनप्रतिनिधियों ने पूर्व सीपीएस सोहन लाल को सौंपा मांग पत्र

डैहर में वाणिज्य संकाय को बंद करने के फैसले को तुरंत वापस लिया जाए, क्योंकि इससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वाणिज्य संकाय बंद होने से अनेक छात्रों को अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने या दूरस्थ शिक्षण संस्थानों का रुख करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। वहीं, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के समक्ष उठाएंगे और डैहर कॉलेज में वाणिज्य संकाय को यथावत जारी रखने के लिए सकारात्मक समाधान निकालने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

# घुकनू में पानी की टंकी में मिली मिट्टी, रेत व पत्थर

अनंत ज्ञान

विजय कुमार, हटगढ़। ग्राम पंचायत महादेव के गांव घुकनू में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। गांव के दो परिवार पिछले दो दिनों से पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। स्थानीय निवासी मीना कुमारी ने बताया कि उनके घर में पिछले दो दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही थी। जब उन्होंने घर को पेयजल टंकी की जांच की तो उसमें मिट्टी, रेत और पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े जमा मिले। टंकी में मौजूद पानी भी पीने योग्य नहीं था, जिससे परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मीना कुमारी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2026 में अपने घर की पानी की टंकी की अच्छी तरह सफाई करवाई थी, लेकिन इसके बावजूद दोबारा टंकी में मिट्टी, रेत और पत्थर जमा हो गए, जिससे पानी दूषित हो गया है।



### लोगों ने विभाग से जांच और निगरानी करने की उठाई मांग

उन्होंने आशंका जताई कि समस्या जलापूर्ति लाइन या स्रोत में गड़बड़ी के कारण हो सकती है। स्थानीय निवासी जगदीश कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पानी में अजीब प्रकार की दुर्गंध भी आ रही है। उनका कहना है कि जल शक्ति विभाग को पानी के नमूनों की तत्काल जांच करवानी चाहिए तथा समय-समय पर जल गुणवत्ता का परीक्षण सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके।

## दरकार

### सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद ने एग्रीमेंट में बदलाव की उठाई मांग

# टिहरा चौक अवाहदेवी में रेन शेल्टर की दरकार

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। धाड़ता क्षेत्र की जनता आज भी टिहरा चौक, अवाहदेवी में रेन शेल्टर की सुविधा से वंचित है। बरसात के मौसम में यात्रियों को बस का इंतजार खुले आसमान के नीचे भीगते हुए करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकार, संबंधित विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कंपनी की अनदेखी के कारण वर्षों से यह समस्या जस की तस बनी हुई है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह को ज्ञापन भेजकर जनहित में हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि अवाहदेवी चौक से अवाहदेवी बाजार और टिहरा की ओर जाने




टिहरा चौक अवाहदेवी में रेन शेल्टर न होने के कारण बारिश में भीगते लोग। अनंत ज्ञान

वाली सड़क लोक निर्माण विभाग के अधीन आती है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि विभाग यात्रियों की सुविधा के लिए यहां रेन शेल्टर का निर्माण क्यों नहीं करवा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कंपनी ने रेन शेल्टर ऐसे स्थान पर बना दिया है, जहां से यात्री बसों में सवार ही नहीं होते, जबकि टिहरा चौक क्षेत्र का प्रमुख बस परिवर्तन केंद्र है। यहां से प्रतिदिन टिहरा, संधोल, सरकाघाट, मंडी, हमीरपुर, ऊना और चंडीगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए हजारों यात्री बसें बदलते हैं। इसके बावजूद सबसे अधिक जरूरत वाले स्थान पर आज तक रेन शेल्टर का निर्माण नहीं किया गया। रमेश चंद भारद्वाज ने मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य विकास कार्यों के लिए किए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट में जनहित को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक संशोधन किए जाएं, ताकि रेन शेल्टर, बस स्टॉप और अन्य सार्वजनिक सुविधाएं वास्तविक आवश्यकता वाले स्थानों पर ही विकसित की जाएं। उन्होंने सांसद अनुराग ठाकुर तथा धर्मपुर, भोरंज और हमीरपुर के जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया है कि टिहरा चौक, अवाहदेवी में यात्रियों के लिए शीघ्र रेन शेल्टर का निर्माण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि बरसात और अन्य मौसमों में आम लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े इस मुद्दे का जल्द समाधान होना चाहिए और संबंधित विभागों को संवेदनशीलता से आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

**अच्छी** योजना बनाना बुद्धिमानी का काम है पर उसको ठीक से पूरा करना धैर्य और परिश्रम का।

-डॉ. तपेश चतुर्वेदी

## संपादकीय

# एआई के दौर में डेटा सुरक्षा चुनौती

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने दुनिया को नई गति और नई दिशा दी है। आज शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, प्रशासन और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे लगभग हर क्षेत्र में एआई की उपयोगिता बढ़ती जा रही है। यह तकनीक जहां जटिल कार्यों को आसान बना रही है, वहीं निर्णय लेने की क्षमता और कार्यकुशलता में भी अभूतपूर्व सुधार ला रही है लेकिन यह भी उतना ही बड़ा सच है कि हर शक्तिशाली तकनीक अपने साथ खतरे भी लेकर आती है। यदि एआई का उपयोग गलत हाथों में पहुंच जाए तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा, गोपनीयता और बौद्धिक संपदा के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। हिमाचल प्रदेश को लेकर सामने आई हालिया आशंकाएं इसी खतरे की ओर संकेत करती हैं।

कुछ विदेशी एजेंसियां एआई आधारित तकनीकों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों पर नजर बनाए हुए हैं। किसी क्षेत्र के विकास या अनुसंधान का अध्ययन करना सामान्य बात हो सकती है, लेकिन यदि इसके पीछे उद्देश्य सरकारी सूचनाएं, संवेदनशील डेटा या शोध सामग्री हासिल करना हो तो यह राष्ट्रीय हितों के लिए चिंता का विषय है। राहत की बात यह है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने समय रहते इस खतरे को भांप लिया और सरकारी विभागों को एआई के इस्तेमाल में अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

हिमाचल प्रदेश शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और शोध केंद्रों में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, औषधीय पौधों, कृषि और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण अनुसंधान चल रहे हैं। इन शोधों में वर्षों की मेहनत, विशेषज्ञता और सरकारी संसाधनों का निवेश होता है। यदि कोई विदेशी एजेंसी एआई के माध्यम से इन शोधों तक पहुंच बनाकर उनका दुरुपयोग करती है, तो यह केवल बौद्धिक संपदा की चोरी नहीं होगी, बल्कि देश की वैज्ञानिक क्षमता पर भी सीधा प्रहार होगा। आज के डिजिटल युग में डेटा किसी भी राष्ट्र की सबसे मूल्यवान संपत्तियों में शामिल है। नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी, सरकारी योजनाओं का रिकॉर्ड, वित्तीय आंकड़े, स्वास्थ्य संबंधी सूचनाएं और अनुसंधान से जुड़ा डेटा यदि असुरक्षित हो जाए तो उसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

आधुनिक दौर में युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जाते, बल्कि साइबर स्पेस में भी लड़े जा रहे हैं। इसलिए डेटा सुरक्षा अब तकनीकी विषय भर नहीं रही, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। सबसे अधिक चिंता इस बात की है कि कुछ विदेशी एजेंसियां भारतीय शैक्षणिक संस्थानों में चल रहे अनुसंधानों पर नजर रखती हैं। वे शोध सामग्री प्राप्त कर उसमें मामूली बदलाव करके उसे अपने नाम से प्रस्तुत कर देती हैं। इससे भारतीय वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की वर्षों की मेहनत का श्रेय दूसरों को मिल जाता है। यह बौद्धिक चोरी का नया और अत्यंत खतरनाक रूप है। यदि इस पर समय रहते रोक नहीं लगी तो देश के नवाचार और अनुसंधान को बड़ा नुकसान हो सकता है। एआई का उपयोग जितनी तेजी से बढ़ रहा है, उतनी ही तेजी से साइबर अपराधों के तरीके भी बदल रहे हैं। कई बार कर्मचारी अनजाने में गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक एआई प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर देते हैं। एक छोटी-सी लापरवाही भी संवेदनशील जानकारी को बाहरी सर्वरों तक पहुंचा सकती है। इसलिए केवल तकनीक अपनाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके सुरक्षित उपयोग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश और अनुशासन भी आवश्यक हैं। सरकारी कार्यालयों, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि गोपनीय सूचनाएं किसी भी सार्वजनिक एआई प्लेटफॉर्म पर साझा न हों।

सरकार को केवल चेतावनी जारी करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि नियमित अंतराल पर साइबर सुरक्षा और एआई के सुरक्षित उपयोग को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को यह समझाया जाए कि डिजिटल दुनिया में कौन-सी सावधानियां अनिवार्य हैं और किस प्रकार छोटी-सी गलती भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है। तकनीकी जागरूकता ही साइबर सुरक्षा की पहली और सबसे मजबूत दीवार है। इसके साथ-साथ भारत को स्वदेशी एआई प्लेटफॉर्म और सुरक्षित क्लाउड व्यवस्था विकसित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ना होगा।

## आज की प्रमुख हस्ती

### महावीर चक्र एवं सेना पदक विजेता



दिगेंद्र कुमार पारसवाल
जन्म : 3 जुलाई, 1969

**महावीर** चक्र एवं सेना पदक से सम्मानित दिगेंद्र कुमार पारसवाल का जन्म 3 जुलाई 1969 को राजस्थान के सीकर जिले के नीम का थाना तहसील के झालारा जाट गांव में हुआ। उनके पिता शिवदान सिंह और माता राजकौर थे। 3 सितंबर 1985 को वे भारतीय सेना की द्वितीय बटालियन, राजपुताना राइफल्स में भर्ती हुए। प्रारंभिक प्रशिक्षण के बाद उनकी तैनाती जम्मू-कश्मीर में हुई और 1987 में उन्होंने श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के ऑपरेशन पवन में भी भाग लिया। इस अभियान के दौरान उन्होंने घिरे हुए भारतीय सैनिकों को सुरक्षित निकालने, महत्वपूर्ण गोला-बारूद डिपो को नष्ट करने तथा कई उग्रवादियों को मार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

1999 के कारगिल युद्ध में उनकी वीरता इतिहास का हिस्सा बन गई। द्रास सेक्टर की टोलोलिंग पहाड़ी पर स्थित दुश्मन की मजबूत चौकियों पर कब्जा करने का दायित्व उनकी टुकड़ी को सौंपा गया। 13 जून 1999 को भीषण गोलीबारी के बीच उनकी टीम के कई साथी, जिनमें मेजर विवेक गुप्ता भी शामिल थे, वीरगति को प्राप्त हुए। स्वयं दिगेंद्र कुमार की बाईं भुजा में गोली लगने के बावजूद उन्होंने लाइट मशीन गन से लगातार जवाबी हमला जारी रखा। उनकी प्रभावी गोलीबारी ने भारतीय सैनिकों को आगे बढ़ने का अवसर दिया, जिससे दुश्मन के बंकरों पर कब्जा संभव हुआ। इस अभियान में उन्होंने कई पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया।

उनकी अद्वितीय वीरता के लिए 15 अगस्त 1999 को भारत के दूसरे सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता सम्मान महावीर चक्र से अलंकृत किया गया। इससे पहले 1993 में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों में उत्कृष्ट साहस के लिए उन्हें सेना पदक भी प्रदान किया गया था। 1994 में हजरतबल दरगाह अभियान में उनकी भूमिका की भी सराहना हुई। 31 जुलाई 2005 को वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए।



कविता

### चिट्टे को मिटाना है

स्वामी राणा, गांव चौक, डाकघर महादेव, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.)

**ये** हाल हुआ है दो-चार सालों में
लाशें मिल रही खेतों में, कभी नालों में
ये हाल हुआ है दो-चार सालों में
सबको आगे आना होगा, डंडे मार जगाना होगा
काम करेंगे मिलकर नेक, आ जाओ हो जाएं एक
चिट्टे को मिटाना होगा, हो न जाएं लेट, काम करेंगे मिलकर नेक
बेचने वालो शर्म करो, अच्छा कोई कर्म करो
आपके भी बच्चे हैं, उनका भी ध्यान करो
बेचने वालो शर्म करो, अच्छा कोई कर्म करो
नस-नस में ये घुल चुका है, चिट्टा काम कर चुका है
मर रहे हैं मां के लाल, चिट्टा हो गया विकराल
आओ, मिलकर मिटाएं, चिट्टे का जो बिछा है जाल
राणे ने जब उठाई, सबको बुरी लगी थी
किसी ने पकड़ी नहीं कलाई

# पीओके में नरसंहार पर वैश्विक खामोशी चिंताजनक



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जब भी देखा है तारीख की नजरों ने, लम्हों ने खता की थी, सदियों ने सजा पाई।' मशहूर शायर मुज्जफर रज्मी का यह शेर जम्मू-कश्मीर से जुड़े ऐतिहासिक फैसलों पर सटीक प्रतीत होता है। 1947 में स्वतंत्रता के समय अधिकांश रियासतों ने भारत में विलय स्वीकार कर लिया, लेकिन जम्मू-कश्मीर के शासक महाराजा हरि सिंह ने प्रारंभ में स्वतंत्र रहने का निर्णय लिया। इसी बीच अक्तूबर 1947 में पाकिस्तान समर्थित कबाइली और पश्तून लश्करों ने कश्मीर पर हमला कर दिया। रियासत की सेना इसका सामना नहीं कर सकी और 26 अक्तूबर 1947 को महाराजा हरि सिंह ने भारत के साथ विलय-पत्र पर हस्ताक्षर किए। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई कर पाकिस्तान समर्थित बलों को पीछे धकेलना शुरू किया, किंतु जनवरी 1949 में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से युद्धविराम लागू हो गया। परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर का लगभग 35 प्रतिशत भू-भाग पाकिस्तान के कब्जे में चला गया, जिसे भारत पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) कहता है।

पाकिस्तान ने इस क्षेत्र को 'आजाद जम्मू-कश्मीर' और 'गिलगित-बाल्टिस्तान' दो प्रशासनिक हिस्सों में बांट रखा है। मुजफ्फराबाद इसकी राजधानी है तथा यहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विधानसभा और सर्वोच्च न्यायालय जैसी संस्थाएं मौजूद हैं। हालांकि वास्तविक नियंत्रण पाकिस्तान की सेना और इस्लामाबाद की सरकार के हाथों में है। पाकिस्तान के संविधान में पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा चार प्रांतों का ही उल्लेख है, जबकि पीओके को संवैधानिक प्रांत का दर्जा प्राप्त नहीं है। वहां की व्यवस्था 'कश्मीर काउंसिल' के माध्यम से संचालित होती है, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान का प्रधानमंत्री करता है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कश्मीरी शरणार्थियों के लिए आरक्षित सीटों के माध्यम से पाकिस्तान अपने समर्थकों को सत्ता में पहुंचाकर स्थानीय जनता के अधिकारों को कमजोर करता है। जुलाई 2026 में पीओके विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इससे पहले स्थानीय संगठनों ने प्रतिनिधित्व और अधिकारों को लेकर आवाज उठाई। 'ज्वाइंट आवामी एक्शन कमेटी' ने रावलाकोट में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन पाकिस्तान ने इस संगठन पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया। आरोप है कि पांच और छह जून को रावलाकोट, मुजफ्फराबाद और कोटली में प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की गई, जिसमें कई लोगों की जान गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पाकिस्तान बाहरी इलाकों, विशेषकर पंजाब के लोगों को बसाकर क्षेत्र की जनसांख्यिकी बदलने का प्रयास कर रहा है, जिससे स्थानीय पहचान, भाषा, संस्कृति और अधिकारों पर संकट पैदा हो रहा है।



पीओके के लोगों का यह भी आरोप है कि प्रशासन और नौकरशाही में स्थानीय लोगों की बजाय बाहरी अधिकारियों का दबदबा बढ़ाया जा रहा है। इससे कश्मीरी पहचान और सांस्कृतिक विरासत कमजोर हो रही है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर गोली चलाना मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन माना जाता है, किंतु इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षित प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद और मानवाधिकारों की पैरवी करने वाले कई वैश्विक संगठन भी इस विषय पर अपेक्षाकृत शांत दिखाई देते हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई लंबे समय से पीओके में आतंकी ढांचे को समर्थन देती रही है। भारत का आरोप रहा है कि जम्मू-कश्मीर में सक्रिय कई आतंकवादी संगठनों को प्रशिक्षण और सहायता पीओके स्थित शिविरों से मिलती रही है।

यही कारण है कि यह क्षेत्र लंबे समय से भारत-पाकिस्तान संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है। यदि भारतीय सुरक्षा बल आतंकवादी ठिकानों पर कार्रवाई करते हैं, तो उसका प्रभाव पीओके में दिखाई देता है और यह क्षेत्र फिर अंतरराष्ट्रीय चर्चा का केंद्र बन जाता है। पीओके का महत्व केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपैक) गिलगित-बाल्टिस्तान से होकर गुजरता है, जो चीन के शिनजियांग प्रांत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता है। इस परियोजना के कारण चीन और पाकिस्तान दोनों पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। साथ ही, जो स्थानीय लोग इन नीतियों का विरोध करते हैं, उनकी आवाज को दबा दिया जाता है।

22 फरवरी 1994 को भारतीय संसद ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्पष्ट किया था कि पूरा जम्मू-कश्मीर, जिसमें पीओके भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग है और पाकिस्तान को इस क्षेत्र को खाली करना चाहिए। भारत में समय-समय पर राजनीतिक नेतृत्व भी इस प्रस्ताव का उल्लेख करता रहा है। 1971 के युद्ध में भारत की जीत के बाद बांग्लादेश का गठन हुआ, जबकि 1965 के युद्ध में भारतीय सेना ने हाजीपीर दर्रे पर कब्जा कर लिया था। बाद में ताशकंद समझौते के तहत यह क्षेत्र पाकिस्तान को लौटा दिया गया।

इसी प्रकार 1947-48 के युद्ध में भी युद्धविराम के कारण भारतीय सेना आगे बढ़ने के बावजूद पूरे क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित नहीं कर सकी। यदि पीओके की जनता लंबे समय से राजनीतिक अधिकारों, सांस्कृतिक पहचान और सुरक्षा से जुड़े प्रश्न उठा रही है, तो इस स्थिति के लिए केवल पाकिस्तान की नीतियां ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का उदासीन रवैया भी जिम्मेदार माना जाना चाहिए। पीओके के प्रश्न पर वैश्विक समुदाय को निष्पक्ष और गंभीर दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतीयता की मिसाल पेश करती प्रेम, शांति व सद्भाव की कारगुजारियां



निर्मल रानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत की पहचान विश्व में अनेकता में एकता वाले देश के रूप में रही है। यहां विभिन्न भाषाएं, धर्म, जातियां, संस्कृतियां, परंपराएं और जीवनशैलियां मिलकर ऐसी साझा विरासत का निर्माण करती हैं, जो भारतीयता की सबसे बड़ी ताकत है। यही विविधता भारत को दुनिया के अन्य देशों से अलग पहचान दिलाती है। सदियों से यहां सर्वधर्म समभाव, सहिष्णुता और सामाजिक सौहार्द की परंपरा रही है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में सांप्रदायिक तनाव और सामाजिक विभाजन से जुड़े मुद्दों पर बहस तेज हुई है, जिससे देश की साझा सांस्कृतिक विरासत को लेकर चिंताएं भी सामने आई हैं।

विभिन्न राज्यों में धार्मिक स्थलों पर प्रशासनिक कार्रवाई और उससे जुड़े विवादों ने समाज के एक वर्ग में असुरक्षा और असंतोष की भावना पैदा की है। उत्तर प्रदेश के संभल सहित कई स्थानों पर मस्जिदों और मदरसों पर हुई कार्रवाई को लेकर प्रश्न उठाए गए हैं। यदि कोई धार्मिक स्थल सरकारी अभिलेखों में दर्ज है, तो उसके विरुद्ध की जाने वाली किसी भी कार्रवाई में पूर्ण पारदर्शिता, न्यायिक प्रक्रिया और कानून का पालन होना चाहिए, ताकि किसी समुदाय में भेदभाव की भावना उत्पन्न न हो। समाज के कुछ हिस्सों में धार्मिक पहचान के आधार पर भेदभाव की घटनाएं सामने आई हैं, जैसे सार्वजनिक आयोजनों में धर्म पूछकर व्यवहार करना या धार्मिक नारे लगाने का दबाव बनाना।

ऐसे प्रयास भारतीय संस्कृति की मूल भावना के विपरीत हैं। भारत की परंपरा राम, रहीम, कबीर, गुरु नानक, रसखान, जायसी, बुल्ले शाह और सूफी संतों की साझा विरासत से निर्मित हुई है, जिसने हमेशा प्रेम, भाईचारे और मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा है। इन चुनौतियों के बीच देश के अनेक हिस्सों से सामाजिक सद्भाव की प्रेरक मिसालें भी देखने को मिलती हैं। मुहर्रम के अवसर पर अनेक स्थानों पर हिंदू और मुस्लिम समुदाय ने मिलकर ताजियादारी, लंगर और सेवा कार्यों में भागीदारी निभाई। विशेष रूप से बिहार के कई गांवों में दशकों से हिंदू समाज द्वारा मुहर्रम मनाने की परंपरा आज भी कायम है। कटिहार के महमदिया हरिपुर गांव सहित अनेक स्थानों पर यह परंपरा पूर्वजों की विरासत, सामाजिक विश्वास और गंगा-जमुनी संस्कृति का प्रतीक मानी जाती है। वहां मुहर्रम केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और साझा सांस्कृतिक पहचान का उत्सव बन चुका है।



राजस्थान में भी सांप्रदायिक सौहार्द के ऐसे उदाहरण सामने आए, जहां धार्मिक स्थलों पर हुई कार्रवाई के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय हिंदू समाज के लोगों ने मुस्लिम समुदाय के साथ मिलकर शांति मार्च निकाले और सामाजिक एकता का संदेश दिया। विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शांति, भाईचारे और सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान बनाए रखने की अपील की। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट किया कि सामान्य नागरिक आज भी आपसी विश्वास और सद्भाव को किसी भी प्रकार के वैमनस्य से अधिक महत्व देते हैं।

भारतीय समाज की वास्तविक शक्ति उसकी विविधता और पारस्परिक सम्मान में निहित है। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन संवाद, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द के माध्यम से ही उनका समाधान संभव है। प्रेम, सहिष्णुता और साझा संस्कृति की यही भावना भारतीयता की सबसे बड़ी पहचान है। यही कारण है कि समय-समय पर सामने आने वाली सद्भावपूर्ण पहलें यह विश्वास मजबूत करती हैं कि भारत की एकता केवल संविधान में नहीं, बल्कि उसके लोगों के आपसी विश्वास और भाईचारे में भी बसती है। यही भारतीयता की सच्ची मिसाल है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# एकल परिवार, मोबाइल की बढ़ती लत और बच्चों से दूर होता पारिवारिक संवाद



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आधुनिकता की चाह में कई बार हम समाज की गंभीर समस्याओं का दोष वर्तमान समय, तकनीक या बदलती जीवनशैली पर डाल देते हैं, जबकि इन समस्याओं के मूल में हमारा अपना व्यवहार और पारिवारिक प्राथमिकताएं भी होती हैं। ऐसी ही एक गंभीर चिंता है- बच्चों को माता-पिता द्वारा पर्याप्त समय न दे पाना, संयुक्त परिवारों का लगातार बिखरना और मोबाइल की बढ़ती लत के कारण बच्चों का संस्कारों तथा पारिवारिक मूल्यों से दूर होना।

आज अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण जीवन देने का प्रयास करते हैं। यह निश्चित रूप से आवश्यक है, लेकिन यदि इन्हीं सबके बीच बच्चों के साथ संवाद, स्नेह, संस्कार और नैतिक शिक्षा पीछे छूट जाए, तो भौतिक उपलब्धियां भी अधूरी रह जाती हैं। व्यस्त जीवनशैली के कारण बच्चे अपना अधिकांश समय मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के साथ बिताने लगे हैं। परिणामस्वरूप वे पुस्तकों, परिवार और सामाजिक जीवन से धीरे-धीरे दूर होते जा रहे हैं। शिक्षाविदों का भी मानना है कि कोई भी आधुनिक तकनीक पुस्तकों का स्थान नहीं ले सकती। पुस्तकें केवल ज्ञान ही नहीं देतीं, बल्कि सोचने, समझने और संवेदनशील बनने की क्षमता भी विकसित करती हैं। दूसरी ओर संयुक्त परिवारों का तेजी से टूटना भी सामाजिक चिंता का विषय है।

पहले बच्चे दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई और भाई-बहनों के साथ बड़े होते थे। परिवार के बड़े-बुजुर्ग उन्हें जीवन के अनुभव, संस्कार, ईमानदारी, नैतिकता, पारिवारिक परंपराएं और सामाजिक जिम्मेदारियों का पाठ पढ़ाते थे। उनके सानिध्य में बच्चों में बड़ों के प्रति सम्मान, अनुशासन, सहयोग और पारिवारिक एकता की भावना स्वाभाविक रूप से विकसित होती थी। आज ऐसे संयुक्त परिवार बहुत कम दिखाई देते हैं और जहां हैं भी, वहां पहले जैसी आत्मीयता और सामूहिकता का अभाव महसूस किया जाता है। वर्तमान समय में कई परिवार केवल एक ही संतान रखने का निर्णय लेते हैं। इसके पीछे आर्थिक, सामाजिक या व्यक्तिगत कारण हो सकते हैं, लेकिन यदि कोई विशेष परिस्थिति न हो, तो कम से कम दो बच्चों का होना कई दृष्टियों से लाभदायक माना जा सकता है। भाई-बहनों के साथ बचपन बिताने से सहयोग, साझा करना, आपसी समझ, जिम्मेदारी और भावनात्मक मजबूती जैसे गुण स्वाभाविक रूप से विकसित होते हैं। अकेला बच्चा कई बार अकेलेपन, संवाद की कमी और सामाजिक अनुभवों के अभाव से जूझता है। एकल परिवारों के बढ़ने से बच्चों को बड़े परिवार में रहने का अनुभव नहीं मिल पाता। वे नाना-नानी, दादा-दादी और अन्य रिश्तेदारों के साथ समय बिताने के अवसर से वंचित रह जाते हैं। इससे वे पारिवारिक परंपराओं, रीति-रिवाजों, धार्मिक आस्थाओं और सांस्कृतिक मूल्यों से भी धीरे-धीरे दूर होते जाते हैं। आधुनिक शिक्षा उन्हें व्यावसायिक रूप से सक्षम तो बना सकती है, लेकिन जीवन मूल्यों और सामाजिक व्यवहार की शिक्षा का सबसे बड़ा विद्यालय आज भी परिवार ही है। यह स्थिति भविष्य के लिए चिंताजनक हो सकती है। यदि बच्चों में बचपन से ही संवाद, संवेदनशीलता, बड़ों का सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी और पारिवारिक सहयोग की भावना विकसित नहीं होगी, तो इसका प्रभाव केवल परिवार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे समाज पर पड़ेगा। इसलिए आवश्यक है कि माता-पिता बच्चों को केवल सुविधाएं ही नहीं, बल्कि अपना समय, स्नेह और मार्गदर्शन भी दें। परिवारों में संवाद बढ़ाया जाए, बच्चों को पुस्तकों से जोड़ा जाए, मोबाइल के उपयोग पर संतुलित नियंत्रण रखा जाए और उन्हें अपने सांस्कृतिक तथा पारिवारिक मूल्यों से परिचित कराया जाए।



आधुनिकता और तकनीक का स्वागत अवश्य होना चाहिए, लेकिन उनकी कीमत पर संस्कार, पारिवारिक रिश्ते और मानवीय संवेदनाएं नहीं खोनी चाहिए। एक सशक्त समाज का निर्माण केवल आधुनिक शिक्षा और तकनीक से नहीं, बल्कि मजबूत परिवार, अच्छे संस्कार और पीढ़ियों के बीच जीवंत संवाद से ही संभव है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वर्तमान शिक्षा व्यवस्था : बेरोजगारी, व्यापारीकरण और सुधार की आवश्यकता



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर (कांगड़ा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बेरोजगारों की लंबी कतार खड़ी करने वाली शिक्षा सार्थक नहीं कहलाती है। शिक्षित बनकर चंद सिक्कों में परिवार का जीवन-यापन करना आज बहुत बड़ी चुनौती बन चुका है। कहने को हिमाचल प्रदेश को शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में गिना जाता है, लेकिन इसकी वास्तविकता प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है।

राज्य सरकार ने सैकड़ों शिक्षा मंदिरों पर ताला जड़ दिया है। वर्तमान शिक्षा अपने उद्देश्यों पर खरी उतरकर समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए, इसलिए शिक्षा क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है। छात्रों को नैतिक शिक्षा, योग शिक्षा तथा जीवन मूल्यों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद और अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी भी आवश्यक है। साथ ही, छात्रों को स्मार्टफोन से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आज एक दंपति को अपने घरेलू बजट से कहीं अधिक खर्च बच्चों की शिक्षा पर करना पड़ रहा है। शिक्षा के बढ़ते निजीकरण और महंगी होती पढ़ाई ने अभिभावकों की आर्थिक स्थिति पर भारी बोझ डाल दिया है।

शिक्षा क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश को कभी केरल के बाद दूसरा स्थान प्राप्त था, लेकिन प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी यह संकेत देती है कि शिक्षित युवा रोजगार के क्षेत्र में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पा रहे हैं।

मंदिर के पास शराब का ठेका खोलने पर रोक है, लेकिन सरकारी स्कूलों के आसपास निजी स्कूलों को अनुमति देना क्या उचित है? सरकारों ने निजी स्कूलों को रेवड़ियों की तरह मान्यताएं देकर शिक्षा का व्यापारीकरण बढ़ावा दिया है। निजी स्कूलों के लिए बनाए गए नियम केवल कागजों तक सीमित दिखाई देते हैं। अधिकांश स्कूल अपनी मनमर्जी से फीस और अन्य शुल्क वसूल रहे हैं, जबकि सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं।




परिणामस्वरूप शिक्षा अपने मूल उद्देश्यों-रोजगार उपलब्ध कराना तथा समाज और राष्ट्र का निर्माण करना-में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। शिक्षित युवा समय पर रोजगार नहीं पा रहे हैं और सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध आवाज उठाने के बजाय निराशा और हताशा का शिकार हो रहे हैं।

रोजगार के अभाव में अनेक शिक्षित युवा न तो परिवार के कार्यों में सहयोग करना चाहते हैं और न ही अपनी योग्यता के अनुरूप अवसर प्राप्त कर पा रहे हैं। ऐसे हालात में कुछ युवा नशे और अन्य गलत आदतों की ओर बढ़ रहे हैं, जबकि कई बेरोजगारी से तंग आकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने तक को मजबूर हो जाते हैं। बेरोजगारी किसी घातक बीमारी से कम नहीं है, जो युवा पीढ़ी के भविष्य को प्रभावित कर रही है। अभिभावक अपनी जिम्मेदारियां निभाकर बच्चों को उच्च शिक्षा दिला रहे हैं, लेकिन रोजगार के बिना वही बच्चे भविष्य में उनका सहारा कैसे बनेंगे, यह एक गंभीर प्रश्न है। शिक्षा का राजनीतिकरण और व्यापारीकरण युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। सरकारी स्कूलों में घटती विद्यार्थियों की संख्या, निजी स्कूलों की मनमानी फीस, री-एडमिशन शुल्क और परिवहन व्यवस्था की खामियां अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही हैं। सरकारी नौकरियों में उच्च मेरिट के बावजूद रोजगार मिलना कठिन होता जा रहा है। सरकार को सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करना चाहिए, साथ ही निजी स्कूलों पर प्रभावी निगरानी और नियमों का सख्ती से पालन कराना चाहिए, ताकि शिक्षा वास्तव में समाज, राष्ट्र और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बन सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098


## स्पोर्ट्स विंडो

### दुनिया में छाया नॉर्वे टीम का 'वाइकिंग रो' सेलिब्रेशन

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** फीफा विश्व कप-2026 में नॉर्वे के फुटबॉल प्रशंसकों का 'वाइकिंग रो' सेलिब्रेशन दुनियाभर में आकर्षण का केंद्र बन गया है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर बोस्टन की सड़कों और विश्व कप स्टेडियमों तक हजारों प्रशंसक एक साथ बैठकर नाव चलाने की मुद्रा में जश्न मनाते नजर आ रहे हैं। इस सेलिब्रेशन की शुरुआत पारंपरिक नॉर्वेजियन हॉर्न की आवाज से होती है। इसके बाद प्रशंसक कतार में बैठकर वाइकिंग नाविकों की तरह हाथों से रोइंग की एक्टिंग करते हैं। ड्रम की बीट तेज होने के साथ पूरा समूह एक सुर में 'रो... रो...' का नारा लगाता है, जिससे स्टेडियम का माहौल रोमांचक हो उठता है। इस अनोखे जश्न की शुरुआत करीब छह महीने पहले ओस्लो के एक पब में हुई थी। प्राइमरी स्कूल शिक्षक ओले फोयस्टैड ने इसे नॉर्वे के ऐतिहासिक वाइकिंग योद्धाओं से प्रेरित होकर तैयार किया और बाद में सोशल मीडिया पर ट्यूटोरियल वीडियो के जरिए इसे लोकप्रिय बनाया। नॉर्वे के स्टार खिलाड़ी अर्लिंग हालैंड और कप्तान मार्टिन ओडेगार्ड भी इस सेलिब्रेशन को अपना चुके हैं। अब 'वाइकिंग रो' फीफा विश्व कप 2026 की सबसे चर्चित फैन परंपराओं में शामिल हो गया है।

### अप्सरा से कम नहीं जेहरा गुनेश

**जेहरा** गुनेश तुर्की की एक प्रसिद्ध पेशेवर वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं, जो अपनी अलग अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह 198 सेमी (6 फीट 6 इंच) लंबी हैं। उन्हें विश्व की बेहतरीन वॉलीबॉल खिलाड़ियों में से एक माना जाता है और वे अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं।



## फीफा विश्व कप
### टिलेमांस ने किए दो गोल, अंतिम-16 में बनाई जगह
# बेल्जियम ने सेनेगल को 3-2 से हराया
### अब प्री-क्वार्टर में अमेरिका से होगी भिड़ंत



**एजेंसी, सिएटल**

यूरी टिलेमांस के दो गोलों की बदौलत बेल्जियम ने फीफा विश्व कप-2026 के राउंड ऑफ-32 मुकाबले में बुधवार को सेनेगल को 3-2 से हराकर रोमांचक अंदाज में अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। मुकाबले में सेनेगल ने शानदार शुरुआत करते हुए हबीब डियारा और इस्माइला सार के गोलों की मदद से 2-0 की बढ़त बना ली। एक समय ऐसा लग रहा था कि सेनेगल आसानी से अगले दौर में पहुंच जाएगा।

हालांकि, बेल्जियम ने अंतिम मिनटों में शानदार वापसी की। 86वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी रोमेलु लुकाकू ने गोल कर अंतर 2-1 किया। इसके बाद 89वें मिनट में यूरी टिलेमांस ने बराबरी का गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय (एक्स्ट्रा टाइम) में पहुंचा दिया। अतिरिक्त समय के 117वें मिनट में वीएआर की मदद से बेल्जियम को पेनाल्टी मिली। रिप्ले में सेनेगल के लामिन कामारा द्वारा टिलेमांस पर बॉक्स के अंदर किए गए फाउल की पुष्टि हुई। पेनाल्टी लेने आए टिलेमांस ने बिना कोई गलती किए गेंद को गोल में पहुंचाया और बेल्जियम को 3-2 की यादगार जीत दिला दी। इस जीत के साथ बेल्जियम ने फीफा विश्व कप 2026 के अंतिम-16 में जगह बना ली। अंतिम-16 में अब बेल्जियम का मुकाबला अमेरिका से होगा। (अनंत ज्ञान)

### केन के डबल से इंग्लैंड ने डीआर कांगो को हराया

**एजेंसी, अटलांटा।** कप्तान हैरी केन के दो शानदार गोलों की बदौलत इंग्लैंड ने फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-32 मुकाबले में डीआर कांगो को 2-1 से हराकर अंतिम-16 (प्री-क्वार्टर फाइनल) में जगह बना ली। हालांकि जीत के लिए इंग्लैंड को आखिरी मिनटों तक कड़ा संघर्ष करना पड़ा। डीआर कांगो ने आक्रामक शुरुआत करते हुए 17वें मिनट में बढ़त हासिल कर सबको चौंका दिया। दाईं ओर से आए क्रॉस पर इंग्लैंड के डिफेंडर डेनजे स्पेंस गेंद का सही आकलन नहीं कर सके, जिसका फायदा उठाते हुए ब्रायन सिपेंगा ने नजदीक से गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

गोल खाने के बाद इंग्लैंड ने लगातार दबाव बनाया, लेकिन डीआर कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने कई शानदार बचाव किए। पहले हाफ में जूड बेलिंघम का हेडर और मार्कस रैशफोर्ड का करीबी प्रयास भी नाकाम रहा। दूसरे हाफ में इंग्लैंड के हमलों की रफ्तार बढ़ाई और 75वें मिनट में एंथनी गॉर्डन के सटीक क्रॉस पर हैरी केन ने हेडर से बराबरी का गोल दाग दिया। इसके बाद 85वें मिनट में केन ने एक बार फिर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। उन्होंने एक्सेल तुआनजेबे को छकाते हुए दाएं पैर से जोरदार शॉट लगाया, जो सीधे गोलपोस्ट की छत में जा लगा और इंग्लैंड को 2-1 की निर्णायक बढ़त दिला दी। अंतिम मिनटों में डीआर कांगो बराबरी का गोल नहीं कर सका और इंग्लैंड ने संघर्षपूर्ण जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हार के बावजूद डीआर कांगो ने दमदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को अंत तक कड़ी टक्कर दी। (अनंत ज्ञान)

## 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए अमेरिका ने बोस्निया को हराया



**एजेंसी, सैन फ्रांसिस्को**

दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए अमेरिका ने बुधवार को बोस्निया और हर्जेगोविना को 2-0 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 के अंतिम-16 (राउंड ऑफ-16) में प्रवेश कर लिया। अमेरिका ने पहले हाफ के अंतिम क्षणों में बढ़त हासिल की। फोलारिन बालोगुन ने बॉक्स में मिले मौके का शानदार फायदा उठाते हुए गेंद को गोल में पहुंचाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।

हालांकि, दूसरे हाफ में अमेरिका को बड़ा झटका लगा। 64वें मिनट में बालोगुन को बोस्निया के खिलाड़ी तारिक मुहरेमोविच पर खतरनाक टैकल करने के कारण रेड कार्ड दिखाया गया, जिसके बाद अमेरिका को शेष मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद अमेरिका ने बेहतरीन संयम दिखाया और 82वें मिनट में मालिक टिलमैन ने बॉक्स के बाहर से शानदार फ्री-किक पर गोल दागकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। अंत तक बोस्निया वापसी नहीं कर सका और अमेरिका ने मुकाबला जीतकर नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। अब मॉरिसियो पोचेटिनो की कोचिंग वाली अमेरिकी टीम 7 जुलाई को सिएटल स्टेडियम में होने वाले अंतिम-16 मुकाबले में बेल्जियम का सामना करेगी। (अनंत ज्ञान)

## भारत-इंग्लैंड पहला टी20 मैच बारिश में धुला

**एजेंसी, चेस्टर-ले-स्ट्रीट**

भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन बनाए, लेकिन लगातार बारिश के कारण इंग्लैंड की पारी शुरू ही नहीं हो सकी और मैच बेनतीजा घोषित कर दिया गया। भारत की शुरुआत बेहद खराब रही।

संजू सैमसन (1) और ईशान किशन (0) सस्ते में पवेलियन लौट गए। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 24 गेंदों में 59 रन बनाए। उन्होंने केवल 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर इंग्लैंड के खिलाफ किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज टी20 अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। अभिषेक के आउट होने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने पारी को संभालते हुए 47 गेंदों में 68 रन बनाए और कप्तान के रूप में अपना पहला टी20 अर्धशतक जड़ा। अंतिम ओवरों में शिवम दुबे ने 21 गेंदों में नाबाद 42 रन की तेज पारी खेलकर भारत का स्कोर 189 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से साकिब महमूद सबसे सफल गेंदबाज रहे।

उन्होंने तीन विकेट लेकर भारत को 200 रन के आंकड़े तक पहुंचने से रोक दिया। भारतीय पारी के दौरान हल्की बारिश होती रही, लेकिन खेल जारी रहा। हालांकि, पारी समाप्त होने के बाद बारिश तेज हो गई। लंबे इंतजार के बावजूद मौसम में सुधार नहीं होने पर अंपायरों ने इंग्लैंड की पारी शुरू कराए बिना ही मुकाबले को बेनतीजा घोषित कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### यामल फिट, नॉकआउट मुकाबलों में खेलने को तैयार: फुएंते

**एजेंसी, इंगलवुड (कैलिफोर्निया)।** स्पेन के मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा कि युवा स्टार लामिन यामल अब पूरी तरह फिट हैं और फीफा विश्व कप 2026 के नॉकआउट मुकाबलों में पूरे 90 मिनट खेलने के लिए तैयार हैं।

हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के बाद 18 वर्षीय यामल का ग्रुप चरण में सीमित उपयोग किया गया था। ऑस्ट्रिया के खिलाफ राउंड ऑफ-32 मुकाबले से पहले डे ला फुएंते ने कहा, 'यामल पूरी तरह फिट हैं और जितनी देर जरूरत होगी, उतनी देर खेल सकते हैं।' (अनंत ज्ञान)

## विंबलडन: सितसिपास को हराकर जोकोविच तीसरे दौर में

**एजेंसी, लंदन**



सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने विंबलडन 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दौर में ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में 39 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज ने शुरू से अंत तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। लगभग दो घंटे तक चले इस मुकाबले में जोकोविच ने अनुभव और सटीक खेल का शानदार प्रदर्शन किया।

दूसरे सेट के आठवें गेम में सितसिपास के पास ब्रेक प्वाइंट बचाने का शानदार मौका था, लेकिन उन्होंने लगातार दो आसान स्मैश बाहर मार दिए। जोकोविच ने इस गलती का पूरा फायदा उठाते हुए सर्विस ब्रेक किया और इसके बाद सितसिपास की वापसी की उम्मीद पूरी तरह खत्म हो गई। इस जीत के साथ जोकोविच ने सितसिपास के खिलाफ लगातार 12वीं जीत दर्ज की। अब तीसरे दौर में उनका मुकाबला 25वीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच से होगा। जोकोविच आठवां विंबलडन खिताब और रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की दौड़ में बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना को देखते ही भागे समुद्री डकैत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी में भारत के लिए जरूरी कार्गो ले जा रहे जहाज में समुद्री डकैती को नाकाम कर दिया। भारतीय जहाज को पास आता देख समुद्री डकैत भाग निकले, जिससे चालक दल सुरक्षित बच गया और जहाज पर किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ। यह जहाज भारत के लिए महत्वपूर्ण माल लेकर जा रहा था और इस पर एक भारतीय नागरिक भी सवार था। नौसेना के कमांडो ने प्रभावित जहाज पर चढ़कर गहन तलाशी ली और यह सुनिश्चित किया कि जहाज पर अब कोई डाकू नहीं छिपा है।

दरअसल, एमवी गोल्डन आर्सेनल जहाज भारत के लिए जरूरी कार्गो ले जा रहा था। अदन की खाड़ी में समुद्री डाकुओं ने जहाज पर हमला कर दिया और उसे अपने कब्जे में लेने की कोशिश की। खतरा देख जहाज के चालक दल ने खुद को एक सेफ रूम में बंद कर लिया और एक कम्युनिकेशन चैनल पर पाइरेसी की कोशिश के बारे में बताया। संकट का संदेश मिलते ही पास में ही तैनात भारतीय युद्धपोत आईएनएस त्रिकंड तेजी से मदद के लिए उस तरफ रवाना हो गया। नौसेना के युद्धपोत के करीब आते ही डाकू वहां से भाग खड़े हुए, जिससे चालक दल सुरक्षित बच गया और जहाज पर किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ। इस जहाज के चालक दल के सदस्यों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। डाकुओं के भागने के बाद भारतीय नौसेना के जांबाज मार्कोस कमांडो प्रभावित जहाज एमवी गोल्डन आर्सेनल पर उतरे। उन्होंने पूरे जहाज की गहन तलाशी ली और यह सुनिश्चित किया कि जहाज पर अब कोई खतरा या डाकू नहीं छिपा है। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 579 अंक चढ़ा निफ्टी 170 अंक उछली

एजेंसी, मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी 2 जुलाई को बढ़त रही। सेंसेक्स 579 अंक की तेजी के साथ 77,502 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 170 अंक की बढ़त रही। ये 24,176 पर बंद हुआ है। आज आईटी, ऑटो और रियल्टी शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही। इससे पहले कल यानी 1 जुलाई को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 443 अंक ऊपर 76,922 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 140 अंक की बढ़त रही। ये 24,005 के स्तर पर बंद हुआ।

## खामेनेई के अंतिम संस्कार में होंगी शामिल महबूबा मुफ्ती

**एजेंसी, श्रीनगर।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती 3 से 6 जुलाई के बीच तेहरान में होने वाले ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होंगी। उन्हें ईरान ने भारत की विशेष अतिथि के तौर पर आधिकारिक निमंत्रण भेजा है। महबूबा ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। जिंदगी में एक बार मिलने वाला ऐसा अवसर है। मैं खामेनेई को अंतिम श्रद्धांजलि देने तेहरान जाऊंगी।' (अनंत ज्ञान)

## चांदी 3,863 रुपए और सोना 1,708 रुपए हुआ महंगा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में वीरवार यानी 2 जुलाई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना आज 1,708 रुपए बढ़कर 1.43 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं, 1 किलो चांदी 3,863 रुपए चढ़कर 2.25 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले बीते महीने यानी जून में सोना-चांदी में गिरावट रही थी। बीते महीने सोना 13 हजार और चांदी 34 हजार रुपए सस्ती हुई थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 10 हजार रुपए महंगा हो चुका है। वहीं, चांदी हजार रुपए सस्ती हुई है। (अनंत ज्ञान)


### कार्यालय ग्राम पंचायत रोड़ा
विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव तह. पालमपुर जिला कांगड़ा

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रोड़ा वर्ष 2026-27 के लिए वित्तायोग व अन्य समस्त मदों के विकास कार्यों की सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित करती है।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेत क्रशर (धुला हुआ) | प्रति CFT |
| 2. | बजरी क्रशर (10,20, 50 एम एम) | प्रति CFT |
| 3. | गटका (63 एमएम) | प्रति CFT |
| 4. | पत्थर गोला | प्रति CFT |
| 5. | शटरिंग | प्रति वर्ग फुट |
| 6. | किराया सीमेंट ढुलाई | प्रति बैग |

**शर्तें:-** निविदाएँ निम्न नियमों एवं शर्तों के आधार पर ही मान्य होंगी। 1. फर्म विक्रेता के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है। 2. आपूर्तिकर्ता को सामग्री के साथ M-from देना अनिवार्य होगा। 3. समय पर सामग्री उपलब्ध न होने की दशा में सामग्री की गुणवता सही न होने की स्थिति में निविदा रद्द करके अगले कम रेट वाले। विक्रेता को निविदा स्वीकृत की जाएगी। 4. आपूर्तिकर्ता से अनुरोध है कि जीएसटी अलग से दर्शाया जाए। 5. निविदाएं किसी भी कार्यदिवस को दिनांक 08-07-2026 तक समय 4 बजे पूर्ण दोपहर तक कार्यालय पंचायत केन्द्र रोड़ा में इच्छुक व्यक्ति डाक या बंद लिफाफे में जमा करवाई जा सकती है। निविदाएँ दिनांक 10-07-2026 समय प्रातः 11 बजे कार्यालय सामुदायिक केन्द्र रोड़ा में कमेटी के समक्ष खोली जाएगी। 6. किसी भी निविदा को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। 7. स्थानीय विक्रेता को प्राथमिकता दी जाएगी।

*प्रधान/सचिव*
*ग्राम पंचायत रोड़ा, विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव तह. पालमपुर जिला कांगड़ा*

### कार्यालय ग्राम पंचायत भलूँ
विकास खण्ड नगरोटा सूरियां जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)

**निविदा सूचना**

बैठक प्रधान ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव रखा और समस्त उपस्थित सदस्यों को इस बारे अवगत करवाया गया कि पंचायत में मनरेगा व अन्य मदों के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य करवाए जाने हैं अतः इनके लिए मैटीरियल क्रय करने के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाएँ। कोटेशनर के पास GST नंबर व बिलिंग भुगतान M फार्म प्रस्तुत करना अनिवार्य है। कोटेशने दिनांक 08/07/2026 तक सीलबंद लिफाफे में डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए, सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. क्रेशर रेत- प्रति घन मीटर 2. क्रेशर बजरी 10/20 एमए-प्रति घन मीटर 3. क्रेशर बजरी 40 एमएम प्रति घन मीटर 4. क्रेशर 63/90 एमएम-प्रति घन मीटर 5. पत्थर (बोल्डर) ढूल्वायी पहुंच सहित प्रति घन मीटर 6. सीमेंट बैग ढूल्वायी पहुंच सहित सिविल सप्लाई फतेहपुर से लेकर कार्यस्थल तक (लोडिंग व अनलोडिंग सहित) प्रति बैग 7. शटरिंग किराया (स्टील) प्रति स्केयर मीटर 8. शटरिंग किराया (लकड़ी)- प्रति स्केयर मीटर 9. कंक्रीट मिक्सचर किराया प्रति दिन 10. पानी के टैंकर का किराया प्रति टैंकर 11. ढूल्वायी जी0 आई0 वायर व स्टील 10एमएम, 12 एमएम जसूर एग्रो (Govt. Firm) से ग्राम पंचायत भलूँ तक (लोडिंग व अनलोडिंग सहित प्रति फेयर 12. कंक्रीट का बैंच-प्रति यूनिट 13. लोहे का बैंच-प्रति यूनिट 14. खेल सामग्री व व्यायाम हेतू इक्विपमेंट-प्रति यूनिट 15. जे0 सी0 बी0 मशीन किराया-प्रति घंटा 16. कार्य स्थल बोर्ड लिखवाई-प्रति यूनिट 17. पक्की ईट ढूल्वायी पहुंच सहित ग्रेड A,B,C- प्रति यूनिट 18. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 250 एमएम (पहुंच सहित) प्रति यूनिट 19. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 300 एमएम (पहुंच सहित)- प्रति यूनिट 20. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 400 एमएम (पहुंच सहित) प्रति यूनिट 21. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 600 एमएम (पहुंच सहित) प्रति यूनिट 22. स्थापना वाटर कूलर 15/40 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित) प्रति यूनिट 23. स्थापना वाटर कूलर 20/40 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित) प्रति यूनिट 24. स्थापना वाटर कूलर 40/80 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 25. स्थापना वाटर टैंक आयरन MS कैप 2000 लीटर क्षमता व स्टैंड (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 26. स्थापना वाटर टैंक आयरन MS कैप 1000 लीटर क्षमता व स्टैंड (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 27. डस्टबिन क्षमता प्लास्टिक 10 लीटर प्रति इकाई 28. डस्टबिन क्षमता प्लास्टिक 15 लीटर प्रति इकाई 29. कार्यालय फर्नीचर अलमारी, मेज, कुर्सिया पंखे इत्यादि फर्नीचर मुरम्मत सेवा-प्रति नं. / प्रति सर्विस। निविदा लिए आवेदन करते समय जीएसटी सामग्री के अतिरिक्त सम्मिलित किया जाएगा अतः आवेदन प्रति वस्तु बिना जीएसटी दर्शाया जाये ताकि तुलनात्मक सारणी तैयार करने में समस्या ना हो। निविदाएँ इसके लिए गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 14/07/2026 को खोली जाएंगी न्यूनतम रेट वाले निविदादाता की कोटेशन स्वीकृत की जाएंगी। निविदाएँ वर्ष 2026-27 के लिए मान्य होंगी। मेटीरिअल सप्लाई ना करने की दशा में, घटिया मटेरियल सप्लाई करने की दशा, विलम्ब से सप्लाई करने की दशा, कोटेशन प्रस्तुत करने वाली फर्म की अनुपस्थिति में (कोटेशन खोलने के समय) अन्य किसी कारण से पंचायत के पास निविदाएँ रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

*प्रधान/सचिव*
*ग्राम पंचायत भलूँ विकास खण्ड नगरोटा सूरियां जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)*

### कार्यालय ग्राम पंचायत बुंग जहलगाड
विकास खण्ड बाली चौकी, जिला मंडी हि.प्र.

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बुंग जहलगाड के प्रस्ताव सं. 04 दिनांक 30.06.26 द्वारा निर्णय लिया गया वर्ष 2026-27 के दौरान करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जोकि सील बंद रजिस्टर्ड लिफाफे में डाक द्वारा 14.07.26 को समय 5 बजे तक पहुंच जानी चाहिए जोकि निविदादाता के समक्ष दिनांक 15.07.26 को दोपहर 1 बजे खोली जाएंगी। **सामग्री विवरण-** रेत, क्रेशर, दरिया.1 सैनेटरी सामान, 2 बालीचौकी से खोड़ाथाच,भेट, रांगचा, 1 3 खच्चर ढुलवान नारायण सेरी से रांगचा धार, सड़क से गांव सत्यावाली, सड़क से गांव काहरा,सड़क से जीपीएस टिक्की ,खोड़ाथाच से गांव शरणधार ,खोड़ाथाच से डाहर ,कलवाड़ सड़क से गांव डाहरधार, जिला तौन्स सड़क से बूंग गांव, सड़क से बलकेली खच्चर द्वारा ढलवान रेत, बजरी, सीमेंट, ईंट आदि किया जाएगा। सूचनापट्ट साइज 2x3 तथा 3x4 लगाने सहित।

**शर्तें निम्न प्रकार से हैं-** 1. गाडी की आरसी कुटेशन के साथ संलग्न होनी अनिवार्य है। 2. दो वर्ष जीएसटी भरने की रिटर्न कुटेशन के साथ संलग्न होनी अनिवार्य है। 3. एम फार्म होना अनिवार्य है। 4. जिसकी निविदा स्वीकृत होगी उसे ग्राम पंचायत को मु. 10000 (दस हजार रुपए) आमनत के रूप में जमा करवाने होंगे। किसी भी निविदादाता के उपस्थित न होने की स्थिति में भी निविदा को रद्द या स्वीकृत कर लिया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत बुंग जहलगाड**
**विकास खण्ड बाली चौकी, जिला मंडी हि.प्र.**

### कार्यालय ग्राम पंचायत सुधराणी
विकास खण्ड बाली चौकी, जिला मंडी हि.प्र.

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सुधराणी के प्रस्ताव सं. 04 दिनांक 27.06.26 द्वारा निर्णय लिया गया वर्ष 2026-27 के दौरान करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए, निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जोकि सील बंद रजिस्टर्ड लिफाफे में डाक द्वारा 11.07.26 को समय 5 बजे तक पहुंच जानी चाहिए जोकि निविदादाता के समक्ष दिनांक 12.07.26 को दोपहर 1 बजे खोली जाएंगी। **सामग्री का विवरण-** रेत क्रेशर, दरिया, बजरी, ईंट IAS, क्रेट वायर जो एग्रो से कम रेट पर होनी चाहिए, पेवर टायल 40,60,80एमएम, अगर पेवर व टायल का टेंडर जिला स्तर पर होगा उसी रेट में सप्लाय को देनी होगी। सीमेंट ढलवान (ट्रांसपोर्ट) जीआई शीट, फेंसिंग वायर, जीआई पाईप, पीवीसी पाईप, आरसी पाईप शेटरिंग सनैटरी समान, सरिया, सीमेंट, ढलवान बाली चौकी से फागुधार, सुधराणी लोडिंग व उतराई सहित। खच्चर ढलवान कैंची मोड से जीएसएस सुधराणी सड़क से कांढा, सड़क से रुपी थाच, सड़क से खनेई सारडी , पकवाणा सड़क से जोगणी माता मन्दिर, सड़क से थाच, सड़क से लटेरी, सड़क से डैमनाला, सडक से थुआरी, खण्डेधार से शिकारी सडक से सुरागी खच्चर द्वारा ढलवान रेत, बजरी, सीमेंट, ईंट आदि किया जाएगा। सूचनापट्ट साइज 2x3 तथा 3x4 लगाने सहित।

**शर्तें निम्न प्रकार से हैं-** 1. गाडी की आरसी कुटेशन के साथ संलग्न होनी अनिवार्य है। 2. दो वर्ष जीएसटी भरने की रिटर्न कुटेशन के साथ संलग्न होनी अनिवार्य है। 3. एम फार्म होना अनिवार्य है। 4. जिसकी निविदा स्वीकृत होगी उसे ग्राम पंचायत को मु. 10000 (दस हजार रुपए) आमनत के रूप में जमा करवाने होंगे। किसी भी निविदादाता के उपस्थित न होने की स्थिति में भी निविदा को रद्द या स्वीकृत कर लिया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत सुधराणी**
**विकास खण्ड बाली चौकी, जिला मंडी हि.प्र.**

### कार्यालय ग्राम पंचायत देउठी
विकास खंड आनी जिला कुल्लू (हि. प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्व सम्मति से बैठक में प्रस्ताव पास हुआ कि ग्राम पंचायत देउठी विकास खंड आनी जिला कुल्लू के अंतर्गत बर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 01/07/2026 से 15/07/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 16/07/2026 को ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **सामाग्री का विवरण-** 1. रेत (खडड / नदी)-प्रति घन मीटर, 2. रेत (क्रेशर)- प्रति घन मीटर, 3. वजरी (खडड नदी) 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम-प्रति घन मीटर, 4. बजरी (क्रेशर) 10एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम- प्रति घन मीटर, 5.पत्थर / कटस्टोन- प्रति घन मीटर, 6. वोल्डर / क्रेट बायर-प्रति घन मीटर, 7. ईट (ब्लोक्स)- प्रति नं., 8. सेटरिंग व भवन सेटरिंग-प्रति स्केयर फुट/स्केयर मीटर, 9. आरसीसी पाईप काल्लर 300एमएम, 450एमएम,600एमएम, 900एमएम-प्रति नं., 10. जे0सी0वी0 हेतु- प्रति घंटा, 11. सीमेंट टाईल-स्केयर मीटर, 12. ईंटरलाक टाइल, मारवल-स्केयर मीटर, 13. स्टील 8एमएम, 10एमएम,12एमएम, 16एमएम-प्रति किलो ग्राम, 14. बोर्ड लेखन सम्बंधी- प्रति स्केयर मीटर, 15. चादर / प्लाई, स्लेट-प्रति नं., 16.पेंट / पोलिश / डिस्टेम्पर / जाली / शीशे-प्रति नं., 17. इमारती लकड़ी-प्रति घन मीटर

**नियम व शर्ते –** 1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पेन संख्या, GST होना आवश्यक है। 3. ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे। एम फार्म उपलब्ध करवाने पर सामग्री सम्बंधित रायल्टी वर्तमान में 60/- रु0 प्रति MT टन के हिसाव से काटी जाएगी। 4. सामाग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग को स्फेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 6. निविदादाता को 50000/-रु0 धरोहर / सुरक्षित राशी पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। 7. निविदादाता यदि सामाग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशी वापिस नही होगी। 8. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निगर्त करने, सामाग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9. ग्राम पंचायत के सप्लाई आर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 10. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उलेखख करना आवश्यक है। 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र आधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 12 सामग्री लेने का अंतिम मूल्य /निर्णय विभाग की justification पारित निविदादाता के साथ negotiation अनुसार उपरांत किया किया जायेगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत देउठी**
**विकास खंड आनी जिला कुल्लू (हि. प्र.)**

## अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं, मोहिन्द्र पॉल** पुत्र श्री प्रेम दास, निवासी गांव टिका लैहसर, डाकघर योल कैंट, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा और मेरे बेटे की टाटा एआईजी लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी संख्या C185820794 में मेरा नाम मनिंद्र और मेरे बेटे का नाम बरूण गलत दर्ज है,जबकि मेरा सही नाम मोहिन्द्र पॉल व मेरे बेटे का सही नाम वरुण है। सभी संबंधित नोट करें।

### नाम दुरूस्ती

**मैं, देविन्द्र कुमार** पुत्र श्री झाबे राम निवासी गाँव मरहोलदल, डाकघर कंडागई, तहसील आनी, जिला कुल्लू, हि.प्र. ब्यान करता हूं मेरी पुत्री POORVI के आधार कार्ड में उसके नाम की spelling 'PURBI' दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि सही spelling 'POORVI' है। अतः आधार कार्ड में भी सही नाम POORVI दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

### NAME CORECTION

**I, Devinder Kumar**, S/o Shri Jhabe Ram, resident of Village Marholdal, Post Office Kandagai, Tehsil Ani, District Kullu, Himachal Pradesh, hereby declare that the spelling of my daughter's name in her Aadhaar Card is recorded as "PURBI", which is incorrect.The correct spelling of her name is "POORVI".Therefore, it is requested that the name in the Aadhaar Card be corrected and updated to "POORVI". All concerned are requested to take note and make the necessary correction.

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी, (नायब तहसीलदार) उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि. प्र.)।**

किसम मुकदमा जन्म तिथि पंजीकरण
आगामी तारीख पेशी 4/08/2026
श्रीमति सुषमा शर्मा पुत्री श्री हेम राज वासी गांव घुमारीं डा. लम्बलू व उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि. प्र.) ...*प्रार्थीगण*

**बनाम आम जनता**

**नोटिस-** उपरोक्त अनवान वाला में आपको लिखा जाता है कि श्रीमति सुषमा शर्मा पुत्री पुत्री श्री हेम राज वासी गांव घुमारीं डा. लम्बलू व उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि. प्र.) ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र दायर किया है। जिसमें प्रार्थी ने प्रार्थना की है कि इनका जन्म दिनांक 28.02.1976 को महाल घुमारीं में हुआ है। परन्तु जन्म तिथि का इन्द्राज रजिस्टर जन्म / मृत्यु में दर्ज नहीं हुआ है। गगप्रम पंचायत गसोता में दर्ज नहीं हुआ है। अतः दर्ज किये जाने प्रार्थना की है। अतः आम जनता को बजरिया मुश्त्री मुन्यादी/अखबार इस्तहार सूचित किया जाता है कि उक्त इन्द्राज वारे कोई उजर / एतराज है तो वह असालतन/वकालतन दिनांक 07/08/2026 को प्रातः 11:00 बजे हाजिर न्यायालय आकर उजर कर सकता है अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 02/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी, लम्बलू, जिला हमीरपुर,(हि0प्र0)**

# 1.12 करोड़ रुपए की पेयजल योजना तैयार, लेकिन पानी देना भूला विभाग

## सैंज की दो पंचायतों के ग्रामीण पानी को तरसे, बोले- जल्द पानी नहीं दिया तो होगा घेराव

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान मुद्दा

**सैंज।** सैंज घाटी की दो पंचायतों के हजारों लोगों को पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए जल शक्ति विभाग ने तलाड़ा-भलाण पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया है, लेकिन ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा सका है। इस योजना पर सरकार ने एक करोड़ 12 लाख रुपए खर्च किए हैं।

उक्त पेयजल योजना वर्ष 2022 में तैयार हो चुकी है और विभाग ने पेयजल योजना को समर्पित करने का लक्ष्य रखा, लेकिन ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल सका है। अब ग्रामीणों ने अब जल शक्ति विभाग के के विरुद्ध मोर्चा खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि अगर एक महीने के अंदर उठाऊ पेयजल योजना में पानी की सप्लाई नहीं भेजी तो वे विभागीय कार्यालय के सामने खाली बर्तनों से रोष प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय यह है कि तलाड़ा व भलाण पंचायतों के पांच दर्जन से अधिक गांवों सारी, बिहाली सपांगनी, कंढा, धारा, फबियारी, पनवी, बाड़ीगाड़, घाट, खनियारगी, फलोहू, राऊगी, बरैहिन आदि दर्जनों गांवों को इस योजना के तहत पेयजल सुविधा प्रदान की जाएगी। उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल शक्ति विभाग की देखरेख में संपन्न हुआ है लेकिन चार वर्षों से जल शक्ति विभाग ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा सका है और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए हाय तौबा मची हुई है। पंचायत के ऊपरी क्षेत्र के गांव गुधालातांदी, बाड़ाथाच, बीठूकंढा, पालीपरत,धारा, कंढा के ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पीने का पानी नसीब नहीं हो पा रहा है जिसके चलते वे विभाग से गुहार लगा रहे हैं। ग्रामीण पृथी सिंह ने बताया कि जल शक्ति विभाग की लेट लतीफी के चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल शक्ति विभाग लारजी के अधिशाषी अभियंता गौरव शर्मा ने बताया कि इस योजना में पानी तलाड़ा पुल के पास निर्मित पंप हाउस से मशीनरी द्वारा दो अलग-अलग पंचायतों में निर्मित पेयजल वितरण टैंकों में सप्लाई कर दिया जाएगा। उठाऊ पेयजल योजना में कुल तीन बड़े दो लाख लीटर क्षमता के टैंकों का निर्माण किया जा चुका है। पानी की सप्लाई तीन चरणों में होगी। पहले चरण में तलाड़ा पंप हाउस से फलोहू पंप हाउस तक सप्लाई किया जाएगा। दूसरे चरण में फलोहू पंपहाउस से सौराआगे स्थान पर टैंको का निर्माण किया है। वहीं से दो पंचायतों के दर्जनों गांवों को पाइप लाइन से जल्दी सुविधा प्रदान की जाएगी

## मीनाक्षी बनी रोटरी क्लब मनाली की अध्यक्ष, अलका संभालेगी सचिव की कमान

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मीनाक्षी केस्टलिनो रोटरी क्लब मनाली की अध्यक्ष, जबकि अलका चौहान ने सचिव का कार्यभार संभाला। रोटरी क्लब मनाली द्वारा नए रोटरी सत्र की शुरुआत के उपलक्ष्य में 'अन्नपूर्णा दिवस' के रूप में भव्य सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब मनाली के सभी सदस्यों ने वृद्धा आश्रम क्लाथ जाकर भोजन, राशन और फल वितरित किए। अध्यक्ष बनी मीनाक्षी ने कहा कि मनाली में रोटरी परिवार साल भर कई शानदार सामाजिक और जन-कल्याणकारी कार्य करता है। उन्होंने कहा कि वह सचिव अलका सहित समस्त सदस्यों के साथ मिलकर रोटरी क्लब को मजबूती देंगी और सभी वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में समाज सेवा को प्राथमिकता देंगी। उन्होंने बताया कि आज वृद्धा आश्रम क्लाथ में अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अमिता शमशेर ठाकुर सहित अनिला डाबरा, अजय अबरोल, बुद्धि प्रकाश, विनीत मेंहदी रता, जितेंद्र वर्मा अनुराग सूद, प्रेम सिंह, अंशुल नंदा, अभिनव नंदा, भरत खुराना शामिल रहे।

# ब्यास नदी किनारे फोटो-वीडियो खिंचवाना पड़ा भारी, पुलिस ने काटे 9 लोगों के चालान

◆ चेतावनी, लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ अब सीधे होगी कानूनी कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**मनाली।** प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ब्यास नदी का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच चुका है और बहाव अत्यंत तेज व जानलेवा हो गया है। इसके बावजूद कुछ पर्यटक और स्थानीय लोग अपनी जान जोखिम में डालकर नदी के किनारे जाकर फोटो खिंचवाने और रील (वीडियो) बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

इस जानलेवा लापरवाही को देखते हुए अब स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने कड़ा रुख अपना लिया है। पुलिस ने वीरवार को नदी के किनारे हुड़दंग मचाने और नियमों का उल्लंघन करने वाले 9 लापरवाह लोगों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम की धारा 114 और 115 के तहत चालान काटकर सख्त कार्रवाई की है। प्रशासन और मीडिया के माध्यम से लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे नदी-नालों से दूर रहें। इसके बावजूद पर्यटन स्थलों पर नियमों की सरेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। पुलिस विभाग ने साफ कर दिया है कि भविष्य में भी इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।



मनाली में नदी किनारे वीडियो व फोटा खिंचवाते पर्यटकों के चालान काटते हुए पुलिस कर्मी। अनंत ज्ञान

### अपील भी समझें और चेतावनी भी

**डीएसपी** मनाली केडी शर्मा ने आम जनता और पर्यटकों से दोबारा पुरजोर अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। पहाड़ी इलाकों में मौसम का मिजाज पल-पल बदल रहा है, जिससे नदी का जलस्तर अचानक और बढ़ सकता है। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सरकारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें।

# विकास कार्यों को राजनीति से ऊपर उठकर पूरा करे प्रदेश सरकार : रवि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने कहा कि एक बार फिर प्राकृतिक आपदा के कारण उदयपुर मंडल के जाहलमा नाला में भारी जलप्रवाह से वैकल्पिक मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) युद्धस्तर पर राहत एवं बहाली कार्य में जुटा हुआ है। मौके पर एलएनटी, जेसीबी सहित कई भारी मशीनें लगातार कार्य कर रही हैं तथा लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से मार्ग को शीघ्र बहाल करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में राजनीति करने के बजाय बीआरओ का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सीमांत एवं दुर्गम क्षेत्रों में बीआरओ का योगदान अतुलनीय है और संगठन पूरी प्रतिबद्धता के साथ लोगों की सुविधा के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वर्ष




2023 में लोनिवि के माध्यम से लगभग 2.5 करोड़ रुपये की लागत से वैकल्पिक सड़क परियोजना स्वीकृत कराई गई थी, जिसका टोकन बजट भी जारी हो चुका था। यदि उस परियोजना को समय पर आगे बढ़ाया जाता तो आज क्षेत्रवासियों को इस प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश को निरंतर आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है और आवश्यकता इस बात की है कि उस धनराशि का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित कर विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, जिससे जनता को उनका वास्तविक लाभ मिल सके।

## देवदूत बने बीआरओ के जवान, भारी बारिश के बीच इंसानियत की मिसाल

# जेसीबी से महिला मरीज को करवाया उफनता जाहलमा नाला पार

अनंत ज्ञान



जेसीबी के सहारे महिला मरीज व अन्य लोगों को नाला पार करवाते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति में मानसून की शुरुआत के साथ ही आफत का दौर शुरू हो चुका है। भारी बारिश और चुनौतीपूर्ण हालातों के बीच यहां इंसानियत और मुस्तैदी की एक ऐसी दिल छू लेने वाली तस्वीर सामने आई है, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। उफनते जाहलमा नाले के कारण जब एक गंभीर महिला मरीज का अस्पताल पहुंचना नामुमकिन हो गया, तब सीमा सड़क संगठन के जवान देवदूत बनकर सामने आए और अपनी सूझबूझ से महिला की जान बचाई। दरअसल, जिला मुख्यालय केलांग को उदयपुर से जोड़ने वाला मुख्य जाहलमा पुल पहले ही टूट चुका है। इसके बाद से यहां आवाजाही के लिए वैकल्पिक और अस्थायी व्यवस्था की गई थी। लेकिन बुधवार शाम को जाहलमा नाले में पानी का बहाव अचानक बेहद तेज और खतरनाक हो गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीआरओ ने अस्थायी सड़क पर लगाए गए आरसीसी पाइप और पैदल चलने के लिए बनाए गए गार्डर को हटा दिया था, जिससे नाले के आर-पार जाने का रास्ता पूरी तरह ठप हो गया।

### रेफर महिला मरीज के लिए खड़ी हुई 'जानलेवा' चुनौती

**उदयपुर** के शैनूर गांव की रहने वाली महिला शांति देवी के लिए यह बंद रास्ता जिंदगी और मौत का सवाल बन गया। शांति देवी का इलाज सिविल अस्पताल उदयपुर में चल रहा था। उन्हें छाती में संक्रमण था और सांस लेने में भारी तकलीफ हो रही थी। हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के लिए रेफर कर दिया, लेकिन नाले का रौद्र रूप देखकर एम्बुलेंस का आगे जाना असंभव था।

**उफनते पानी के बीच पहुंचाया नाले के दूसरी ओर:** मरीज की गंभीर हालत और खतरे को देखते हुए बीआरओ, स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला। स्थानीय युवक शेखर और अन्य लोगों की मदद से पहले महिला को कंधों और स्ट्रेचर के सहारे नाले के करीब लाया गया। इसके बाद बीआरओ ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर तैनात एलएंडटी (एक्सकेवेटर/जेसीबी) मशीन का इस्तेमाल किया। जवानों ने पूरे एहतियात के साथ बीमार महिला को मशीन के आगे लगे बकेट (लोहे की टोकरी) में सुरक्षित बिठाया और उफनते पानी के बीच से नाले के दूसरी ओर पहुंचा दिया। नाले के पार पहले से ही एक एम्बुलेंस तैयार खड़ी थी, जिसमें शिफ्ट कर महिला को तुरंत कुल्लू रवाना किया गया।

**किसान, बागवान और आम जनता परेशान:** सोशल मीडिया पर बीआरओ की तारीफ जाहलमा नाले में पानी का स्तर बार-बार घटने-बढ़ने के कारण इस समय सबसे ज्यादा परेशानी किसानों, बागवानों और मरीजों को उठानी पड़ रही है। इस बीच, खराब मौसम में किए गए इस जांबाज और अनोखे रेस्क्यू का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग सीमा सड़क संगठन के कर्मचारियों और स्थानीय प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, सूझबूझ और इंसानियत की जमकर सराहना कर रहे हैं।

# जनजातीय समाज के खिलाफ नफरत फैलाने वालों पर हो कार्रवाई : आशीष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** शोषण मुक्ति मंच हिमाचल प्रदेश के राज्य संयोजक आशीष कुमार तथा जिला संयोजक राम चंद्र और नील चंद ने कुल्लू में सोशल मीडिया पर जनजातीय (अनुसूचित जनजाति) समुदाय के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है। आशीष कुमार ने कहा कि यह केवल एक समुदाय का अपमान नहीं, बल्कि संविधान, सामाजिक न्याय और सामाजिक सौहार्द पर सीधा हमला है।

उन्होंने कहा कि कुल्लू क्षेत्रीय अस्पताल में हुई दुखद घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा यदि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन किसी घटना की आड़ में पूरे जनजातीय समाज को गालियां देना, आरक्षण के खिलाफ जहर उगलना और समाज में नफरत फैलाना सामंती और मनुवादी मानसिकता का परिचायक है।

राम चंद्र ने कहा कि मेहनतकश जनता को जाति और जनजाति के आधार पर बांटने की कोशिशें समाज को कमजोर करती हैं और वास्तविक जनसमस्याओं से लोगों का ध्यान भटकाती हैं। ऐसे तत्वों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नील चंद ने कहा कि लाहौल-स्पीति पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किया जाना स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन केवल एफआईआर पर्याप्त नहीं है। दोषियों के खिलाफ एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक कानूनी धाराओं के तहत शीघ्र और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही राज्य सरकार सोशल मीडिया पर जातीय और जनजातीय घृणा फैलाने वालों के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाए।

## ब्रश करते समय पहाड़ी से गिरे पत्थर, एचआरटीसी परिचालक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग:** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से एचआरटीसी के परिचालक ज्ञान सिंह की दर्दनाक मौत हो गई है। मृतक ज्ञान सिंह जिला मंडी की जोगिंद्रनगर तहसील के लडभड़ोल गांव के निवासी थे और एचआरटीसी की बस में परिचालक के रूप में तैनात थे। जानकारी के अनुसार, बस अपने निर्धारित रूट पर थी। सुबह के समय म्याड़ नाला स्थित प्राकृतिक जल स्रोत के पास बस को कुछ देर के लिए रोका गया था। इस दौरान चालक और परिचालक हाथ-मुंह धोने और फ्रेश होने के लिए नीचे उतरे। परिचालक ज्ञान सिंह ब्रश कर रहे थे कि तभी अचानक पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर लुढ़ककर सीधे उनके सिर पर आ गिरा। चोट इतनी गंभीर थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही उदयपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। एचआरटीसी केलंग के क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) अंचित शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण परिचालक ज्ञान सिंह के सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उनका निधन हो गया।

## नेहरू कुंड और बाहंग में शीघ्र शुरू होगा ब्यास नदी का फ्लड प्रोटेक्शन कार्य : भुवनेश्वर गौड़

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली विधानसभा क्षेत्र की सुरक्षा और यहां के लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से स्थाई निजात दिलाने के लिए प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में मनाली के नेहरू कुंड और बाहंग क्षेत्र में व्यास नदी के तट पर शीघ्र ही फ्लड प्रोटेक्शन (बाढ़ नियंत्रण एवं तटबंध) का कार्य शुरू होने जा रहा है।

यह जानकारी मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने प्रेस बयान में दी। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि आगामी मानसून और बरसात के मौसम को देखते हुए ब्यास नदी के जलस्तर में होने वाली वृद्धि से नेहरू कुंड और बाहंग क्षेत्र को सुरक्षित करना बेहद जरूरी है। स्थानीय जनता की जान-माल की सुरक्षा और उनकी संपत्तियों को नदी के कटाव से बचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नेहरू कुंड और बाहंग के रिहायशी इलाकों, कृषि भूमि और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नदी के तीव्र बहाव और कटाव से सुरक्षित किया जाएगा। मानसून की चुनौतियों को देखते हुए इस कार्य को जल्द से जल्द धरातल पर शुरू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।ब्यास नदी के तटीय क्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण से पर्यटन, स्थानीय बुनियादी ढांचे और आवागमन को भी बिना किसी बाधा के सुचारु रखने में मदद मिलेगी। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने क्षेत्र की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि मनाली विधानसभा के हर वर्ग और हर क्षेत्र का समग्र विकास व सुरक्षा सुनिश्चित करना उनका मुख्य संकल्प है।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के धरातल पर उतरने से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और वे सुरक्षित माहौल में रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि नेहरू कुंड और बाहंग में व्यास नदी के किनारे फ्लड प्रोटेक्शन का कार्य शुरू होने से इस पूरे क्षेत्र को एक स्थायी सुरक्षा कवच मिलेगा। तकनीकी बारीकियों को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को बेहद मजबूती के साथ और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

## नग्गर खंड में अस्पतालों में एंटी रैबीज इंजेक्शन की भारी कमी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** नग्गर खंड के अंतर्गत आने वाले सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में एंटी रैबीज इंजेक्शन की भारी कमी से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। पतलीकुहल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नग्गर खंड के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में पिछले कुछ समय से एंटी रैबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को निजी मेडिकल स्टोरों से महंगे दामों पर इंजेक्शन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों और अन्य पशुओं के काटने की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं। ऐसे में सरकारी अस्पतालों में एंटी रैबीज इंजेक्शन उपलब्ध न होना गंभीर चिंता का विषय है। मरीजों और उनके परिजनों को उपचार के लिए निजी दुकानों का रुख करना पड़ रहा है, जहां एक इंजेक्शन के लिए उन्हें काफी अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सरकारी अस्पतालों में जल्द से जल्द एंटी रैबीज इंजेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को समय पर उपचार मिल सके और उन्हें बाजार से महंगे इंजेक्शन खरीदने की मजबूरी न हो। इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) नग्गर डॉक्टर कर्ण ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व एंटी रैबीज इंजेक्शन की मांग विभाग को भेजी गई थी। हालांकि, अभी तक इनकी आपूर्ति नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर इंजेक्शन उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जैसे ही आपूर्ति प्राप्त होगी, नग्गर खंड के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में इन्हें उपलब्ध करवा दिया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग और सरकार से मांग की है कि आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं और इंजेक्शनों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि भविष्य में मरीजों को ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली युवती पर एफआईआर दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो केलांग।** कुल्लू जिला अस्पताल में प्रसव के बाद एक महिला की मौत से शुरू हुआ विवाद अब सोशल मीडिया पर पहुंचकर कानूनी रूप ले चुका है। अस्पताल में हुई इस दुखद घटना के बाद मनाली की रहने वाली एक युवती यशिका ठाकुर को सोशल मीडिया पर टिप्पणी करना बेहद भारी पड़ गया है।

आरोपी युवती ने लाहौल-स्पीति के जनजातीय समुदाय (ट्राइबल कम्युनिटी) और आरक्षण व्यवस्था को लेकर एक कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी का स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद जनजातीय समुदाय में गहरी नाराजगी फैल गई, जिसके बाद लाहौल-स्पीति के उदयपुर थाना में यशिका ठाकुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब आरोपी युवती पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है।

**युवती ने मांगी सार्वजनिक माफी, पुलिस जांच जारी:** सोशल मीडिया पर की गई एक टिप्पणी का स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद लाहौल-स्पीति में विवाद खड़ा हो गया। स्थानीय लोगों के विरोध और पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपी यशिका ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से विवादित टिप्पणी हटा दी और वीडियो जारी कर सार्वजनिक माफी मांगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में महिला की मृत्यु की घटना से वह भावनात्मक रूप से आहत थीं, जिसके कारण आवेश में टिप्पणी कर दी गई, उनका किसी समुदाय को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य नहीं था। इस मामले पर विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाती हैं और सभी को जिम्मेदारी से सोशल मीडिया का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने संवैधानिक अधिकारों और आरक्षण व्यवस्था के ऐतिहासिक महत्व को समझने की अपील की। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और डिजिटल साक्ष्यों की पड़ताल की जा रही है।

### प्रसूता की मौत के बाद डॉक्टर का निलंबन और उपजा तनाव

**यह** पूरा घटनाक्रम 21 जून को कुल्लू अस्पताल में प्रसव के बाद एक महिला की मौत से जुड़ा है। इस घटना के बाद मृतक महिला के परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन पर चिकित्सीय लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया था। मामले की प्रशासनिक जांच के बाद लाहौल-स्पीति की रहने वाली एक महिला डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया, जबकि अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) भी लाहौल-स्पीति से ही संबंध रखते हैं। इसी बीच, कुल्लू की यशिका ठाकुर की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने इस पूरे संवेदनशील मामले को एक नया और विवादास्पद मोड़ दे दिया।

## केंद्र सरकार की नवउदारवादी नीतियों के कारण बढ़ रही असमानता : डॉ. ओंकार



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए पदाधिकारी व सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक पार्टी कार्यालय 'अशोक भवन', लोअर ढालपुर में वरिष्ठ सदस्य कॉमरेड नील चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य सचिवालय सदस्य डॉ. ओंकार शाद और प्रेम गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मौजूदा राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

डॉ. ओंकार शाद ने वैश्विक पूंजीवादी व्यवस्था, अमेरिकी नीतियों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है, जिससे तेल, उर्वरक और खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि नवउदारवादी नीतियों के कारण असमानता बढ़ रही है और श्रमिक वर्ग प्रभावित हो रहा है। उन्होंने श्रम संहिताओं को मजदूर विरोधी बताया तथा पेट्रोलियम व गैस कीमतों में वृद्धि पर चिंता जताई। बैठक में कुल्लू अस्पताल में महिला की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई। बैठक में निर्णय लिया कि जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता को संगठित कर आंदोलन तेज किया जाएगा और वैकल्पिक नीतियों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## रोटरी क्लब कुल्लू ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया 'अन्नपूर्णा दिवस'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नवचेतना स्पेशल स्कूल और चारु फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा नेचर पार्क मौहल में 'रोटरी अन्नपूर्णा दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था की गई, जिसका उन्होंने आनंद लिया। रोटरी क्लब कुल्लू की नवनियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन राजीव सिंह ने बताया कि क्लब हर वर्ष यह दिवस दिव्यांग बच्चों के साथ मनाता है और नवचेतना संस्था के साथ लंबे समय से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों के साथ समय बिताना सभी के लिए प्रेरणादायक अनुभव है। कार्यक्रम में रोटरी आई हॉस्पिटल चेयरमैन रोटेरियन इंदीवर मेहता, महासचिव आकाश बांगा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के साथ नृत्य, खेल और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर उनका उत्साह बढ़ाया और मनोबल मजबूत किया।

## अनदेखी ग्रामीणों ने फिर खुद तैयार किया वैकल्पिक मार्ग, मानसून ने बढ़ाई चिंता

# साल से आश्वासनों का पुल, आज भी नहीं बना स्थायी रास्ता

मोहन कपूर

**पतलीकूहल।** वर्ष 2025 की आपदा में क्षतिग्रस्त हुए कशेरी गांव को जोड़ने वाले एकमात्र पुल का निर्माण आज तक शुरू नहीं हो पाया है। लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद ग्रामीणों को केवल आश्वासन ही मिले हैं। प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, विभागीय अधिकारियों, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और स्थानीय विधायक तक कई बार गुहार लगाने के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्य दिखाई नहीं दे रहा।

अब मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने से गांव के लोगों की चिंता और बढ़ गई है। गत रात हुई बारिश के बाद नाला एक बार फिर उफान पर आ गया, जिससे ग्रामीणों द्वारा पहले बनाया गया वैकल्पिक मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर दोबारा अपने स्तर पर चलने योग्य अस्थायी पुली तैयार की, ताकि गांव का संपर्क पूरी तरह न टूटे। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल अस्थायी व्यवस्था है, जो अगली तेज बारिश में फिर बह सकती है। ऐसे में पिछले वर्ष जैसे हालात दोबारा बनने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीण ईश्वर ठाकुर, हुक्म राम और रतन ने बताया कि उनकी हाल ही में लोक निर्माण विभाग के तकनीकी जेई से बातचीत हुई। जेई ने कहा कि विभाग की ओर से बनाए जा रहे अपार्टमेंट के पास एक गड्ढा अभी तक नहीं भरा गया है। जैसे ही वह कार्य पूरा होगा, दो दिनों के भीतर टीम भेजकर पुल निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा। ईश्वर ठाकुर ने बताया कि पिछले सोमवार को मशीनें और टिप्पर मौके पर पहुंचे भी थे, लेकिन केवल दो दिन आधा-अधूरा काम करने के बाद वापस चले गए। उसके बाद से विभाग की ओर से कोई गतिविधि नहीं हुई ग्रामीणों का कहना है कि अब यह मामला संसाधनों की कमी से अधिक विभागों के बीच आपसी समन्वय की कमी और प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीत होता है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि मौके पर मशीनें पहुंचाकर पुल निर्माण कार्य तत्काल शुरू किया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि विभाग अपनी ओर से किए जाने वाले सभी कार्य पूरे कर चुका है। अब आगे वैली ब्रिज स्थापित करने का कार्य तकनीकी टीम द्वारा किया जाना है। संबंधित स्थान पर आवश्यक गड्ढा भी तैयार कर दिया गया है, ताकि तकनीकी टीम मशीनें लगाकर पुल निर्माण का कार्य शुरू कर सके। एक्सईएन अनूप शर्मा ने आश्वासन दिया कि अगले एक-दो दिनों के भीतर तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर वैली ब्रिज के निर्माण का कार्य शुरू कर देगी।



स्थानीय लोगों द्वारा तैयार किया वैकल्पिक मार्ग।

## कटराईं पंचायत के वार्ड 7 व 8 की ग्राम सभा आयोजित

**अनंत ज्ञान पतलीकूहल।** कटराईं पंचायत के वार्ड नंबर 7 एवं 8 की ग्राम सभा बैठक जमलू देवता सौह बागा में पंचायत प्रधान हुकम चंद ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंचायत उप प्रधान विकास महंत, वार्ड नंबर 7 की सदस्य लक्ष्मी ठाकुर, वार्ड नंबर 8 की सदस्य सुशीला देवी सहित दोनों वार्डों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वार्डों से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों, जन सुविधाओं तथा स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों ने क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं लंबित कार्यों को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी समस्याओं एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन दिया। पंचायत प्रधान हुकम चंद ठाकुर ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों का सहयोग आवश्यक है तथा विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने डॉक्टरों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल, अर्की के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ सरकारी अस्पताल, अर्की का दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अस्पताल में कार्यरत सभी डॉक्टरों को शुभकामना कार्ड भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया तथा उनकी निस्वार्थ सेवा, समर्पण और मानवता के लिए किए जा रहे अमूल्य योगदान की सराहना की। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने डॉक्टरों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अस्पताल के डॉक्टरों ने भी विद्यार्थियों के इस स्नेहपूर्ण और प्रेरणादायक प्रयास की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज के प्रति सम्मान, सेवा भावना तथा कृतज्ञता के संस्कार विकसित करना है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

### बेरल स्कूल में विद्यालय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च पाठशाला बेरल में विद्यालय स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय प्राथमिक पाठशाला बेरल को भी शामिल करते हुए विद्यालय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से 12 सदस्यीय विद्यालय कमेटी का गठन किया गया। गठित कमेटी में कविता शर्मा को अध्यक्ष तथा हिमानी शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही सरला देवी, सुनीता देवी, ममता देवी, मनोहर लाल, प्रकाश चंद, उमापति एवं रंजना देवी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त पंचायत प्रतिनिधित्व और सामाजिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए पंचायत प्रधान बेरल जोगिंदर शर्मा तथा आशा वर्कर अहिल्या देवी को पदेन सदस्य के रूप में कमेटी में सम्मिलित किया गया। विद्यालय के सचिव नरेंद्र कुमार और सहसचिव दीप राम ने सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नई कमेटी विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में यह कमेटी महत्वपूर्ण साबित होगी।

### राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता 9 जुलाई से होंगी : विजय ठाकुर

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य राइफल एसोसिएशन राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता 2026 कंडाघाट उपमंडल के कैंथलीघाट में धनलक्ष्मी फर्नीचर के समीप 9 से 13 जुलाई तक आयोजित करेगी। यह जानकारी इस राज्य एसोसिएशन के प्रबंध सचिव विजय ठाकुर ने दी है। उन्होंने बताया कि इसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन ट्रेप शूटिंग 12 बोर प्रतियोगिता होगी। इसके अतिरिक्त 10 मीटर एयर पिस्टल और राइफल प्रतियोगिता इंदिरा गांधी खेल परिसर में आयोजित होगी। इसी परिसर में प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 14 जुलाई सांय तीन बजे होगा। उन्होंने बताया की प्रतियोगिता के लिए आयु वर्ग अनुसार आठ श्रेणीया बनाई गई हैं। प्रतियोगिता आवेदन शुरू हो गए हैं और इच्छुक निशानेबाज प्रतिभागी सात जुलाई तक आपने आवेदन कर सकते हैं।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित



बैठक की अध्यक्षता करते सांसद सुरेश कश्यप। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान, सोलन। सुरेश कश्यप ने सोलन में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए तथा निर्माण सामग्री की नियमित जांच की जाए। साथ ही उन्होंने सभी योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में 225 कार्य स्वीकृत हुए, जिनमें 198 पूर्ण हो चुके हैं और लगभग 645 करोड़ रुपए खर्च किए गए। आयुष्मान भारत योजना के तहत 88,941 कार्ड बने और 25,981 मरीजों के इलाज पर 34.21 करोड़ रुपए खर्च हुए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 101 योजनाएं स्वीकृत हैं, जिन पर 405 करोड़ रुपये खर्च प्रस्तावित है। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा 7,230 मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए तथा समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं पर लगभग 2 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 259 ग्रामीण और 133 शहरी मकानों की स्वीकृति दी गई है। बैठक में मनरेगा कार्यों को शीघ्र पूरा करने और सांसद निधि से चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई।

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश भाटिया ने विधिवत पदभार संभाला

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पच्छाद पंचायत समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश भाटिया ने विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। बाग पशोग बीडीसी वार्ड के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि लगातार तीसरी बार इसी वार्ड से पंचायत समिति अध्यक्ष चुना गया है। इससे पहले एक बार कांग्रेस समर्थित प्रतिनिधि और अब लगातार दूसरी बार भाजपा का प्रतिनिधि इस पद तक पहुंचा है। इससे बाग पशोग वार्ड का राजनीतिक प्रभाव और भी मजबूत माना जा रहा है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि पंचायत समिति राजनीति का नहीं बल्कि विकास का मंच बनेगी और सभी जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य किया जाएगा।

## सोलन नगर निगम में भाजपा का डबल धमाका, फहराया जीत का परचम

# सुषमा शर्मा बनीं मेयर, गौरव राजपूत चुने गए डिप्टी मेयर

अनंत ज्ञान



**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज करते हुए नगर निगम पर अपना कब्जा कायम कर लिया। भाजपा की मेयर पद की प्रत्याशी सुषमा शर्मा ने कांग्रेस की मीनाक्षी शर्मा को हराकर मेयर पद पर जीत हासिल की, जबकि भाजपा समर्थित निर्दलीय पार्षद गौरव राजपूत डिप्टी मेयर निर्वाचित हुए। मेयर चुनाव में कुल 18 मत पड़े, जिनमें भाजपा की सुषमा शर्मा को 11 वोट मिले, जबकि कांग्रेस की मीनाक्षी शर्मा को 7 वोट प्राप्त हुए। वहीं डिप्टी मेयर चुनाव में भाजपा समर्थित गौरव राजपूत को भी 11 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के नरेन्द्र कुमार को 7 मतों से संतोष करना पड़ा। मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के दौरान स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव को लेकर नगर निगम परिसर में दिनभर राजनीतिक सरगर्मियां बनी रहीं।

गौरतलब है कि नगर निगम चुनाव में भाजपा के 10 पार्षद विजयी हुए थे, जबकि कांग्रेस को 6 सीटें मिली थीं। वार्ड-3 से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीते गौरव राजपूत ने भाजपा का समर्थन किया, जिसके बाद भाजपा का बहुमत मजबूत हो गया। पिछले कई दिनों से मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव को लेकर जारी राजनीतिक अटकलों और सियासी उठापटक के बीच आखिरकार चुनाव संपन्न हुआ और भाजपा ने दोनों प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने जीत का जश्न मनाते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और नारेबाजी की।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह जीत सोलन की जनता के विश्वास और कांग्रेस सरकार की नीतियों के प्रति लोगों की नाराजगी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा नगर निगम में जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति देगी।

## उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित

# मानसून तैयारियों, जनसमस्याओं और बुनियादी सुविधाओं पर जोर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने जिला सिरमौर के नाहन स्थित बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, सिंचाई तथा खेल सुविधाओं से संबंधित मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि ग्राम पंचायत वासनी, पाब तथा शांत सहित आसपास के गांवों में लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए 25 के.वी. क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। मंत्री ने कफोटा एवं शिलाई क्षेत्र में ठोस कचरा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही माजरा स्थित स्पोर्ट्स हॉस्टल के रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य शीघ्र आरंभ करने को कहा।

उन्होंने राजगढ़ मंडल के अंतर्गत धमांदर एवं शालीबाग क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने तथा धमांदर क्षेत्र की उठाऊ सिंचाई योजना का नियमित एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन अधिकार अधिनियम सहित अन्य लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए आवश्यक समितियों के गठन पर भी बल दिया गया।

मंत्री ने मानसून के दृष्टिगत जिला प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को सतर्क रहने और आपात स्थिति में तत्काल राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जन शिकायतों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण पर जोर दिया तथा कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन किया जाएगा। बैठक का संचालन अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एल आर वर्मा ने किया।

## रेणुका में विकास ठप के आरोपों के बीच पंचायत चुनावों में भाजपा की बढ़त

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा जिला सिरमौर ने आरोप लगाया है कि रेणुका विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य ठप होने के कारण कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार को जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में हार का सामना करना पड़ा। भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नारायण सिंह चौहान, बलवीर ठाकुर, प्रताप तोमर, जिला महामंत्री रणवीर ठाकुर, जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा तथा प्रताप सिंह रावत ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के लगभग चार वर्ष पूरे होने वाले हैं, लेकिन रेणुका क्षेत्र में विकास के पहिए थम गए हैं। इसी कारण जनता ने जिला परिषद की तीनों सीटों पर भाजपा को विजयी बनाया और पंचायत समिति संगठाह पर भी भाजपा का कब्जा हुआ।

भाजपा नेताओं ने दावा किया कि पंचायत समिति में कांग्रेस के पास आठ सदस्य और भाजपा के पास सात सदस्य होने के बावजूद भाजपा ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद जीतकर कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका दिया। भाजपा ने नवनिर्वाचित पंचायत समिति अध्यक्ष अनिला चौहान और उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर को बधाई देते हुए सभी पंचायत समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह परिणाम रेणुका क्षेत्र की जनता का कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली और विकास कार्यों के प्रति असंतोष का स्पष्ट संदेश है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

## छात्रा की संदिग्ध मौत किराये के कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिले के राजगढ़ में गुरुवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। राजगढ़ स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली सेजल 15 वर्षीय पुत्री दिनेश कुमार निवासी गांव सरी, चौपाल का शव स्कूल के समीप किराये के कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही राजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सेजल पढ़ाई में काफी होनहार थी और विद्यालय में उसका व्यवहार भी अच्छा बताया जा रहा है। घटना के बाद विद्यालय और क्षेत्र में शोक की लहर है।

## योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश : संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान

**अर्की।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि आमजन तक विकास के लाभ पहुंचाने के लिए योजनाओं को समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने यह बात सोलन जिले के अर्की में जन समस्याएं सुनने के बाद उपस्थित लोगों के साथ बातचीत के दौरान कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि का उपयोग तय समय सीमा में किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ लोगों तक समय पर पहुंच सके। संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग को राहत देने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनमें प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों और दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना जरूरी है ताकि अधिक से अधिक लोग उनका लाभ ले सकें। उन्होंने अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए।

## प्रदेश में हॉर्टी-टूरिज्म को बढ़ावा देने की जरूरत : प्रो. एचएस बवेजा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विवि नौणी के कुलपति प्रो. एचएस बवेजा ने औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी का दौरा किया। उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों से संवाद किया तथा संस्थान की शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों की समीक्षा की। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार भारद्वाज ने शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों के साथ कुलपति का स्वागत किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान उपलब्धियों, प्रसार कार्यक्रमों, आधारभूत संरचना तथा भावी विकास योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रो. बवेजा ने औद्यानिकी, वानिकी, कृषि तथा जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न नई चुनौतियों का प्रभावी समाधान करने के लिए आवश्यकता-आधारित, बहुविषयक, नवाचार-आधारित तथा किसान-केंद्रित अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ऐसे व्यावहारिक एवं टिकाऊ प्रौद्योगिकीय समाधानों के विकास पर विशेष जोर दिया, जो किसानों की आय और आजीविका में सुधार लाने में सहायक हों।

कुलपति ने संसाधनों के प्रभावी सृजन, नवाचार तथा उपलब्ध परिसंपत्तियों के बेहतर उपयोग के माध्यम से विश्वविद्यालय को आत्मनिर्भर संस्थान के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. बवेजा ने औद्यानिकी, पारिस्थितिकी पर्यटन (ईको-टूरिज्म), उद्यमिता तथा अनुभवात्मक शिक्षण के समन्वय से हॉर्टी-टूरिज्म को बढ़ावा देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से आय के स्रोतों में विविधता आएगी, ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा क्षेत्र की समृद्ध बागवानी विरासत को व्यापक पहचान मिलेगी।

## किन्नौर में केवीके समीक्षा, प्रदर्शन आधारित कृषि हस्तांतरण पर जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-अटारी, जोन-1, लुधियाना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. परविंदर शौरीन ने अपने किन्नौर दौरे के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), किन्नौर की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। केवीके का संचालन डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी द्वारा आईसीएआर के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने प्रसार, अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जनजातीय क्षेत्र में कृषि विकास को सुदृढ़ बनाने हेतु चल रही गतिविधियों की प्रगति पर वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के साथ चर्चा की। केवीके प्रमुख डॉ. नीना चौहान ने उन्हें केंद्र की उपलब्धियों, प्रदर्शन कार्यक्रमों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। चितकुल में आयोजित किसान-वैज्ञानिक संवाद में उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों और प्रदर्शन आधारित प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर बल दिया।

## नशा तस्करी पर सोलन पुलिस की कार्रवाई 68.16 लाख रुपए की संदिग्ध राशि फ्रीज

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला पुलिस सोलन ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस अधिनियम के एक मामले में व्यापक वित्तीय जांच के बाद 68,16,521.19 रुपए की संदिग्ध अवैध धनराशि फ्रीज कर दी है। यह कार्रवाई एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के

◆ **हरियाणा-हिमाचल ड्रग नेटवर्क का खुलासा**

तहत की गई है, जिसका उद्देश्य नशा तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ना और उनकी अवैध संपत्तियों पर कानूनी शिकंजा कसना है।

एसपी सोलन एसडी वर्मा ने बताया कि 11-12 अप्रैल 2026 की रात परवाणू थाना क्षेत्र में मोग्लिक्स होटल के पास एक ब्रेजा कार की तलाशी के दौरान 11.45 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) और 3.56 ग्राम मेथामफेटामाइन बरामद हुई थी। इस मामले में हरियाणा निवासी पंकज राज और सिद्धांत गुप्ता को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21 व 29 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान डिजिटल और वित्तीय लेन-देन का विश्लेषण करने पर सामने आया कि दोनों आरोपी लंबे समय से हरियाणा के अमन कुमार से चिट्टा खरीद रहे थे। पुलिस को ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से 1.02 लाख रुपए अमन कुमार के खाते में भेजे जाने के प्रमाण मिले, जिसके आधार पर 15 अप्रैल, 2026 को उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की वित्तीय जांच में पंकज राज के विभिन्न बैंक खातों में 67,55,583.02 रुपए तथा अमन कुमार के खाते में 60,938.17 रुपये जमा पाए गए। प्रथम दृष्टया यह राशि नशा तस्करी से अर्जित अवैध आय प्रतीत होने पर संबंधित बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। जांच में तीनों आरोपियों के तार हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ तथा हिमाचल प्रदेश के सोलन और शिमला में सक्रिय ड्रग नेटवर्क से जुड़े पाए गए। पुलिस के अनुसार अमन कुमार के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट के दो अन्य मामले भी दर्ज हैं। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी नशा तस्करों के बैंक खातों, चल-अचल संपत्तियों और अन्य वित्तीय संसाधनों की पहचान कर उन्हें फ्रीज, कुर्क और जब्त करने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। 
एसडी वर्मा, एसपी, सोलन

## शूलिनी विवि के वीसी प्रो. अतुल खोसला को राष्ट्रीय सम्मान

अनंत ज्ञान



**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. अतुल खोसला को लमीकोनस द्वारा वर्ष 2026 के भारत के टॉप-25 वाइस-चांसलर्स की सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व, नवाचार, शोध और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने वाले शिक्षाविदों को दिया जाता है। प्रो. खोसला के नेतृत्व में शूलिनी यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में भारत की नंबर-1 निजी विश्वविद्यालय का दर्जा मिला है तथा यह वैश्विक टॉप-500 में स्थान बनाने वाली देश की एकमात्र निजी यूनिवर्सिटी बनी है। इसके अलावा, QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 में 'साइटेशन प्रति पेपर' श्रेणी में विश्वविद्यालय एशिया में प्रथम स्थान पर रहा। सम्मान मिलने पर प्रो. खोसला ने इसे शूलिनी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी, शोधकर्ताओं, छात्रों, पूर्व छात्रों और कर्मचारियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य वैश्विक स्तर की शिक्षा, शोध और नवाचार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। प्रो. खोसला शिक्षा जगत के साथ-साथ वैश्विक रणनीतिक सलाहकार के रूप में भी जाने जाते हैं। यह सम्मान भारतीय उच्च शिक्षा में उनके योगदान और शूलिनी यूनिवर्सिटी की बढ़ती वैश्विक पहचान का प्रमाण माना जा रहा है।

## हवन-पूजन के साथ लायंस क्लब सोलन वैली ने नए सत्र 2026-27 का किया शुभारंभ

# तीसरी बार लायंस क्लब के अध्यक्ष बने रामिंदर बावा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** लायंस क्लब सोलन वैली ने नए लायनिस्टिक वर्ष 2026-27 का शुभारंभ हवन-पूजन एवं सेवा कार्यों के संकल्प के साथ किया। 1 जुलाई से शुरू हुए नए सत्र के पहले दिन तीसरी बार क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित हुए रामिंदर बावा ने पदभार संभालते हुए समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। लायंस क्लब सोलन वैली, डिस्ट्रिक्ट 321-2 के अंतर्गत कार्य करता है, जिसका कार्यक्षेत्र शिमला से लेकर दिल्ली तक फैला हुआ है। क्लब के सभी सेवा कार्य डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन उमेश मर्म के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संचालित किए जाएंगे। इस वर्ष का डिस्ट्रिक्ट थीम 'प्रार्थना से प्रेरणा तक' रखा गया है, जिसके अनुरूप क्लब विभिन्न सामाजिक और जनहितकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाएगा।



कार्यक्रम में सम्मानित किए गए शहर के गणमान्य चिकित्सक। अनंत ज्ञान

**नई कार्यकारिणी**
- अध्यक्ष रामिंदर बावा
- सचिव डॉ. रविकांत सूद
- कोषाध्यक्ष शक्ति अवस्थी
- जनसंपर्क अधिकारी विनीत राय सूद

इसके अलावा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं क्लब के अन्य सदस्यों की भी घोषणा की गई। लेडीज विंग का दायित्व कोपला बावा व डॉ. अनीता सूद को सौंपा गया। अध्यक्ष रामिंदर बावा ने कहा कि लायंस क्लब सोलन वैली प्रत्येक वर्ग की सहायता करता रहेगा।

### 25 चिकित्सकों को सम्मानित किया

**राष्ट्रीय** चिकित्सक दिवस के अवसर पर नए सत्र के शुभारंभ पर शहर के 25 से अधिक सरकारी एवं निजी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का भी सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष रामिंदर बावा ने बताया कि वर्षभर साइबर जागरूकता, स्वास्थ्य जांच, रक्तदान, कारगिल विजय दिवस, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा सहयोग, स्कूल विकास, खेल सप्ताह, लंगर सेवा, होम्योपैथिक शिविर, महिला सशक्तिकरण और नशा विरोधी अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत शहर को स्वच्छ-सुंदर बनाने और प्रवेश द्वार पर भव्य वेलकम गेट के निर्माण का प्रयास किया जाएगा।

## डॉक्टर व सीए दिवस पर चार्टर्ड अकाउंटेंट व चिकित्सक सम्मानित



इनर व्हील सोलन मिडटाउन ने सोलन अस्पताल के चिकित्सकों को किया सम्मानित।

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉक्टर दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब सोलन मिडटाउन द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया। क्लब की ओर से चिकित्सकों को इनर व्हील लोगो अंकित टॉवल एवं स्मृति कप भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अस्पताल (महिला) की मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. मोनिका के साथ डॉ. अर्पणा, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. चारू, डॉ. नितिका, निम्बस अस्पताल की डॉ. सुप्रिया अटवाल व डॉ. अनुज और डॉ. धर्मेंद्र को सम्मानित किया गया। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि डॉक्टर अपने अथक परिश्रम और निस्वार्थ सेवा से समाज को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए उनका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इसी क्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर सीए तिलक, सीए वरुण व सीए कमल यादव को भी इनर व्हील लोगो वाली टॉवल एवं स्मृति कप भेंट कर सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### नन्ही आरुषि का धूमधाम से हुआ अन्नप्राशन संस्कार



**अनंत ज्ञान, अंब।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अंब के अंतर्गत नगर परिषद अंब स्थित आंगनबाड़ी केंद्र अंब-5 में वीरवार को नन्ही आरुषि (पुत्री रमन कुमार एवं रेणु बाला) का अन्नप्राशन संस्कार पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमारी की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर आरुषि के परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अन्नप्राशन संस्कार की शुरुआत बच्ची को खीर खिलाकर की गई। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने भी बारी-बारी से आरुषि को अन्नप्राशन कराते हुए उसके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमारी ने बताया कि जब शिशु छह माह का हो जाता है, तब उसे मां के दूध के साथ-साथ बाहरी पूरक आहार की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि इस उम्र में बच्चों को खीर, दाल का पानी, अच्छी तरह मसलकर केला तथा अन्य हल्के एवं पौष्टिक आहार दिए जा सकते हैं। उन्होंने माताओं से अपील की कि वे स्तनपान जारी रखें और इसके साथ-साथ बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक पूरक आहार भी देना शुरू करें।

### जसाना गांव में श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत जसाना के गांव जसाना में स्वर्गीय देवराज शर्मा एवं स्वर्गीय रत्नी देवी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच जारी है। कथा के तृतीय दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा स्थल पर पहुंचकर भगवान श्रीराम के नाम का स्मरण किया तथा कथा व्यास आचार्य सुनील वशिष्ठ के श्रीमुख से पौराणिक प्रसंगों का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया। इस धार्मिक आयोजन का आयोजन स्वर्गीय देवराज शर्मा एवं स्वर्गीय रत्नी देवी के परिवार की ओर से श्रद्धापूर्वक किया जा रहा है।

### हटली में विपिन राणा बने एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मतदान के माध्यम से अपने प्रतिनिधि का चयन किया। मतदान प्रक्रिया के बाद विपिन राणा (स्वीट शॉप हटली) ने अपने प्रतिद्वंद्वी विजय शर्मा को बड़े अंतर से पराजित कर एसएमसी अध्यक्ष का पद हासिल किया। चुनाव में कुल 82 अभिभावकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मत गणना के दौरान एक मत निरस्त पाया गया, जिसके बाद कुल 81 वैध मतों की गणना की गई। इनमें से विपिन राणा को 63 मत प्राप्त हुए, जबकि दूसरे प्रत्याशी विजय शर्मा को 19 मत मिले।

### बंगाणा कॉलेज में पीजी में प्रवेश 6 जुलाई से

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमए (हिंदी), एमए (अंग्रेजी), एमकॉम एवं पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 6 जुलाई से 21 जुलाई, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रथम सेमेस्टर की काउंसलिंग 22 एवं 23 जुलाई को आयोजित की जाएगी, जबकि प्रथम मेरिट सूची 24 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे प्रदर्शित की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 25 से 27 जुलाई तक प्रवेश शुल्क जमा करवाना होगा। इसके उपरांत रिक्त सीटों के लिए द्वितीय मेरिट सूची 28 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे जारी की जाएगी।

# कोटला कला में नालों में गंदगी देख विधायक को आया गुस्सा

## विवेक शर्मा ने लोक निर्माण विभाग को तत्काल सफाई के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में मानसून की दस्तक के साथ ही संभावित जलभराव और बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए विधायक विवेक शर्मा ने सक्रियता दिखाते हुए वीरवार को ग्राम पंचायत कोटला कला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न नालों, पुलियों और जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालों और पुलियों में गंदगी, झाड़ियां और मलबा जमा होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। विधायक विवेक शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मानसून शुरू हो चुका है और ऐसे समय में जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखना विभागों की पहली जिम्मेदारी है। यदि समय रहते नालों और पुलियों की सफाई नहीं की गई तो बारिश के दौरान लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। विधायक विवेक शर्मा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर नालों और पुलियों में गंदगी, झाड़ियां अथवा मलबा जमा है, वहां तुरंत सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि आबादी वाले क्षेत्रों के समीप स्थित सभी नालों की प्राथमिकता के आधार पर सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि बरसात के दौरान पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहने से काम नहीं चलेगा। सभी अधिकारी और कर्मचारी जमीनी स्तर पर उतरकर कार्य करें तथा नियमित रूप से क्षेत्रों का निरीक्षण करें। जहां भी जल निकासी में बाधा दिखाई दे, वहां बिना देरी किए आवश्यक कार्रवाई की जाए।



कोटला कला में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक विवेक शर्मा। ◆अनंत ज्ञान

### मानसून के दौरान पूरी तरह मुस्तैद रहें विभाग

**विधायक** ने कहा कि बारिश के मौसम में छोटी-सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है। इसलिए लोक निर्माण विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों की सूची तैयार कर नियमित निगरानी रखी जाए, जहां भी आवश्यकता हो, वहां तुरंत अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचें।

# गगरेट पंचायत समिति में क्रॉस वोटिंग, कांग्रेस का बना अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

◆ भाजपा को उपाध्यक्ष पद से करना पड़ा संतोष

**गगरेट।** पंचायत समिति गगरेट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में बुधवार को ऐसा अप्रत्याशित राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जिसने सभी राजनीतिक समीकरण उलटकर रख दिए। चुनाव से पहले भाजपा जहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर जीत का दावा कर रही थी, लेकिन मतदान के बाद तस्वीर पूरी तरह बदल गई। अध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित बृजेश डोगरा ने 15 मत हासिल कर एकतरफा जीत दर्ज करते हुए कांग्रेस की प्रतिष्ठा बचा ली, जबकि उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित दीपांशु डडवाल ने 16 मत लेकर शानदार जीत हासिल की। दोनों पदों पर आए विपरीत नतीजों ने साफ कर दिया कि पंचायत समिति में बड़े स्तर पर क्रॉस वोटिंग हुई। शुरुआत में केवल छह सदस्य ही चुनाव स्थल पर पहुंचे, जबकि 14 सदस्य भाजपा द्वारा प्रत्याशी चयन के लिए बुलाई गई बैठक में मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि दो सदस्य मंदिर में माथा टेकने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वे भी भाजपा की बैठक में पहुंच गए। इस घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही विधायक राकेश कालिया स्वयं भाजपा की बैठक में पहुंच गए। उन्होंने भाजपा नेताओं पर दो सदस्यों को जबरन बैठक में ले जाने का आरोप लगाया। हालांकि निर्धारित समय से पांच मिनट पहले सभी 20 सदस्य चुनाव स्थल पर पहुंच गए और नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की ओर से बृजेश डोगरा तथा भाजपा की ओर से राकेश कुमार ने नामांकन दाखिल किया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित दीपांशु डडवाल, कांग्रेस समर्थित अविनाश कुमार के अलावा भाजपा नेत्री बृज बाला सूद और पंचायत समिति सदस्य रेणु ने भी नामांकन पत्र दाखिल कर दिए। नामांकन पत्रों की जांच से ठीक पहले बृज बाला सूद और रेणु ने अपने नाम वापस ले लिए, जिसके बाद उपाध्यक्ष पद पर सीधा मुकाबला दीपांशु डडवाल और अविनाश कुमार के बीच रह गया। दीपांशु डडवाल ने 16–4 के भारी अंतर से जीत दर्ज कर भाजपा की झोली में उपाध्यक्ष पद डाल दिया। वहीं, अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस समर्थित बृजेश डोगरा को 15 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी राकेश कुमार महज पांच मतों पर सिमट गए।

## गगरेट में 60 टन वाले वाहनों से टूट रही चौक की लोहे की शीट

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट कस्बे से पंजाब की ओर तय क्षमता से कई गुना अधिक निर्माण सामग्री लेकर गुजर रहे ओवरलोड टिप्परों ने लोक निर्माण विभाग की चिंता बढ़ा दी है। 20 टन भार क्षमता को ध्यान में रखकर बनाई गई सड़कों पर करीब 60-60 टन बजरी और रेत लादकर दौड़ रहे भारी वाहनों का दबाव अब सड़कों और पुलिया-नालियों पर साफ दिखाई देने लगा है। हालात यह हैं कि गगरेट के मुख्य चौक पर नाली के ऊपर डाली गई लोहे की शीट बार-बार टूट रही है और इससे आम लोगों, विशेषकर दोपहिया व हल्के वाहनों के चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग हर बार क्षतिग्रस्त शीट की मरम्मत करवा रहा है, लेकिन रात को ठीक की गई शीट अगले ही दिन भारी-भरकम टिप्परों के गुजरने से दोबारा क्षतिग्रस्त हो जाती है। लगातार हो रहे नुकसान के बाद अब विभाग ने पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट करने की तैयारी शुरू कर दी है। यह पहली बार नहीं है जब ओवरलोड वाहनों ने विभाग की मुश्किलें बढ़ाई हों। इससे पहले भी गगरेट-दौलतपुर सड़क मार्ग पर तय क्षमता से अधिक वजन वाले वाहनों की आवाजाही के कारण कई पाइप कलवर्ट क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। विभाग को लाखों रुपये खर्च कर उनका दोबारा निर्माण करवाना पड़ा था। इसके बावजूद ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर प्रभावी रोक नहीं लग सकी है।

# रोटरी क्लब ने सम्मानित किए अद्वेता हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल के डॉक्टर्स

अनंत ज्ञान

**ऊना।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऊना द्वारा अद्वेता हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के विभिन्न विभागों में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे चिकित्सकों को सम्मानित कर उनके प्रति समाज की ओर से आभार व्यक्त किया गया। समारोह में अस्पताल के सीएमडी डॉ. हरजिंदर सिंह, एमडी मेडिसिन डॉ. परवीन, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जतिंदर, डॉ. ताहिर भट्ट, डॉ. सुमित दुबे, डॉ. तनुजा, डॉ. आशीष, पैथोलॉजिस्ट डॉ. अमित, डॉ. अभिषेक, डॉ. प्रिंस, डॉ. मोमिन, डॉ. हितेश, डॉ. प्रियांजलि, डॉ. निखिल, डॉ. वैभव, डॉ. अमित तथा डॉ. निखिल सोनखला व सीईओ देसराज जरियाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब ऊना के अध्यक्ष रंजीत जसवाल ने कहा कि चिकित्सक मानवता की सबसे बड़ी सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को धरती पर भगवान का रूप माना जाता है क्योंकि वे अपने ज्ञान, अनुभव और समर्पण से लोगों का जीवन बचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की सेवाएं समाज के लिए अमूल्य हैं और ऐसे समर्पित चिकित्सकों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। अस्पताल के सीएमडी डॉ. हरजिंदर सिंह ने रोटरी क्लब ऊना का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सम्मान चिकित्सकों को और अधिक समर्पण एवं निष्ठा के साथ सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि पूरा चिकित्सकीय दल मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अस्पताल की निदेशक मोनिका सिंह तथा सीईओ देशराज नारियाल ने भी अपने विचार रखे।



## तकनीक से ही सुदृढ़ होगी जल प्रबंधन व्यवस्था : डॉ. अभिषेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली को तकनीक आधारित, अधिक जवाबदेह और जनकेंद्रित बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के क्रम में वीरवार को हरोली में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने की। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य पेयजल, सिंचाई, सीवरेज, जल संरक्षण और बाढ़ प्रबंधन सहित सभी सेवाओं का समयबद्ध, प्रभावी और जनकेंद्रित संचालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने इसके लिए तकनीक आधारित कार्यप्रणाली, नियमित फील्ड मॉनिटरिंग, जवाबदेही और जनभागीदारी को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। प्रधान सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायत किसी भी माध्यम से प्राप्त हो, उसका अधिकतम 10 दिन के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों के साथ व्यवहार संवेदनशील और सकारात्मक हो तथा प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए। बैठक में उपायुक्त जतिन लाल, इंजीनियर-इन-चीफ (प्रोजेक्ट) जल शक्ति विभाग मंडी धर्मेंद्र गिल, इंजीनियर-इन-चीफ अंजू शर्मा, मुख्य अभियंता हमीरपुर जोन रोहित दुबे, मुख्य अभियंता शिमला अनिल मेहता सहित ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर तथा हमीरपुर जोन के अंतर्गत आने वाले मंडी जिले के क्षेत्रों जोगिंदरनगर, धर्मपुर और चौंतड़ा से जल शक्ति विभाग के अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, कंसल्टेंट, पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा विभागीय योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# सम्मान समारोह में भावुक हुई जिला परिषद सदस्य सुरभि ठाकुर

अनंत ज्ञान

गुरुजनों-अभिभावकों का जताया आभार



**ब्यूरो, बिलासपुर।** नम्होल जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित जिला परिषद सदस्य एवं अधिवक्ता सुरभि ठाकुर का उनके पुराने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, रौड़ा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार, गुरुजनों, अभिभावकों और अपने साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सुरभि ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बचपन की यादों से जुड़ा भावनात्मक क्षण था। उन्होंने कहा कि विद्यालय पहुंचने पर अपने पिता की आंखों में गर्व और संतोष देखकर उन्हें अपनी मेहनत सार्थक होती महसूस हुई।

उन्होंने अपने शिक्षकों बिंदु, सुनील, नवीता, प्रमिला और कुसुम का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और अनुशासन ने जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में मिले संस्कार और शिक्षकों का स्नेह उनकी सफलता की मजबूत नींव बने। सुरभि ने अपने छात्र जीवन की सहपाठी बबीता का भी उल्लेख करते हुए कहा कि स्कूल के दिनों से लेकर जिला परिषद चुनाव तक उन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया। उन्होंने इसे सच्ची मित्रता का उदाहरण बताया।

उन्होंने कहा कि जिला परिषद चुनाव में मिली जीत केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि माता-पिता के संस्कार, गुरुजनों के आशीर्वाद और सहयोगियों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करती रहेंगी।

## भ्रष्टाचार, पेपर लीक और नशे पर सख्त कार्रवाई की जरूरत : बालक राम शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश वेटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन बालक राम शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि देश और प्रदेश में भ्रष्टाचार, पेपर लीक की घटनाएं तथा बढ़ते नशे की समस्या गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर सरकारों और समाज को मिलकर प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाएं युवाओं का मनोबल तोड़ती हैं और व्यवस्था पर उनका विश्वास कमजोर करती हैं। साथ ही, नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए भी व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है।

कैप्टन शर्मा ने वरिष्ठ भाजपा नेता शांता कुमार द्वारा भ्रष्टाचार और सार्वजनिक जीवन में नैतिकता को लेकर व्यक्त चिंताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर और प्रभावी कानून लागू किए जाने चाहिए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने के लिए राजनीतिक दलों, सरकारों और समाज को गंभीरता के साथ मिलकर काम करना होगा। युवाओं के हितों की रक्षा, पारदर्शी व्यवस्था और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से ही लोगों का विश्वास मजबूत किया जा सकता है।

# कुल्लू अस्पताल प्रकरण : जांच पूरी होने से पहले डॉक्टर का निलंबन उचित नहीं : डॉ. अजय शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** कुल्लू अस्पताल में 21 जून को सिजेरियन ऑपरेशन के बाद एक प्रसूता की मृत्यु के मामले पर चांदपुर ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि जांच पूरी होने से पहले संबंधित चिकित्सक को निलंबित करना न्यायोचित नहीं है। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अजय शर्मा और महासचिव डॉ. भावना ने जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। हालांकि मामले की जांच अभी जारी है, इसलिए किसी चिकित्सक को दोषी ठहराकर कार्रवाई करना उचित नहीं माना जा सकता।

उन्होंने कहा कि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान कई बार अचानक गंभीर एवं अप्रत्याशित चिकित्सीय जटिलताएं उत्पन्न हो जाती हैं। प्रारंभिक तथ्यों के आधार पर यह मामला पल्मोनरी एम्बोलिज्म अथवा एम्नियोटिक फ्लूइड एम्बोलिज्म जैसी दुर्लभ और अत्यंत गंभीर जटिलता का प्रतीत होता है। ऐसी स्थितियों में कुछ ही क्षणों में प्रसूता की मृत्यु हो सकती है और इसके लिए सीधे तौर पर चिकित्सक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। सोसायटी ने कहा कि प्रसव से जुड़ी ऐसी जटिलताएं चिकित्सा विज्ञान में प्राकृतिक जोखिम के रूप में मानी जाती हैं। ऐसे मामलों में जनदबाव के चलते जांच पूरी होने से पहले चिकित्सक को निलंबित करना एकतरफा कार्रवाई है, जिससे चिकित्सकों का मनोबल प्रभावित होता है और उनकी कार्यक्षमता पर भी नकारात्मक असर पड़ता है।

डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि सरकार ने मामले की जांच के लिए समिति गठित की है। उन्होंने मांग की कि निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों का एक मेडिकल बोर्ड भी गठित किया जाए, ताकि सभी चिकित्सीय तथ्यों का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन हो सके। सोसायटी ने सरकार से आग्रह किया कि जांच पूरी होने तक संबंधित चिकित्सक का निलंबन वापस लिया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष और मेडिकल तथ्यों के आधार पर जांच कराई जाए। उनका कहना है कि बिना पर्याप्त जांच के की गई कार्रवाई से चिकित्सकों में असुरक्षा का माहौल पैदा होता है, जिसका दीर्घकालीन प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ सकता है।

## कार से 0.47 ग्राम हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस चौकी नम्होल की टीम ने 1 जुलाई को एनएच-205 पर कहलूर डायरी के पास नाकाबंदी के दौरान एक क्रेटा कार (एचपी52सी-3592) से 0.47 ग्राम हेरोइन बरामद की। वाहन में सवार दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर तलाशी ली गई। आरोपियों की पहचान पुनीत कुमार उर्फ टिक्कू और नरेंद्र कुमार उर्फ नीशू, दोनों निवासी गांव कोलका, डाकघर दनोघाट, तहसील अर्की, जिला सोलन के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाना बरमाणा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## टनल के पास 4.57 ग्राम हेरोइन के साथ एक दबोचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशा विरोधी अभियान के तहत बिलासपुर पुलिस ने 1 जुलाई की रात मलयावर टनल नंबर-4 के समीप कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के कब्जे से 4.57 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी की पहचान संजीव कुमार (42) पुत्र शेर सिंह, निवासी गांव जवलाना, डाकघर ननावां, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने थाना घुमारवीं में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भराड़ी में दुकान से अवैध देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना भराड़ी की टीम ने 1 जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर झुमेहर में एक दुकान पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान नवीन कुमार पुत्र प्रताप सिंह, निवासी गांव व डाकघर लेहड़ी सरेल, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर की दुकान से संतरा मार्का देसी शराब की सात बोतलें बरामद की गईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गैहरा में साहित्य संगोष्ठी 5 जुलाई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी घुमारवीं के बल्ह चुरानी पंचायत के गैहरा गांव में 5 जुलाई रविवार को होनी तय हुई है। पिछले प्रेस नोट में गलती से और तारीख टाइप हो गई थी। सरस्वती शर्मा पुत्री स्व सिंहनु राम के घर होने वाली संगोष्ठी की अध्यक्षता सुरेंद्र मिन्हास करेंगे, जबकि मंच के संयोजक अमर नाथ धीमान कार्यक्रम का संचालन करेंगे। बैठक में हड़िंबा वेलफेयर सोसायटी बल्ह चुरानी और सरस्वती शर्मा को उनके द्वारा समाज में दी गई समाज सेवाओं के लिए मंच द्वारा सम्मानित किया जाएगा। हरलोग से चार किलोमीटर दूर स्थित गैहरा में होने वाली बैठक के दौरान उपस्थित कलम व कलाकार अपनी नवीनतम रचनाओं से माहौल को रंगीन बनाएंगे। इस संगोष्ठी में गैहरा के आस पास के गुमनाम लेखकों और कवियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है साथ ही स्कूली बच्चों को भी रचानाएं प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा।

## बिलासपुर अस्पताल में दिव्यांगता प्रमाणपत्र शिविर 3 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में दिव्यांगजनों के लिए 3 जुलाई को क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर के न्यू ओपीडी कॉम्प्लेक्स, कक्ष संख्या-203 में दिव्यांगता प्रमाणपत्र हेतु चिकित्सा परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से अंतिम लाभार्थी के परीक्षण तक चलेगा। इसके लिए विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अधिकारियों का जिला मेडिकल डिसेबिलिटी बोर्ड गठित किया गया है। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

## रूप लाल ठाकुर अध्यक्ष व कमला देवी उपाध्यक्ष निर्वाचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्थानीय विधायक रणधीर शर्मा ने इसे जनता के विश्वास, पार्टी नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति पारदर्शिता व विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम करेगी। विधायक ने सभी सदस्यों से दलगत भावना से ऊपर उठकर जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया।

## हिमाचली बेटियों मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में जीते पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश मिनी गोल्फ टीम ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 26 से 30 जून तक आयोजित 11वीं राष्ट्रीय मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में देश के 18 राज्यों की टीमों ने भाग लिया। हिमाचल की महिला खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया। स्पीड प्ले डबल्स इवेंट में शिवानी और उनकी जोड़ीदार शिवानी (पुत्री श्याम लाल) ने उत्कृष्ट तालमेल दिखाते हुए रजत पदक जीता। वहीं, स्टोक इवेंट में शिवानी, शिल्पा, हर्षिका वर्मा, शिवानी (द्वितीय), नितिका और शिफाली सहित खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। हिमाचल प्रदेश मिनी गोल्फ एसोसिएशन के संयोजक दीप चंद शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश में मिनी गोल्फ के बढ़ते स्तर को दर्शाती है और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

# खाद्य सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई

अनंत ज्ञान

◆ निरीक्षण और सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय के बचत भवन में उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बाजारों, होटलों, रेस्तरां, ढाबों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के नियमित व औचक निरीक्षण तेज करने के निर्देश दिए।

उन्होंने दूध, पनीर, मिठाइयों, खाद्य तेल और मसालों की सैंपलिंग बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही एक ही खाद्य तेल के बार-बार उपयोग पर सख्त निगरानी रखने और एफएसएसएआई दिशानिर्देशों के अनुसार इसका तीन बार से अधिक उपयोग न होने देने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि जिले में 7,439 खाद्य व्यवसाय संचालकों का पंजीकरण और 419 लाइसेंस सक्रिय हैं। पिछले आठ महीनों में 75 निरीक्षण, 58 सैंपल जांच और 21 मामलों में 6.86 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## गुरु रविदास मंदिर की भूमि आवंटन की मांग, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री गुरु रविदास सभा बिलासपुर के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सलाहकार एवं पूर्व पार्षद रच्छपाल सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपकर निर्माणाधीन गुरु रविदास मंदिर की भूमि समिति के नाम आवंटित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने जलमग्न पुराने बिलासपुर स्थित मंदिर से जुड़े दस्तावेज भी सौंपे और बताया कि दशकों से भूमि आवंटन का मामला लंबित है। उपायुक्त ने नियमानुसार मामले का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## डीसी ने घाघस स्कूल में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल सरकार के अपना विद्यालय कार्यक्रम के तहत अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओम कांत ठाकुर ने वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घाघस में विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त भारत अभियान तथा चिट्टा जैसे घातक नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और स्वस्थ व अनुशासित युवा ही समाज को सही दिशा दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता अपनाने, संतुलित जीवनशैली जीने और अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया।

# चिट्टा सप्लाई करने वाला तस्कर पंजाब से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चिट्टा (हेरोइन) सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए पंजाब के एक कथित सप्लायर को गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और अन्य की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, 29 जून को गरामोड़ा के पास मोहित कुमार (34) निवासी अपर भियुली, जिला मंडी के कब्जे से 14.01 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था। इस संबंध में थाना स्वारघाट में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच में डिजिटल साक्ष्यों और वित्तीय लेनदेन की पड़ताल के बाद सप्लाई नेटवर्क के पंजाब कनेक्शन का खुलासा हुआ। इसके आधार पर मंडी निवासी निशांत शर्मा (33) को 1 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में जसनप्रीत सिंह (21) निवासी एसबीएस नगर, पंजाब का नाम सामने आया, जिसे पुलिस ने पंजाब में दबिश देकर 2 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया।

# रोहिण पंचायत में विकास को लेकर एकजुट होने का आह्वान

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल ने रोहिण पंचायत का दौरा कर नवनियुक्त पंचायत प्रधान नीरो देवी और अन्य प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने गांव की पलंगरी को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का उद्घाटन भी किया, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बैठक में पंचायत में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जितेंद्र चंदेल ने कहा कि गांव के समग्र विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को मिलकर सामूहिक रूप से काम करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि आवश्यक विकास योजनाओं पर आपसी समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव तैयार किए जाएं, ताकि योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि पंचायत की आवश्यकताओं और विकास योजनाओं को कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी के समक्ष रखा जाएगा, जिससे उन्हें जल्द स्वीकृति मिल सके और क्षेत्र का विकास तेज हो सके।

## टोंग इल मू डो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 5 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर टोंग इल मू डो मार्शल आर्ट एसोसिएशन द्वारा 5 जुलाई को बृज मार्शल आर्ट अकादमी में प्रथम जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में जिलेभर से करीब 70 खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेता खिलाड़ियों को सितंबर में नूरपुर (कांगड़ा) में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों के प्रति प्रेरित करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### मिड-डे मील कार्यकर्ता के लिए मांगे आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। शिक्षा खंड चंबा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला जोत की कोठी में मिड डे मील कार्यकर्ता के रिक्त पद हेतु 6 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र अभ्यर्थी आवश्यक प्रमाण-पत्रों की प्रतियों सहित आवेदन स्कूल प्रबंधन समिति के नाम जमा कर सकते हैं। चयन में बीपीएल, विधवा, परित्यक्ता, अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक तथा स्थानीय स्थायी निवासियों को नियमानुसार प्राथमिकता दी जाएगी।

### धरवाला-कुंडी तुर सड़क पर बजरी से भरा ट्रक पलटा

अनंत ज्ञान, भरमौर। जिला चंबा के धरवाला-कुंडी तुर सड़क मार्ग पर गुरुवार को बजरी से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में पलट गया। हादसे में चालक और परिचालक सुरक्षित बच गए, जबकि ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने सड़क की जर्जर हालत को हादसे का प्रमुख कारण बताते हुए संबंधित विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि लंबे समय से सड़क पर गड्ढे और खराब सतह के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत करवाने की मांग की है।

### नयाग्रां की प्रधान ने डीसी को सौंपा मांगपत्र

अनंत ज्ञान, होली/भरमौर। ग्राम पंचायत नयाग्रां की प्रधान अंजू देवी ने उपायुक्त चंबा को मांगपत्र सौंपकर पंचायत क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की है। मांगपत्र में उन्ना, सुई, थोगी और धुनेड़ गांवों में क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों के कारण बाधित बिजली आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने की मांग की गई है। साथ ही चन्नी पुल के निर्माण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए इसे 31 पंचायतों के लिए महत्वपूर्ण बताया गया है। इसके अलावा धुनेड़ गांव की जर्जर सड़क की मरम्मत, लेक वाई से जालसू तक खच्चर मार्ग के सुधार तथा थिएटर क्षेत्र में पुल निर्माण की मांग भी उठाई गई है। उन्होंने उपायुक्त से संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देने का आग्रह किया।

### बाधित चंबा-तीसा मार्ग का बहाली कार्य जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। जिला चंबा में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बंद पड़े चंबा-तीसा मुख्य मार्ग को यातायात के लिए बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। लोक निर्माण विभाग की मशीनें और कर्मचारी प्रभावित क्षेत्रों में मलबा हटाने में लगातार जुटे हुए हैं। लोक निर्माण विभाग उपमंडल कोटी के सहायक अभियंता संजीव कुमार अत्री ने बताया कि भूस्खलन और मलबा आने से कई स्थानों पर सड़क अवरुद्ध हो गई थी। विभागीय टीमें मौके पर दिन-रात कार्य कर रही हैं ताकि मार्ग को जल्द से जल्द सुचारू किया जा सके। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए पूरी सतर्कता बरती जा रही है और लोगों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें तथा प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। विभाग का लक्ष्य मौसम अनुकूल रहते ही मार्ग को सुरक्षित रूप से बहाल करना है, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

### चीन के प्रस्तावित जातीय एकता कानून का विरोध

अनंत ज्ञान, अजीत सिंह, डलहौजी। डलहौजी के फुंटसोकलिंग स्थित तिब्बती सेटलमेंट में चीन के प्रस्तावित जातीय एकता कानून के खिलाफ विरोध दर्ज किया है। क्षेत्रीय तिब्बती महिला संगठन द्वारा जारी पोस्टर में इस कानून को तिब्बती भाषा, संस्कृति, धर्म और पहचान के लिए गंभीर खतरा बताया गया है। संगठन ने कहा कि किसी भी समुदाय पर जबरन एकता नहीं थोपी जा सकती। उन्होंने मानवाधिकारों के सम्मान, न्याय और स्वतंत्रता की मांग उठाते हुए तिब्बती सांस्कृतिक विरासत की रक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। प्रतिनिधियों का कहना है कि प्रस्तावित कानून अल्पसंख्यक अधिकारों को प्रभावित कर सकता है और उनकी परंपराओं को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की मांग भी की है।

### शिक्षा सुधार के लिए विशेष कक्षाओं की शुरुआत

अनंत ज्ञान, भरमौर। जनजातीय क्षेत्र भरमौर में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए उपमंडल प्रशासन ने नई पहल शुरू की है। एडीएम विकास शर्मा ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरमौर और डाइट के सहयोग से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सुबह और शाम अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इन कक्षाओं की ऑनलाइन निगरानी उपमंडल कार्यालय और डाइट द्वारा की जा रही है, ताकि शिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। विद्यार्थियों की प्रगति के लिए साप्ताहिक परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही हैं, जिससे उनकी कमजोरियों की पहचान कर सुधार किया जा सके।

# ग्रीन टैक्स के विरोध में विधायक डॉ. जनकराज ने सरकार को घेरा

## विधायक ने भरमौर प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजा ज्ञापन

◆ कहा- भरमौर की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा मामला, जनता टैक्स का करेगी पुरजोर विरोध

अनंत ज्ञान



ग्रीन टैक्स के विरोध में ज्ञापन सौंपते विधायक डॉ. जनकराज। ❋अनंत ज्ञान

भरमौर। भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने भरमौर प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार को प्रस्तावित ग्रीन टैक्स के विरोध में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने सरकार के इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए इसे क्षेत्र की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा गंभीर विषय बताया।

विधायक डॉ. जनकराज ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार जनता पर नए-नए टैक्स थोप रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भरमौर जैसे धार्मिक एवं आस्था के केंद्र में ग्रीन टैक्स लागू करना स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने वाला निर्णय है। उन्होंने कहा कि भरमौर की जनता इस प्रस्तावित ग्रीन टैक्स का पुरजोर विरोध करती है और सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। डॉ. जनक राज ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जनभावनाओं की अनदेखी की तो क्षेत्र की जनता लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएगी। विधायक ने कहा कि उन्होंने भरमौर प्रशासन के माध्यम से सरकार तक क्षेत्रवासियों की भावनाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ज्ञापन सौंपा है और उम्मीद जताई कि सरकार जनता की मांग को गंभीरता से लेते हुए इस निर्णय को वापस लेगी।

# लियूडांधार में फंसे सभी 24 श्रद्धालुओं का सफल रेस्क्यू

अनंत ज्ञान



भरमौर। भरमौर उपमंडल के बड़ग्राम पंचायत के भद्रा क्षेत्र स्थित दुर्गम लियूडांधार में फंसे श्रद्धालुओं का रेस्क्यू अभियान बुधवार को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। प्रतिकूल मौसम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद पर्वतारोहण संस्थान की टीम ने सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकालकर बड़ी सफलता हासिल की।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) भरमौर विकास शर्मा ने बताया कि रेस्क्यू अभियान के दौरान कुल 24 श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इनमें 21 श्रद्धालु भरमौर क्षेत्र के थे, जबकि 3 श्रद्धालु अन्य राज्यों से आए हुए थे। उन्होंने बताया कि पर्वतारोहण संस्थान की छह सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने पूरी मुस्तैदी और पेशेवर ढंग से अभियान को अंजाम दिया। अभियान के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम भी आवश्यक सहयोग और आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार एवं उपलब्ध रही, लेकिन पर्वतारोहण संस्थान की टीम ने सभी श्रद्धालुओं का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया। एडीएम विकास शर्मा ने रेस्क्यू अभियान में शामिल सभी अधिकारियों, पर्वतारोहण संस्थान की टीम और सहयोगी एजेंसियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में टीम ने साहस, समर्पण और सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अपील की कि पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा के दौरान मौसम की जानकारी लेकर ही यात्रा करें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# चार दिन से बूंद-बूंद को तरसे खुंदेल पंचायत के दर्जनों गांव

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। विकास खंड मैहला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खुन्देल के दर्जनों गांव पिछले चार दिनों से भीषण पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। जलापूर्ति पूरी तरह ठप होने से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों को पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर स्थित प्राकृतिक जल स्रोतों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पंचायत के वार्ड गुआर के अंतर्गत खबरा, कुठारा, मेणी, कुठेड़, डुग, बणी, चूचली, कुम्लाहड्, गुआर और बतोट सहित कई गांव इस संकट से प्रभावित हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि इंसानों के साथ-साथ मवेशियों, घोड़ा-खच्चर पालकों और भेड़ पालकों के सामने भी पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय अभिभावक अंबिया राम ने बताया कि पेयजल संकट का असर राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट पर भी पड़ा है। विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों के लिए तैयार होने वाला मिड-डे मील भी पर्याप्त पानी उपलब्ध न होने के कारण प्रभावित हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेयजल संकट की समस्या हर तीसरे दिन सामने आ रही है। कई बार संबंधित विभाग को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। स्थानीय निवासी अंबिया राम, सुखदेव, रविंद्र, शक्ति, गुलाम नबी, अमर सिंह, धर्मचंद, सोहनलाल, गंगू, जफो, सतीश, गोधम, चमन लाल, राकेश कुमार, भगत राम, संजू राम, बिशन दास, सन्नी और केवल सहित अन्य ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि पेयजल समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को बार-बार इस परेशानी का सामना न करना पड़े। कनिष्ठ अभियंता महेश्वर ने बताया कि मामला विभाग के संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि विभाग की टीम मौके पर पहुंच रही है और प्रयास रहेगा कि आज शाम 5 बजे से पहले प्रभावित गांवों तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट में पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल कर दी जाए।

## डलहौजी-कोहलाड़ी मार्ग की बदहाली पर ग्रामीणों में रोष चक्का जाम की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान, डलहौजी। डलहौजी-कोहलाड़ी मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा केवल दो किलोमीटर सड़क पर तारकोल बिछाए जाने से करेलनू गांव के ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शेष सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो विभाग के खिलाफ चक्का जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग पिछले लगभग 20 वर्षों से बदहाल है और जगह-जगह पक्के फट कर गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बारिश के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पहले भी आश्वासन दिए गए थे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग केवल खानापूर्ति कर रहा है और अब उनका सब्र टूट चुका है। गौरतलब है कि 26 लाख रुपए की लागत से केवल दो किलोमीटर सड़क पर तारकोल बिछाई गई है, जबकि शेष कार्य लंबित है, जिससे लोगों में गहरा आक्रोश है।

# बारिश से डंगा ढहने से चूड़ी स्कूल भवन में पड़ीं दरारें, मासूमों की जान पर मंडराया खतरा

अनंत ज्ञान



चूड़ी। शिक्षा खंड मैहला के अंतर्गत आने वाली राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला चूड़ी के सामने स्थित सुरक्षा डंगा लगातार हो रही बारिश के कारण ढह गया है। डंगा गिरने से विद्यालय के भवन में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं, जिससे भवन की मजबूती और विद्यार्थियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

विद्यालय में अध्ययनरत छोटे-छोटे बच्चों और शिक्षकों की जान पर खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा एवं मरम्मत कार्य नहीं करवाया गया, तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष लखन सिंह, ग्राम सुधार सभा समिति चूड़ी के अध्यक्ष संजय ठाकुर तथा ग्राम पंचायत लोथल के उपप्रधान विक्रांत ठाकुर ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि विद्यालय परिसर का शीघ्र निरीक्षण करवाकर गिरे हुए सुरक्षा डंगे का प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्माण कराया जाए तथा क्षतिग्रस्त भवन को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। प्रशासन और संबंधित विभागों को बिना देरी किए प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके तथा भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# हरियाणा में 20 जुलाई से शुरू होंगी अग्निवीर भर्ती रैलियां

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। हरियाणा में 'अग्निपथ योजना' के तहत भारतीय सेना की भर्ती प्रक्रिया को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राज्य में 20 जुलाई से अग्निवीर भर्ती रैलियां शुरू होंगी, जो जनवरी-मार्च 2027 तक चार चरणों में विभिन्न जिलों में आयोजित की जाएंगी।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी विभागों को सेना के साथ समन्वय स्थापित कर भर्ती प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्ती रैलियों के दौरान अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने भर्ती स्थलों की तैयारी, अभ्यर्थियों एवं सेना अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, यातायात नियंत्रण, परिवहन, पेयजल, स्वच्छता, निर्बाध बिजली आपूर्ति, चिकित्सा सुविधाएं, एम्बुलेंस और अग्नि सुरक्षा जैसी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उपायुक्तों को व्यक्तिगत रूप से तैयारियों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अम्बाला स्थित जोनल भर्ती कार्यालय के उप-महानिदेशक ब्रिगेडियर आर.एस. चिब ने भर्ती रैलियों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पहली रैली 20 से 27 जुलाई तक रोहतक में होगी, जिसमें झज्जर, पानीपत, रोहतक और सोनीपत जिलों के अभ्यर्थी भाग लेंगे।

दूसरी रैली 2 से 18 सितंबर तक भिवानी में आयोजित की जाएगी, जिसमें भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी के अभ्यर्थी शामिल होंगे। तीसरी रैली 12 से 25 अक्टूबर तक अंबाला में होगी, जिसमें अंबाला, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, यमुनानगर और चंडीगढ़ के उम्मीदवार भाग लेंगे। अंतिम चरण की रैली जनवरी से मार्च 2027 के बीच हिसार में आयोजित की जाएगी, जिसमें हिसार, हांसी, जींद, फतेहाबाद और सिरसा जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए भी कई नई पहल की हैं। सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि अग्निवीरों का डिजिटल डाटाबेस तैयार करने के लिए एक समर्पित पोर्टल विकसित किया जाए। इस पोर्टल पर अग्निवीरों की योग्यता, कौशल, प्रशिक्षण और अनुभव का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा, जिससे उन्हें आगे रोजगार के अवसर मिल सकें।

## हिसार में 53 किलो डोडा पोस्त बरामद

अनंत ज्ञान, हिसार। हिसार पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 53 किलो 240 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल एक स्विफ्ट कार को भी जब्त कर लिया है। इस मामले में अर्बन एस्टेट थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम एनएच-09 पर रायपुर रेलवे पुल के पास गश्त पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक सफेद स्विफ्ट कार में तीन युवक भारी मात्रा में डोडा पोस्त लेकर हिसार की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने रायपुर चौक के पास नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध कार को सड़क किनारे खड़ा पाया गया। पुलिस को देखते ही उसमें सवार तीनों युवक वाहन छोड़कर खेतों की ओर फरार हो गए। तलाशी के दौरान कार से तीन प्लास्टिक कट्टों में कुल 53 किलो 240 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। इसमें अलग-अलग कट्टों में 20 किलो 300 ग्राम, 17 किलो 320 ग्राम और 15 किलो 620 ग्राम डोडा पोस्त शामिल था। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ और वाहन को कब्जे में लेकर सील कर दिया है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

# सेक्टर 20 और 30 की जनसमस्याओं पर नरेश अरोड़ा ने मेयर से की चर्चा

अनंत ज्ञान



चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा ने आज चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी से भेंट कर वार्ड 18 सेक्टर-20 एवं सेक्टर-30 के नागरिकों की लंबे समय से लंबित जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सेक्टर-30 में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट तथा नगर निगम से संबंधित अन्य समस्याओं को साथ-साथ सेक्टर-20 की विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से मेयर के समक्ष रखा गया। नरेश अरोड़ा ने क्षेत्रवासियों की ओर से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आग्रह किया।

मेयर सौरभ जोशी ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने तथा जनहित से जुड़े इन मुद्दों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाती रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मेयर एवं नगर निगम प्रशासन के सहयोग से सेक्टर-20 और सेक्टर-30 के नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि वे जनहित के मुद्दों को लगातार प्रशासन के समक्ष उठाते रहेंगे और उनके समाधान तक संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखेंगे।

# एचटेट परीक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

◆ परीक्षा केंद्रों पर दो बार होगी जांच

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। राज्य में 4 और 5 जुलाई को होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए हरियाणा पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, दोहरी फ्रिस्किंग और बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

डीजीपी अजय सिंघल ने सभी पुलिस आयुक्तों और जिला पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि नकल, अफवाह फैलाने या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने के किसी भी प्रयास पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास डायल-112 और पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। संवेदनशील केंद्रों पर महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस ने नकल माफिया पर नजर रखने के लिए खुफिया तंत्र को सक्रिय किया है। साथ ही कोचिंग सेंटर, होटल, लॉज, साइबर कैफे और अन्य संदिग्ध स्थानों की जांच की जाएगी। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं पर पूरी तरह रोक रहेगी। प्रशासन ने साफ किया है कि परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित माहौल में कराई जाएगी।

# टीबी मुक्त भारत: हरियाणा का निक्षय मित्र पंजीकरण में देश में दूसरा स्थान

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री के 'टीबी मुक्त भारत' संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से साकार करने की दिशा में हरियाणा ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 'टीबी मुक्त भारत ऐप' पर 32 हजार से अधिक पंजीकरण के साथ प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रदेशवासियों से 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी मरीजों को गोद लेने तथा उन्हें पोषण, उपचार और मानसिक-सामाजिक सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया है स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित यह डिजिटल प्लेटफॉर्म मरीजों, स्वयंसेवकों, निक्षय मित्रों और स्वास्थ्य विभाग को एक मंच पर जोड़कर टीबी उन्मूलन अभियान को नई गति दे रहा है तथा हरियाणा को देश का पहला टीबी मुक्त राज्य बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। आरती सिंह राव ने बताया कि इस ऐप पर हरियाणा के 22,266 स्वयंसेवकों ने मरीजों को भोजन की टोकरी (पोषण किट) के वितरण और मानसिक-सामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए पंजीकरण कराया है, जबकि 1,997 नए निक्षय मित्रों ने मरीजों को गोद लेने और उन्हें पोषण संबंधी व नैदानिक सहायता देने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

आरती सिंह राव ने बताया कि स्वयंसेवक भोजन के पैकेटों के भौतिक वितरण की जिम्मेदारी उठा सकते हैं और पूरी पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डिलीवरी के समय जियो-टैग (स्थान की जानकारी युक्त) और टाइम-स्टैम्प (समय की जानकारी युक्त) वाली तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं। नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा के मिशन निदेशक डॉ. आर एस ढिल्लों ने बताया कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों जैसे एसटीएस, एसटीएलएस टीबीएचवी और सीएचओ को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया है ताकि वे मरीजों के मोबाइल में एप डाउनलोड करवाकर उनके दैनिक दवा रिमाइंडर को सेट करने में मदद कर सकें। उन्होंने लोगों से टीबी के लक्षणों के प्रति जागरूक रहने और निक्षय मित्र बनकर इस सामाजिक कार्य में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया है।

## हेरोइन तस्करी में दो और आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, यमुनानगर। यमुनानगर पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए थे। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ पहले से भी नशा तस्करी के कई मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि 22 जून 2025 को पुलिस ने एक किलो 200 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए आंकी गई थी। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह खेप पुराना हमीदा निवासी अमानत और सलामत तक पहुंचाने आया था। इसके आधार पर पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों नर्सरी का व्यवसाय करते हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी करीब दो महीने पहले ही जमानत पर जेल से रिहा हुए थे और इनके खिलाफ पहले से नशा तस्करी से जुड़े कई मामले लंबित हैं। अब तक इस मामले में कुल चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# भारतीय स्टेट बैंक ने चंडीगढ़ में धूमधाम से मनाया बैंक दिवस

अनंत ज्ञान




चंडीगढ़। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), चंडीगढ़ मंडल ने 71वें बैंक दिवस के अवसर पर टैगोर थिएटर, सेक्टर-18, चंडीगढ़ में मंडल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर इस गौरवपूर्ण अवसर को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों, ग्राहकों, बैंक के कर्मचारियों, सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने सहभागिता कर बैंक की सात दशकों से अधिक की गौरवशाली यात्रा का उत्सव मनाया। श्री अमरेश कुमार झा, मुख्य महाप्रबंधक, चंडीगढ़ मंडल, ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में कर्मचारियों ने देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सांस्कृतिक विविधता को लोक नृत्य, गीत, कव्वाली, वाद्य प्रस्तुतियों, काव्य पाठ तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों ने चंडीगढ़ मंडल की सांस्कृतिक समृद्धि एवं कर्मचारियों की बहुमुखी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

71वें बैंक दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित 'ग्रोइंग अप विद एसबीआई' प्रतियोगिता में विजेता रहे कर्मचारियों के बच्चों को अमरेश कुमार झा, मुख्य महाप्रबंधक, चंडीगढ़ मंडल द्वारा उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

अमरेश कुमार झा ने एसबीआई की विश्वास, ग्राहक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए बैंक की नवाचार, वित्तीय समावेशन एवं ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कार्यक्रम के प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे 'कस्टमर फर्स्ट, डिजिटल फर्स्ट, नेशन ऑलवेज' के मंत्र को आत्मसात करते हुए सत्यनिष्ठा, उत्कृष्टता एवं टीम भावना के साथ कार्य करते रहें।

कार्यक्रम का समापन उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसने कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के बीच आपसी सौहार्द, एकता और अपनत्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

# फरीदाबाद में पुलिस को सूचना देने के शक पर आरोपियों ने युवक को कुचला

अनंत ज्ञान

फरीदाबाद। फरीदाबाद में सीआईए से बचकर भाग रहे स्कॉर्पियो सवार आरोपियों ने एक युवक को कुचल दिया। आरोपियों ने युवक को मारने के लिए करीब 200 मीटर तक उसका पीछा किया। जब युवक सड़क क्रॉस कर भागने लगा तो आरोपियों ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही आरोपी कई फीट दूर जाकर गिरा।

आरोपियों ने टक्कर मारकर पास के ही एक मकान की दीवार भी गिरा दी। घटना में युवक को गंभीर चोटें लगीं हैं। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी स्कॉर्पियो सवारों का शक था कि पीड़ित ने सीआईए को उनके ठिकाने की सूचना दी है। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें आरोपी युवक को टक्कर मारते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल यमुनानगर सीआईए की टीम चोरी के एक मामले में बुधवार को धौज निवासी परवेज तालिम को पकड़ने के लिए फरीदाबाद आई थी। आरोपी को पहले से ही टीम के आने की भनक लग गई। इसके बाद आरोपी अपने एक साथी के साथ ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया।

पुलिस टीम ने आरोपी की गाड़ी का पीछा भी किया, मगर आरोपी उनको चकमा देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि इसके बाद आरोपी गाड़ी लेकर सीधा सिरोही गांव पहुंचा। यहां उसने नफीस के घर में घुसकर गाली-गलौज की। परवेज को शक था कि नफीस ने ही उसके बारे में सीआईए को जानकारी दी है। कुछ ही देर बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष हंगामा करते-करते खेतों की तरफ आ गए। इसके बाद आरोपी ने नफीस को कुचलने के लिए उसके पीछे गाड़ी दौड़ा दी। गाड़ी की टक्कर लगते ही नफीस दूर जाकर गिरा। उसके गंभीर चोटें लगीं हैं। परिजनों और आसपास के लोगों ने उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।

# कर्तव्यनिष्ठ जांबाजों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड





































